

नई दिल्ली

शुक्रवार 5 जून 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 30, अंक : 47

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 27

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

विश्व पर्यावरण दिवस




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं के लिए दी इस बड़े बदलाव को मंजूरी जारी किया संशोधित प्रत्यायोजन

# फील्ड कमांडरों की वित्तीय शक्तियों में दोगुनी बढ़ोतरी, तेजी से होंगे रक्षा सौदे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की निकट सीमाओं से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी संघर्षों के जटिल दौर में आने वाले समय में भारत में रक्षा क्षेत्र को और अधिक मजबूती मिलेगी। पहले के मुकाबले रक्षा समझौते और परियोजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से होगा।

क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) के फील्ड कमांडरों की वित्तीय शक्तियों में दोगुना यानी 100% तक की बढ़ोतरी (संशोधित प्रत्यायोजन) को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसके बाद 1.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की खरीद में मदद मिलेगी। जबकि कुछ मामलों में यह वृद्धि 100% से भी ज्यादा रहेगी। कुल मिलाकर इस पूरी कवायद से सैन्य कमांडरों की परिचालन क्षमता में इजाफा होगा।



### इस क्षेत्रों से है बदलावों का संबंध

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कमांडरों के वित्तीय अधिकारों में किए गए इन बदलावों का संबंध चिकित्सा, निर्माण परियोजनाओं और रक्षा सेवाओं से जुड़ा हुआ है। जिसमें चालू वित्त वर्ष के बजटीय आवंटन के जरिए राजस्व मार्ग से 1.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की खरीद में मदद मिलेगी। मेक इन अभियान के जरिए आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और आयात को लेकर दुनिया के बाकी देशों में मौजूद वास्तविक हथियार निर्माता कंपनी (ओईएम) पर बनी हुई निर्भरता में कमी देखने को मिलेगी।

### तीनों सेनाओं में बढ़ेगा एकीकरण

इस बदलाव को मंत्रालय उल्लेखनीय वृद्धि के रूप में देखता है। जिसमें तत्काल परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रदान की गई कुल सीमा में शत-प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा उच्चतर अधिकार क्षेत्र के साथ अग्रणी सेवा द्वारा संयुक्त सेवा खरीद को बढ़ावा देने के लिए नए प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। वस्तुओं और सेवाओं की खरीद को विकेंद्रीकृत करने के लिए कई नए सक्षम वित्तीय प्राधिकरणों की स्थापना की गई है।

### पूर्व में 2021 में अधिसूचित हुई शक्तियां

वित्तीय शक्तियों को पहले वर्ष 2021 में अधिसूचित किया गया था। मौजूदा बदलाव के पीछे की बड़ी वजह सैन्य बलों की संख्या में विस्तार, बजट आवंटन में वृद्धि के मुकाबले परिचालन और रखरखाव पर बढ़ते व्यय को पूरा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रक्षा मंत्री संग रही इनकी मौजूदगी

संशोधित प्रत्यायोजन को जारी करते वक्त रक्षा मंत्री के अलावा प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस.राजा सुब्रमणि, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन, ▶▶ शेष पेज 5 पर

ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक साझेदारी के लिए भारत और वेनेजुएला ने जताया संकल्प

# भारत सस्ते दाम पर दुनिया में कहीं से भी तेल खरीदने की अपनी नीति पर कायम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया और मध्य-पूर्व में बने हुए युद्ध के चुनौतीपूर्ण हालातों के बीच भारत द्वारा की जा रही कच्चे-तेल की खरीद को लेकर उसकी नीति बिलकुल साफ है। जिसके तहत दुनिया में जहां कहीं से भी सस्ते दाम पर तेल मिलेगा, नई दिल्ली उसकी खरीद करेगी।

क्योंकि देश के आम उपभोक्ताओं की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के बीच गुरुवार को राजधानी में हुई द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में भी विस्तार से चर्चा की गई है। इस दौरान हालांकि दोनों देशों के बीच किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। लेकिन भारत और वेनेजुएला के शीर्ष नेताओं ने ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक साझेदारी को लेकर मजबूती के साथ अपनी सहमति प्रदान की है। यह जानकारी बैठक के बाद आयोजित ▶▶ शेष पेज 5 पर

*प्रधानमंत्री मोदी और वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगेज के बीच हुई बैठक से निकला यह निष्कर्ष*



### ग्लोबल साउथ को जारी रहेगा सहयोग

वार्ता में दोनों देशों के आपसी संबंधों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों जैसे ऊर्जा व्यापार, खनन (जटिल खनिज, दुलर्भ पृथ्वी तत्व का मुद्दा शामिल) पशुपालन, यातायात, आर्थिक, फार्मास्युटिकल्स, कृषि उपकरण और ऑटोमोबाइल में भागीदारी को और अधिक मजबूत बनाने के उपायों, नई संभावनाओं को तलाशने के मुद्दे पर चर्चा की गई। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विचार-विमर्श किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से ग्लोबल साउथ के देशों के हितों से जुड़े मुद्दों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती ▶▶ शेष पेज 5 पर

### क्षमता का आकलन करेंगी राष्ट्रपति डेल्सी

वेनेजुएला की राष्ट्रपति की स्वदेश यात्रा में हालांकि कोई समझौता नहीं होगा। लेकिन इस दौरान वह देश में मौजूद ऊर्जा, फार्मास्युटिकल्स सहित अन्य क्षेत्रों की इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर अनुभव प्राप्त करेंगी। जिससे उन्हें भारत की औद्योगिक ताकत और तकनीकी क्षमता को समझने में मदद मिलेगी। लेकिन इसमें भी कोई शक नहीं है कि हम उनके साथ आर्थिक साझेदारी को मजबूत बनाना चाहते हैं। बैठक में दुर्लभ खनिजों के साथ समूचे खनन क्षेत्र पर चर्चा हुई है। वेनेजुएला संसाधनों से परिपूर्ण देश है, जहां दुर्लभ खनिजों के अलावा सोना, हीरा भी बड़ी तादाद में है। ब्रिक्स में वेनेजुएला को शामिल करने का मामला ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत, पसंदीदा ऊर्जा साझेदार

एक प्रश्न के जवाब में रुद्रेंद्र टंडन ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में संकट के बीच भारत बाकी दुनिया की तरह तेजी के साथ अपने ऊर्जा संसाधनों में विविधता लाने की कोशिश कर रहा है। पीएम मोदी के साथ बैठक में वेनेजुएला की राष्ट्रपति और उनके मंत्रिमंडल के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बैठक में उठा ओएनजीसी लाभांश का मुद्दा

टंडन ने बताया, बैठक में ओएनजीसी (विदेश) से जुड़े 500 मिलियन डॉलर के लाभांश के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। पूर्व में भी इस मामले पर कई बार चर्चा हो चुकी है। यह हमारे देश यानी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी का पैसा है। जिसे लेकर वेनेजुएला बेहद संवेदनशील है। फार्मास्युटिकल्स के मामले पर दोनों नेताओं के बीच ▶▶ शेष पेज 5 पर

राजस्थान ने अल्का गुर्जर और मध्यप्रदेश से रजनीश अग्रवाल का नाम भी लिस्ट में शामिल

# सतीश पूनिया और तरुण चुघ जाएंगे राज्यसभा भाजपा ने 11 उम्मीदवारों की सूची जारी की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**गुजरात से राजूभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा, मानसिंह परमार और जितेंद्र मेघजीभाई कंजारिया को उम्मीदवार बनाया**

भाजपा ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने हरियाणा भाजपा के प्रभारी सतीश पूनिया और राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ को राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। उम्मीदवारों की सूची में गुजरात से 4, मध्य प्रदेश और राजस्थान से 2-2, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर से 1-1 जबकि ओडिशा राज्यसभा उपचुनाव के लिए एक उम्मीदवार शामिल है।

मध्य प्रदेश की दो राज्यसभा सीटों के लिए भाजपा ने राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया है। तरुण चुघ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं। पंजाब के अमृतसर जिले से ताल्लुक रखने वाले तरुण चुघ ने मानव संसाधन में एमबीए की डिग्री हासिल की है। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से की थी। वहीं रजनीश अग्रवाल एमपी भाजपा में प्रदेश मंत्री हैं।

भाजपा ने राजस्थान से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया और डॉ. अलका गुर्जर को टिकट दिया गया है। गुजरात की चार सीटों पर राजूभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा, मानसिंह परमार और जितेंद्र मेघजीभाई कंजारिया को उम्मीदवार बनाया गया है। अरुणाचल प्रदेश से ताई तागक और मणिपुर से ए. शारदा देवी को टिकट मिला है। ओडिशा में राज्यसभा की खाली सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी ने देवाशीष सामंतराय को उम्मीदवार घोषित किया है। यह सीट उपचुनाव के जरिए भरी जाएगी।

इससे पहले चुनाव आयोग ने दस राज्यों की राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनावों का कार्यक्रम घोषित किया था। पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा, केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन और रवनीत सिंह सहित कई सदस्य अगले महीने अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक में चार-चार सीटें, राजस्थान और मध्य प्रदेश में तीन सीटें, झारखंड में दो सीटें और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में एक-एक सीट रिक्त होंगी।

आयोग के अनुसार, मतदान 18 जून को होगा। मतगणना भी उसी दिन होगी। आयोग ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। ये सीटें महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजीत पवार और एआईएडीएमके सांसद सी. वी. शनमुगम के राज्य विधानसभा के लिए हाल ही में निर्वाचित होने के बाद खाली हुई हैं। उपचुनाव भी 18 जून को होगा।


LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

इस तस्वीर में एलआईसी एजेंट को पहचानिए



आप नहीं पहचान पाएंगे
क्योंकि वह आपके परिवार में से ही कोई एक है...

हमारे एजेंट से आज ही संपर्क करे, जो आपका पारिवारिक मित्र है, और विचार विमर्श करें कि जीवन बीमा आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति और नियोजित रिटायरमेंट को पूरा करने में कैसे मददगार हो सकता है।

LIC/P1/2025-26/34/Hin

क्यूआर कोड स्कैन करें और डाउनलोड करें My LIC App
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512


सीमा विवाद पर संबंधों में आई तल्खी के बीच

# आज से भारत की यात्रा पर नेपाल के विदेश मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के विवादित बयान, लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी जैसे सीमाई क्षेत्रों पर दावे को लेकर संबंधों में बनी हुई तल्खी के बीच नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल शुक्रवार से भारत की तीन दिवसीय (5 से 7 जून तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने आमंत्रित किया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दोनों विदेश मंत्रियों के बीच होगी बैठक

नेपाल सरकार द्वारा जारी किए गए बयान के मुताबिक, इस यात्रा के दौरान नेपाल के विदेश मंत्री की भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ एक द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के साझा हितों से जुड़े हुए विभिन्न मामलों पर चर्चा ▶▶ शेष पेज 5 पर

इस साल दिसंबर तक

# 75 लाख घरों में रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य : प्रह्लाद जोशी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने 'पीएम सूर्य घर' का लोगो और व्हाट्सएप बॉट लॉन्च किया**



केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को आयोजित 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के दो सालः 1 करोड़ छतों तक सोलर होम का विस्तार' कार्यक्रम के दौरान एक बातचीत में हिस्सा लेते हुए कहा, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने 2 साल के भीतर ही 40 लाख घरों का आंकड़ा पार कर लिया है, और मुझे उम्मीद है कि दिसंबर 2026 तक हम 75 लाख घरों का आंकड़ा भी पार कर लेंगे।"जोशी ने कहा कि यूटिलिटी-लिंक्ड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल को ▶▶ शेष पेज 5 पर

**खराब मौसम की वजह से पौड़ी नहीं पहुंच पाए लोकसभा में विपक्ष के नेता**

जवान देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करता है

# अग्निवीर योजना सैनिकों और सरकार के बीच पवित्र रिश्ते को तोड़ती है : राहुल गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए अग्निवीर योजना पर तीखा हमला बोला। खराब मौसम के कारण कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच पाने पर उन्होंने पूर्व सैनिकों से क्षमा मांगी और कहा कि सरकार तथा सैनिकों के बीच एक ₹पवित्र और अलिखित समझौता₹ होता है, जिसे अग्निवीर



योजना ने तोड़ दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि सेना में शामिल होने वाला प्रत्येक जवान देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करता है और बदले में सरकार की जिम्मेदारी होती है कि वह उसके तथा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे आज भरेंगे राज्यसभा का नामांकन, राहुल गांधी रहेंगे मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार, आज बेंगलुरु पहुंचेंगे, जहां वह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राज्यसभा नामांकन के दौरान उनके साथ मौजूद रहेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार यह दौरा केवल नामांकन तक सीमित नहीं होगा, बल्कि कर्नाटक में हाल ही में हुए बड़े राजनीतिक बदलावों के बाद पार्टी की भावी रणनीति पर भी महत्वपूर्ण चर्चा होने की संभावना है। कर्नाटक ▶▶ शेष पेज 5 पर

## होटल अग्निकांड के बाद इलाके में डर और शोक का माहौल, मैनेजर की तलाश में जुटी पुलिस

# साकेत कोर्ट ने सह मालिक लवकेश बजाज को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

- आसपास के होटल प्रशासन द्वारा करवाये गये बंद, गेस्ट हुये रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मालवीय नगर के हौजरानी इलाके में फ्लोरिश स्टेज होटल में बुधवार को लगी भीषण आग के एक दिन बाद इलाके में डर और शोक का माहौल नजर आया। प्रशासन के दावों और सुरक्षा मानकों की पोल खोलने वाली इस दर्दनाक और वीभत्स घटना का असली जिम्मेदार माने जा रहे होटल मैनेजर जय मिश्रा को पुलिस गुरुवार शाम तक गिरफ्तार नहीं कर पाई थी। उधर होटल के सह-मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर साकेत कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

होटल मालिक लवकेश बजाज ने पुलिस को बताया कि पूरा मैनेजमेंट और लाइसेंस फरार मैनेजर जय मिश्रा के नाम पर ही था। जय मिश्रा ने ही नियमों के विपरीत जाकर होटल के भीतर कमरों की संख्या बढ़ाई और संकरी गलियों वाले इस इलाके में सुरक्षा मानकों को नजरअंदाज किया। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि होटल के सह-मालिक लवकेश बजाज से चार दिन की रिमांड पर लंबी पूछताछ की जाएगी। अभी तक उससे पूछताछ में यहीं पता चला कि होटल का लाइसेंस जय मिश्रा के नाम पर है। पुलिस उसके संभावित ठिकानों और कॉल डिटेल्स को खंगाल रही है, दावा किया जा रहा है कि उसे जल्द ही दबोच लिया जाएगा।



### हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन एक्शन मोड में दिखा

एमसीडी की टीम के अलावा कई बीजेपी नेता भी हादसे वाली जगह गुरुवार को पहुंचे। अस्पताल जाकर भी भर्ती लोगों का हाल जाना गया। एमसीडी की टीम ने होटल की बारीकी से जांच की है। इसके साथ ही आसपास के कई होटलों को बंद करवाया गया है। इनकी सुरक्षा जांच की जा रही है। एक तरह से हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से एक्शन मोड में दिख रहा हैं। जांच में जो शुरुआती तथ्य सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं। फ्लोरिश स्टेज होटल के पास नगर निगम से सिर्फ छह कमरों को संचालित करने का लाइसेंस था, लेकिन ज्यादा मुनाफे के लालच में नियमों को ताक पर रखकर होटल के भीतर बड़े पैमाने पर अवैध फेरबदल किए गए थे। यहां करीब 25 कमरे बना लिए गये थे।

### मरने वाले एक ही परिवार से जुड़े आठ लोगों का हुआ पोस्टमॉर्टम

नई दिल्ली। मालवीय नगर अग्निकांड में बुधवार को एक ही परिवार से जुड़े आठ सगे संबंधियों की मौत ने हर किसी को गमगीन कर दिया है। परिवार के सदस्यों के साथ ही अस्पताल में अन्य मरीजों के तीमारदार भी गुरुवार को सिर्फ एक ही सवाल करते नजर आये आखिर हमारा कसूर क्या था। होटल मालिक की लापरवाही से 21 लोगों की जान चली गई। दर्जनों अभी भी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। एक ही परिवार के मारे गये आठ लोगों के शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। अग्निकांड में मारे गये विवेक के चचेरे भाई महेंद्र गर्ग का कहना था कि मेरा पूरा परिवार तबाह हो गया। हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि हमारे साथ ऐसा कुछ हो सकता है। अस्पताल के शवगृह के बाहर खड़े गर्ग ने अपने चचेरे भाई विवेक अग्रवाल के साथ हुई आखिरी बातचीत को याद किया, जो आग के घातक होने से बमुश्किल 10 मिनट पहले हुई थी। विवेक पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट थे। विवेक ने घबराते हुए कहा था कि मैं बेसमेंट में फंस गया हूं। कृपया जल्दी से फायर ब्रिगेड भेजो और मुझे यहां से निकालो। वे यहां इस उम्मीद में आए थे कि अग्रवाल के पिता बीमारी से ठीक हो जाएंगे। इसके बजाय, हम अपने परिजनों के शव वापस लेकर जा रहे हैं। रिश्तेदारों ने बताया कि परिवार ने इस होटल में कमरे इसलिए बुक किए थे क्योंकि यह मैक्स अस्पताल के नजदीक था, जहां विवेक के बीमार पिता राधेश्याम अग्रवाल भर्ती थे। दिनभर चली पोस्टमॉर्टम की औपचारिकताओं के बाद मृतक परिवार के सदस्यों के शव रिश्तेदारों को सौंप दिए गए और उन्हें गुरुग्राम स्थित उनके आवास पर ले जाया गया, जहां शाम को उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। एक शोक संतप्त परिजन ने कहा, इस नुकसान को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। कुछ ही घंटों में सब कुछ बदल गया। शवगृह के बाहर खड़े रिश्तेदारों ने होटल में सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि इमारत की बनावट ऐसी थी कि मेहमानों के पास बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं बचा। गर्ग ने आरोप लगाया, होटल अत्यधिक भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित है। वहां अंदर आना और बाहर जाना बेहद मुश्किल है। बाहर निकलने का केवल एक ही रास्ता था और एक ही सीढ़ी थी। पूरी इमारत कांच से ढकी हुई थी और यहां तक कि खिड़कियों पर लोहे की ग्रिल लगी हुई थी। गौरतलब है कि होटल से कम से कम 58 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, लेकिन 21 लोगों की झुलसने और दम घुटने के कारण मौत हो गई। यह हाल के वर्षों में राजधानी में हुई सबसे भीषण आग त्रासदियों में से एक है।

### मैक्स अस्पताल में भर्ती अग्निकांड के 15 मरीजों में से 13 विदेशी

साकेत स्थित मैक्स अस्पताल ने बृहस्पतिवार को बताया कि हौज रानी इलाके के एक होटल में लगी आग में घायल हुए 15 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं तथा इनमें 13 विदेशी नागरिक हैं। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि छह मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं और सभी की हालत स्थिर है तथा उनमें सुधार के लक्षण दिख रहे हैं। अस्पताल ने कहा कि नौ मरीज गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) और वार्डों में भर्ती हैं तथा सभी भर्ती मरीजों की समग्र स्थिति स्थिर बनी हुई है। एक मरीज को गुरुवार शाम तक छुट्टी मिलने की उम्मीद जताई जा रही थी। अस्पताल ने कहा कि मरीजों में चोटों की प्रकृति और गंभीरता अलग-अलग है। अस्पताल ने बताया कि भर्ती सभी मरीजों को व्यापक उपचार दिया जा रहा है और उनकी नियमित निगरानी की जा रही है। अग्निकांड में मारे गये 21 लोगों में 12 विदेशी नागरिक बताये गये हैं।

## नबी करीम में एलपीजी सिलेंडर विस्फोट से चार लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के नबी करीम इलाके में गुरुवार सुबह एक घर में संचालित हो रहे छोटे ढाबे में एलपीजी सिलेंडर फटने से चार लोग झुलस गए। सभी लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि अमरपुरी के एक घर में सिलेंडर विस्फोट होने की सूचना सुबह 9.29 बजे मिली, जिसके बाद दिल्ली पुलिस और दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के कर्मी मौके पर पहुंचे। यह घटना घर के भूतल पर स्थित एक छोटे से कमरे में हुई, जिसका इस्तेमाल 35 वर्षीय सरिता चाय और दाल-चावल जैसा साधारण भोजन बनाने और बेचने के लिए कर रही थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सरिता ने कृष्ण (37) नामक व्यक्ति से एलपीजी सिलेंडर बदलने को कहा था। रेगुलेटर खोलते समय अचानक आग लग गई। हालांकि, दमकल अधिकारियों ने बताया कि सिलेंडर फटने से चार लोग झुलस गए। सभी घायलों को पीसीआर और कैट एम्बुलेंस द्वारा राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल ले जाया गया। सरिता लगभग 50 प्रतिशत जल गई है। 19 वर्षीय अजय करीब 40 प्रतिशत, 35 वर्षीय जाकिर 30 प्रतिशत और कृष्ण लगभग 40 प्रतिशत जला हैं। पुलिस ने बताया कि घटना के समय अजय चाय की दुकान पर मौजूद था, जबकि अमरपुरी निवासी जाकिर उस समय इलाके से गुजर रहा था।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीलम राणा, पत्नी राजेश राणा निवासी मकान नंबर 7/16, तिलक नगर, दिल्ली**, दूसरा पता **ए-669, ग्राम ख्याला, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 74/2026 धारा 3 एण्ड 4 एमसीओसी एक्ट, थाना तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **नीलम राणा** मिल नहीं रही है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **नीलम राणा** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 74/2026 धारा 3 एण्ड 4 एमसीओसी एक्ट, थाना तिलक नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नीलम राणा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **20.07.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री राजिंदर कुमार**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-03, पश्चिम जिला**
**कमरा नं.35, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/7351/WD/2026**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गजेंद्र उर्फ बहादुर पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी डी–138/11, गली नं. 11, गामरी एक्सटेंशन, भजनपुरा, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 429/2018, अन्तर्गत धारा 20 एनडीपीएस, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गजेंद्र उर्फ बहादुर** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गजेंद्र उर्फ बहादुर** फरार हो गया/गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 429/2018, अन्तर्गत धारा 20 एनडीपीएस, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गजेंद्र उर्फ बहादुर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2026** को **सुबह 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री पुनीत पाहवा**
एलडी. एएसजे/विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)
उत्तर पूर्व जिला, कमरा नं. 53,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/7403/NE/2026**
**(Court Matter)**


## गद्दा कारोबारी ने दो लाख रुपये के गद्दे रजाई बिछाकर बचाईं आठ जानें

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में बुधवार को आग लगने के बाद जब चारों ओर धुआं और लपटें फैल गईं तथा मदद की चीख-पुकार सुनाई देने लगी, तब सामने दुकान चलाने वाले एक गद्दा कारोबारी ने पल भर में फैसला लेते हुए करीब दो लाख रुपये मूल्य के अपने गद्दे बिछा दिये, जिससे कई लोगों की जान बच सकी। होटल में आग लगने की सूचना मिलते ही रियाजुद्दीन मंसूरी अपने कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने होटल के बाहर जमीन पर दर्जनों रजाइयां और गद्दे बिछाकर एक अस्थायी सुरक्षा कवच तैयार किया। इससे इमारत में फंसे लोगों को कूदकर सुरक्षित बाहर निकलने में मदद मिली। रियाजुद्दीन ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले गद्दे और रजाइयां बिछाईं। उन्होंने दावा किया कि दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही आठ लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया था। उन्होंने कहा कि बचाव कार्य के दौरान उन्हें और उनके बेटे को भी चोटें आईं। मालवीय नगर के घनी आबादी वाले हौज रानी क्षेत्र स्थित 'फ्लरिश स्टे' होटल में लगी आग में 21 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 11 विदेशी नागरिक शामिल थे। अधिकारियों के अनुसार, घायल हुए 35 लोगों में से 19 का दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि यह होटल मुख्य रूप से पास स्थित मैक्स अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के ठहरने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग तेजी से फैलने पर कई लोग खिड़कियों के शीशे तोड़कर मदद की गुहार लगा रहे थे। रियाजुद्दीन के बेटे अरमान ने बताया, श्एक पड़ोसी से सुबह करीब साढ़े आठ बजे आग लगने की सूचना मिलने पर मैं मौके पर पहुंचा। भूतल पर आग लगी हुई थी। कोई भी अंदर नहीं जा पा रहा था और बाहर नहीं आ पा रहा था।

## डीपीसीसी ने की मालवीय नगर होटल अग्निकांड में जान बचाने वालों को सम्मानित करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) ने रेखा गुप्ता सरकार से मांग की है कि मालवीय नगर अग्निकांड में बुरी तरह फंसे लोगों की जान बचाने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाए। जबकि इस भीषण हादसे में मरने वाले प्रति मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये और प्रति घायल दस लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की है। इस मुद्दे पर डीपीसीसी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने कहा कि भीषण आग में फंसे लोगों को बचाने वाले स्थानीय युवाओं ने इंसानियत की मिसाल पेश की है। जब लोग आग और धुएं के बीच फंसे हुए थे, तब इन युवाओं ने मौके पर गद्दे बिछाकर ऊपरी मंजिलों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में मदद की और कई लोगों की जान बचाने का प्रयास किया।

## 26 वर्षीय शख्स की हत्या का आरोपी अरेस्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के न्यू उस्मानपुर में 26 वर्षीय ललित नामक युवक की चाकू घोंपकर हत्या करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मोहित (26) को कई स्थानों पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। उसकी पीड़ित के साथ पहले दोस्ती थी लेकिन बाद में किसी बात को लेकर उनमें विवाद हो गया था। पुलिस ने बताया कि मंगलवार तड़के न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र के गौतमपुरी में एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची। पीड़ित की पहचान 26 वर्षीय ललित के तौर पर हुई जो पास के ही ब्राह्मपुरी इलाके का रहने वाला था। संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करने के बाद घटना की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने सबूत जुटाए और आरोपी की पहचान मोहित के तौर पर की। मोहित ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और बताया कि उसकी पीड़ित के साथ पहले दोस्ती थी, लेकिन पीड़ित और उसके भाई से उसका किसी मुद्दे पर विवाद हो गया था। पुलिस ने बताया कि इसी विवाद के चलते उसने कथित रूप से ललित की हत्या कर दी। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

## होटल अग्निकांड: दिल्ली पुलिस ने आग से तबाह बिल्डिंग की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- जांच छत पर जाने के बंद रास्ते, कमरों में हीटर व नियमों के उल्लंघन पर केंद्रित
- सिलेंडर बलास्ट नहीं शॉर्ट सर्किट से आग भड़कने की आशंका

दिल्ली पुलिस ने मालवीय नगर अग्निकांड की जांच शुरू कर दी है। इसके तहत गुरुवार को आग से तबाह होटल की इमारत की छानबीन की गई। आसपास के लोगों, दुकानदारों और होटल कर्मचारियों व चश्मदीदों से भी पूछताछ की गई। जांचकर्ताओं ने पाया कि छत पर जाने का रास्ता बंद था तथा कई कमरों में खाना पकाने के लिए हीटर का इस्तेमाल किया जा रहा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ता भवन निर्माण नियमों के कथित उल्लंघन, अग्नि सुरक्षा में चूक, अवैध निर्माण और उन परिस्थितियों सहित सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं, जिनके कारण इतनी अधिक मौतें हुई। जांच के तहत स्थानीय निवासियों, दुकानदारों, होटल कर्मचारियों और अन्य चश्मदीदों से भी पूछताछ की जा रही है। जांचकर्ताओं ने कहा कि छत तक पहुंचने का रास्ता अवरुद्ध होने के कारण संभवतः अंदर फंसे लोगों को उस समय भागने का रास्ता नहीं मिल पाया और कुछ ही देर में घने धुएं ने पांच मंजिला संकरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया था। विदेशी नागरिकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कई कमरों में खाना पकाने के हीटर रखे होने की भी जांच की जा रही है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि घटना में उनकी कोई भूमिका थी या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की एक टीम घटनास्थल पर दोबारा जाकर इमारत की विस्तृत जांच करेगी और आग लगने के सटीक कारण का पता लगाएगी। पुलिस केसर सिंह नामक प्रमुख चश्मदीद गवाह की भी तलाश कर रही है, जिसका बयान आग लगने की सही वजह और घटनाओं के क्रम को स्थापित करने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जांच में होटल के संचालन में बड़े पैमाने पर कथित अनियमितताओं का भी खुलासा हुआ है। जांचकर्ताओं के अनुसार, बजाज ने 2022 में अहलूवालिया नामक व्यक्ति से यह संपत्ति खरीदी थी। खरीद के समय इमारत ढाई मंजिला थीं और बजाज ने बाद में और मंजिलें बनाकर इसे लगभग पांच मंजिला इमारत बना दिया। बजाज के दोनों बच्चे विदेश में बसे हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बजाज ने शुरू में ग्राहकों को कमरे किराए पर दिए और चाय की दुकान चलाने का लाइसेंस प्राप्त किया। समय के साथ, इमारत को होटल में बदल दिया गया और इसे निर्धारित अनुमति से कहीं अधिक क्षमता पर चलाया जा रहा था। वहीं, जय मिश्रा को बजाज ने 2022 में नौकरी पर रखा था। वह होटल के दैनिक कार्यों, लेखा-जोखा और प्रबंधन का काम संभालता था। सूत्रों ने बताया कि बजाज के होटल में काम करने से पहले मिश्रा मालवीय नगर क्षेत्र की एक निजी कंपनी में लेखाकार के रूप में नौकरी करता था। इस बीच, अधिकारियों ने कहा कि आग में मारे गए विदेशी नागरिकों के शव डीएनए जांच और उचित पहचान सुनिश्चित करने के लिए सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद ही उनके संबंधित दूतावासों और परिवारों को सौंपे जाएंगे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में वार्ड 15 में कालूपुर चुंगी के निकट कश्यप चौक का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.06.2026 | रु.95,70,985/- | https://etenders.hry.nic.in | 01302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45879/I/88/7 दि. 04.06.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | एम.सी. झज्जर में स्ट्रीट लाइट और स्विच ऑन/ऑफ लाइट इत्यादि का प्रचालन और रखरखाव + 19 कार्य। | 03.06.2026 15.06.2026 | रु.4,59,44,050/- | https://etenders.hry.nic.in | 7988518326 eojhajjar@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45883/I/88/7 दि. 04.06.26


## दिल्ली में अवैध निर्माणों पर रोक और ध्वस्तीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार करे एमसीडी : उपराज्यपाल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने बृहस्पतिवार को एमसीडी के अधिकारियों को राजधानी में अवैध निर्माणों को चिह्नित करने, उन्हें रोकने और ध्वस्त करने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। लोक निवास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संधू ने बेहतर शहरी प्रशासन, नागरिक बुनियादी ढांचे में सुधार और राजधानी में संरचनात्मक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना पर बल दिया। लोक निवास के एक अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल ने अवैध निर्माणों को चिह्नित करने, उन्हें रोकने और ध्वस्त करने के लिए व्यापक कार्ययोजना लागू करने पर बल दिया। उन्होंने एक ऐसे नियामक ढांचे की मांग की जो भवन निर्माण संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करे, अवैध निर्माणों और विस्तारों पर दंड लगाए तथा सभी नगरपालिका क्षेत्रों में पूर्ण संस्थागत जवाबदेही तय करे। उपराज्यपाल ने अवैध संरचनात्मक विस्तार पर अंकुश लगाने के लिए भवन उपविधियों के सख्त अनुपालन का निर्देश दिया और एमसीडी से कहा कि वह अवैध निर्माणों से निर्णायक ढंग से निपटने के लिए समयबद्ध रणनीति लागू करे। ये निर्देश दिल्ली के मालवीय नगर में बुधवार को हुए भीषण अग्निकांड की घटना के बाद दिए गए हैं, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई और विदेशियों सहित 25 अन्य लोग घायल हो गए थे। अधिकारी ने कहा कि एमसीडी एक उच्च-स्तरीय और समयबद्ध अभियान शुरू करेगा, जिसके तहत निर्धारित अवधि के भीतर सभी जारी और मौजूदा अवैध निर्माणों की पहचान कर उन्हें सील किया जाएगा या ध्वस्त किया जाएगा। संधू ने स्वीकृत भवन नक्शों अथवा मानक सुरक्षा मानकों का उल्लंघन कर किए गए अवैध आवासीय और वाणिज्यिक विस्तारों की पहचान, जांच और रोकथाम के लिए भी कड़ी कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। अधिकारी ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध संशोधनों या जारी अनधिकृत निर्माणों का पता लगाने में विफल रहने पर स्थानीय अभियंताओं, तकनीकी कर्मचारियों और नगर निगम के निगरानी अधिकारियों को सीधे तौर पर जवाबदेह ठहराया जाएगा। इस बैठक में उपराज्यपाल ने मानसून से पहले वर्षा जल निकासी नालों की सफाई, सड़कों और फुटपाथों की मरम्मत, धूल नियंत्रण उपायों तथा स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कचरा निस्तारण अभियान जैसे अन्य बुनियादी ढांचा संबंधी मुद्दों की भी समीक्षा की।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषाएं विभाग निदेशालय, हरियाणा | सूचना, लोक सम्पर्क, भाषाएं विभाग हरियाणा, चण्डीगढ़ में पीएमयू यूनिट के लिए मैनपावर एजेंसी को किराये पर लेना। | 05.06.2026 22.06.2026 | | https://prharyana.gov.in https://etenders.hry.nic.in | 0172-5059101 dipritcell@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | ज्यूडीशियल कॉलोनी, पानीपत में स्ट्रीट लाइट के रखरखाव का प्रावधान + 2 कार्य। | 04.06.2026 10.06.2026 | 32.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिला (रोड आईडी 11549) (हिसार और नलवा निर्वाचन क्षेत्र) में सपरा हॉस्पीटल (आरडी 193.300) से बाईपास राजगढ़ रोड (आरडी 198.990) तक हिसार शहर के पुराना एनएच-65 आंतरिक शहरी भाग की विशेष मरम्मत (सी.एम. घोषणा सं. 27824 दिनांक 20.7.2024) (33 केवी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 03.06.2026 09.06.2026 | 114.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (केबलिंग, 11 केवी सब स्टेशन, 250 केवीए डीजी, यूपीएस और स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 03.06.2026 09.06.2026 | 549.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल ब्लॉक में लिफ्ट (15 पैसेंजर लिफ्ट) का प्रावधान + 1 कार्य। | 03.06.2026 09.06.2026 | 71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प रोहतक | वर्ष 2026-2027 हेतु विद्युत उपमंडल सं. 1 (पार्ट-I) रोहतक के तहत विभिन्न विद्युत उपकरणों के लिए एएमसी + 6 कार्य। | 03.06.2026 10.06.2026 | 110.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 7 | आयुष विभाग कैथल | अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 समारोह के लिए आईडीवाई लोगो (फ्रंट में) और स्लोगन (बैक पर) सहित लगभग 3500 सफेद गोल गले की टी-शर्ट्स (160 जीएसएम) की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना। | 02.06.2026 11.06.2026 | ईएमडी 5000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416544440 daokaithal3@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | एचजीवीवाई-गांव बरनाला, ब्लॉक अंबाला-II में राजा गार्डन कॉलोनी में ड्रेन्स और नाला का निर्माण (पुनर्निविदा)+1 कार्य | 03.06.2026 09.06.2026 | 31.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | स्पेशल इंटेंशिव रिविजन (निर्वाचन कार्यालय सोनीपत) हेतु सूचना के मुद्रण का दर अनुबंध। | बंद होने की तिथि 12.06.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | खाचरौली माइनर आरडी 0 से 45000 तक पैचेज की मरम्मत + 4 कार्य। | 03.06.2026 10.06.2026 | 34.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा गोहाना | भालौठ सब ब्रांच के आरडी 0 से 45000 तक विभिन्न संरचना का पुनर्निर्माण/निर्माण। | 23.05.2026 15.06.2026 | 2055.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996532800 xenghn@rediffmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | मोजुखेड़ा सेक्शन में आरडी 5800 पर एसजीसी अनलाइंड चैनल के हैड रेगुलेटर के पुराने और क्षतिग्रस्त गेट एंड गियरिंग को बदलने के लिए आकलन + 16 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.06.2026 | 72.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666235721 xenghaggar@gmail.com |
| 13 | मोती लाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत | मिठाइयां और पनीर। | 02.06.2026 16.06.2026 | 15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 14 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मण्डी डबवाली | मंडी डबवाली :- "उत्तम नगर में आईपीएस, संग्रहण टैंक (6.00 Ã-4.00 M), पंप चैंबर, चार दिवारी के निर्माण के कार्य, पंपिंग मशीनरी की स्थापना और सीवरेज सिस्टम का प्रावधान और बिछाना इसके साथ-साथ उससे संबध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी"। सीएच.हैड :-मंडी डबवाली :-डबवाली कस्बा जिला सिरसा में उत्तम नगर में आईपीएस का निर्माण और नई अनुमोदित कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम का प्रावधान + 2 कार्य। | 03.06.2026 24.06.2026 | 1589.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/280/45902/I/88/7 दि. 04.06.26

## मृतकों के परिजनों को 10 लाख और गंभीर रूप से घायलों को 5 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी

# मुख्यमंत्री रेखा मालवीय नगर आग हादसे में घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मालवीय नगर में हुई दुखद अग्नि दुर्घटना में घायल लोगों का हालचाल जानने के लिए साकेत स्थित अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात की, उनके परिजनों से बात की और डॉक्टरों से उपचार की जानकारी ली। वहीं मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अग्नि दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं, गंभीर रूप से घायल लोगों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और इलाज में किसी तरह की कोई कमी न रहने दी जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस दुख की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन मृतकों के परिजन अन्य राज्यों या विदेशों में रहते हैं, उनके पार्थिव शरीरों को सम्मानपूर्वक उनके घर तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तुरंत की जाएं। अस्पताल में भर्ती घायलों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार उनके साथ है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने चिकित्सकों से प्रत्येक मरीज की स्थिति की व्यक्तिगत जानकारी ली और उपचार प्रक्रिया की निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

अस्पताल में भर्ती घायलों और उनके परिजनों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री को बताया गया कि हादसे के समय स्थानीय लोगों, होटल कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों और अन्य स्वयंसेवकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। कई घायलों को मौके पर ही सीपीआर देकर उनकी जान बचाने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री ने बचाव कार्य में जुटे सभी लोगों की सराहना करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में उनका साहस, तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता प्रशंसनीय है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत और बचाव कार्य में विशेष योगदान देने वाले नागरिकों, पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों की पहचान कर उन्हें सम्मानित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी में कई गंभीर सुरक्षा संबंधी कमियां सामने आई हैं। कई भवनों में आपातकालीन निकास मार्ग, फायर सेफ्टी सिस्टम और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी लोगों तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुंच पाती। उन्होंने संबंधित विभागों को घटना की विस्तृत जांच कराने और राजधानी के होटलों, व्यावसायिक परिसरों तथा अन्य सार्वजनिक भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों का विशेष ऑडिट कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां भी लापरवाही या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होगी, वहां जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### संकट की इस घड़ी में दिल्ली सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह हादसा बेहद दुखद और पीड़ादायक है। उन्होंने दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही, घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस कठिन समय में सभी प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। राहत, उपचार और पुनर्वास से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएंगी ताकि प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता मिल सके।

### सभी मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ मरीज गंभीर स्थिति में हैं तथा कुछ को वेंटिलेटर सहायता पर रखा गया है। प्रभावितों में भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, कैमरून, लीबिया सहित अन्य देशों के नागरिक भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा विदेशी नागरिकों के मामलों में भी आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जाए।

### आग की घटना के लिए जिम्मेदार किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर आग मामले पर दिल्ली सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि इस आग की घटना के जिम्मेदार पाए जाने वाले किसी भी भवन मालिक, अधिकारी अथवा अन्य दोषी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। यह बात गुरुवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही है। वहीं उन्होंने मालवीय नगर आग जैसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने तथा अनधिकृत निर्माणों और अग्नि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आज शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री का कहना है कि राजधानी में जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा मानकों के अनुपालन, प्रभावी निगरानी व्यवस्था और जवाबदेह तंत्र सहित सभी पहलुओं पर समग्र रूप से काम करना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोका जा सके और दिल्ली को अधिक सुरक्षित बनाया जा सके। आज दिल्ली सचिवालय में आयोजित होने वाली इस बैठक में दिल्ली पुलिस, राजस्व विभाग, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, डीडीए, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली जल बोर्ड तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि मालवीय नगर के एक गेस्ट हाउस में लगी भीषण आग की घटना के पीछे रही कमियों की गंभीरता से जांच की जाएगी और जिसकी भी जवाबदेही बनती है, उसे निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि राजधानी में अवैध संपत्तियों, बिना अनुमति संचालित हो रहे होटलों एवं गेस्ट हाउसों तथा उन सभी संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जो अग्नि सुरक्षा नियमों और भवन उपविधियों (बिल्डिंग बाय-लॉज) का उल्लंघन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार वह इस मामले में विभिन्न विभागों से विस्तृत जानकारी ले रही हैं और ऐसे हादसों के कारणों के साथ-साथ संबंधित विभागों तथा अधिकारियों की जवाबदेही भी तय कर रही हैं। उनका कहना है कि कुछ विभागों में भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण सरकार को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अब ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कठोर और प्रभावी कदम उठाने होंगे, ताकि जान-माल की हानि को रोका जा सके और दिल्ली एक सुरक्षित राजधानी के रूप में स्थापित हो सके।

### सरकार अवैध निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए कठोर नियम लागू करेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अवैध निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए अधिक कठोर और जवाबदेह नियम लागू करेगी। दिल्ली सरकार अवैध रूप से संचालित हो रहे होटलों और गेस्ट हाउसों के खिलाफ कार्रवाई करेगी तथा सुरक्षा और निर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा।




### स्थायी समिति अध्यक्ष ने आयुक्त को पत्र लिख विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान चलाने के निर्देश दिए

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मालवीय नगर अग्निकांड के मद्देनजर आयुक्त को पत्र लिखकर दिल्ली में विशेष अग्नि सुरक्षा अनुपालन अभियान चलाने का निर्देश दिया है। जानकारी अनुसार सत्या शर्मा ने पत्र में लिखा है कि हाल में हुई इस घटना ने भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। इसलिए निगम क्षेत्र में आने वाली सभी श्रेणियों की इमारतों का प्राथमिकता के आधार पर निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन का सत्यापन किया जाए। साथ ही इस अभियान में भवन विभाग के सहयोग से ऐसे भवनों की पहचान की जाए, जहां अग्नि सुरक्षा उपायों की कमी, अनधिकृत निर्माण या अन्य कारणों से सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा हो सकता है। सत्या शर्मा ने मालवीय नगर में हुई अग्निकांड घटना की विस्तृत रिपोर्ट तीन दिन के भीतर प्रस्तुत करने को भी कहा है। उन्होंने कहा कि घटना से संबंधित सभी पहलुओं जैसे भवन की स्थिति, स्वामित्व, अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन, तथा किसी प्रकार की लापरवाही की गहन जांच की जाए।

## पिछले महीने ही बेड एंड ब्रेकफास्ट स्कीम को रद्द कर रेखा सरकार ने मांगे थे जनसुझाव : मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- जिस होटल में हादसा हुआ उसका बेड एंड ब्रेकफास्ट लाइसेंस भी 2024 में सौरभ भारद्वाज के मंत्री रहते दिया गया था

वर्ष 2007 में शीला दीक्षित सरकार द्वारा लाई गई बेड एंड ब्रेकफास्ट लाइसेंस स्कीम को दिल्ली की भाजपा सरकार ने गत माह रद्द करने का निर्णय लेकर नई सख्त पारदर्शी ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट लाइसेंस स्कीम के लिए जनसुझाव आमंत्रित किये थे। जबकि मालवीय नगर के जिस होटल में आग का हादसा हुआ उसका बेड एंड ब्रेकफास्ट लाइसेंस 2024 में सौरभ भारद्वाज के मंत्री रहते दिया गया था। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने दी है। हर्ष मल्होत्रा ने दिल्ली में 2007 से लागू ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट लाइसेंस स्कीम को वापस लेने के भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार के निर्णय का स्वागत किया है और सुझाव दिया है कि सरकार इसी तर्ज पर छोटे नर्सिंग होम्स की सुरक्षा व्यवस्था सुचारू करने पर भी ध्यान दे। मल्होत्रा ने कहा कि पिछले एक साल से हम किसी भी दुर्घटना पर आप नेताओं को ओछी ब्यानबाजी करते देख रहे हैं पर यही नेता आज भी अपने शासनकाल में आग दुर्घटनाओं में 2018 में बवाना में हुई 10 मौतों पर, 2019 में अर्पित गेस्ट हाउस में हुई 17 मौतों पर, 2019 में फिल्मिस्तान के पास हुई 43 मौतों, 2022 में मुंडका में हुई 27 लोगों की मौत से लेकर 2024 में विवेक विहार में एक नर्सिंग होम में 7 नवजात बच्चों की मौत पर चुप्पी साध जाते हैं। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि मैं कोई व्यक्तिगत आक्षेप नहीं लगाना चाहता पर यह अजब विडम्बना है कि 2024 में जिस नर्सिंग होम में 7 नवजात बच्चों की मृत्यु हुई तब सौरभ भारद्वाज दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री थे और उनके सचिव डा. आर.एन. दास की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी और कल जिस होटल में हादसा हुआ उसका बेड एंड ब्रेकफास्ट लाइसेंस भी 2024 में सौरभ भारद्वाज के मंत्री रहते दिया गया था।

### यादव ने एलजी से किया अनुरोध, हस्तक्षेप कर चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारें, कैंसर रोगी परेशान

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने उपराज्यपाल (एलजी) को पत्र लिख अपील करते हुए कहा है कि दिल्ली की बुरी तरह चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए वह स्वयं हस्तक्षेप करें। उन्होंने कि एलजी कैंसर रोगियों के लिए जरुरी कीमोथेरेपी की दवाओं की कमी को जल्द से जल्द पूरा कराएं। यादव ने एलजी से मांग करते हुए कहा है कि एलजी तुरंत एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर कीमोथेरेपी की दवाओं की भारी कमी के कारणों की जांच कराएं और दोषियों को दंड दिलाए। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में जीवन रक्षक कैंसर दवाओं के उपलब्ध न होने के कारण नकली दवाओं का कारोबार बढ़ता जा रहा है। बावजूद इसके दिल्ली की भाजपा सरकार ही सबसे ज्यादा लापरवाह नजर आती है। यादव ने कहा कि पिछले 10-12 वर्षों में दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण, बढ़ते धूल कण, प्रदूषित यमुना का पानी और मिलावटी खाद्य वस्तुओं के कारण राजधानी में लोगों का स्वास्थ्य हर दिन अधिक बिगड़ता जा रहा है। आज दिल्लीवासी फेफडे, सांस, लीवर, पेट खराब जैसी बीमारियों के साथ ही कैंसर जैसी गंभीर जानलेवा बीमारी से जूझ रहे है। दूषित पर्यावरण और मिलावट खाद्य सामग्री घरों तक पहुंचने के कारण दिल्ली में साल दर साल कैंसर के मरीजों में हजारों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। यादव ने एलजी को पत्र में बताया है कि एक रिपोर्ट के अनुसार 2004 में दिल्ली में 28 हजार कैंसर मरीज थे, जो अब बढ़कर लाखों में पहुंच चुके है। क्योंकि हर वर्ष लगभग 28-29 हजार कैंसर के नए मामले दर्ज हो रहे है। उन्होंने लिखा कि दिल्ली में कैंसर के मामले प्रति एक लाख पर पुरुषों में 146.70 और महिलाओं में यह दर 132.50 है। राजधानी में बढ़ती कैंसर दर मुंबई, कोलकत्ता और अहमदाबाद से भी ज्यादा है, जो दिल्लीवासियों के लिए खतरे की घंटी है। ईलाज के नाम पर किमो थैरेपी की 22 प्रतिशत दवाएं कैंसर संस्थान में उपलब्ध ही नहीं है।

## गोवा अग्निकांड से नहीं सिखा सबक, महापौर व आयुक्त से पहले ही की थी जांच की मांग: नारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा है कि भाजपा ने गोवा अग्निकांड से भी कोई सबक नहीं सिखा और उसका नतीजा मालवीय नगर अग्निकांड में 21 बेशकीमती जान गंवाने के रूप में सामने आया है। उन्होंने आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आप पार्टी ने पहले ही गोवा अग्निकांड से सबक सीखने की चेतावनी दी थी पर भाजपा सरकार अपनी मनमानी करती रही। नारंग ने दावा किया कि मैंने खुद दिसंबर 2025 में महापौर और निगमायुक्त को पत्र लिखकर फायर सेफ्टी और भवन सुरक्षा की जांच कराने की मांग की थी। लेकिन भाजपा सरकार ने कोई सबक नहीं लिया और मालवीय नगर अग्निकांड व साकेत बिल्डिंग हादसे में कइयों की जान चली गई। उन्होंने आरोप लगाए कि मालवीय नगर अग्निकांड और साकेत बिल्डिंग हादसा एमसीडी की लापरवाही, प्रशासनिक विफलता और भ्रष्टाचार का परिणाम है। नारंग ने मांग की है कि इन घटनाओं की जिम्मेदारी लेते हुए महापौर को तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और पूरे मामले की विजिलेंस जांच कराई जानी चाहिए। नारंग ने कहा कि अग्निकांड में 21 लोगों की मौत और बिल्डिंग हादसे में 6 लोगों की जान जाना कोई सामान्य दुर्घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि छह कमरों की मंजूरी के बावजूद 21 कमरे बना लिए और निगम भवन विभाग ने इसका संज्ञान तक नहीं लिया। वहीं लाइसेंस जारी करने वाले जन स्वास्थ्य विभाग ने भी आंखें बंद करके रखी। नारंग ने आरोप लगाया कि यह सब देखकर भी अनदेखी इसलिए करते रहे क्योंकि इनके कर्मचारी और अधिकारी सब भ्रष्टाचार में डूबे है। उन्होंने कहा है कि इन दोनों घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि निगम की निगरानी प्रणाली, भवन अनुमति प्रक्रिया, अग्नि सुरक्षा अनुपालन, निरीक्षण व्यवस्था और जवाबदेही तंत्र पूरी तरह विफल रहे हैं। यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि गंभीर अनियमितताओं, मिलीभगत और भ्रष्टाचार की आशंका को भी जन्म देता है।

## डिजिटल-एआई युग में भी पारदर्शी नहीं हुआ दिल्ली नगर निगम

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

- होटल अर्पित और होटल फ्लोरिश अग्निकांड से सबक लेने की जरूरत
- क्यूआर कोड आधारित निगरानी व्यवस्था से मिलेगी स्टीक जानकारी

राजधानी दिल्ली में 2019 में होटल अर्पित अग्निकांड और बुधवार को मालवीय नगर स्थित होटल फ्लोरिश स्टे में लगी आग जैसी घटनाओं ने एक बार फिर भवन सुरक्षा, अग्निशमन मानकों और प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दौर में डिजिटल व्यवस्थाएं स्थापित करने के दावे करने वाली दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की व्यवस्थाएं पूरी तरह पारदर्शी नहीं हो पाई हैं, जिसके कारण आम नागरिकों को किसी भवन की वैधता और सुरक्षा संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती। जागरूक लोगों का मानना है कि निगम महापौर और प्रशासन यदि चाहे तो आधुनिक तकनीक के माध्यम से आगजनी जैसी संभावित घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगा सकते हैं। इसके लिए शहर के सभी होटलों, गेस्ट हाउसों, फैक्ट्रियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और बहुमंजिला भवनों पर एमसीडी द्वारा सत्यापित क्यूआर कोड अनिवार्य रूप से लगाए जाने चाहिए। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर निगम द्वारा जारी एक यूनिक और सत्यापित क्यूआर कोड लगाया जाए। कोई भी नागरिक, पत्रकार या अधिकारी अपने मोबाइल फोन से उसे स्कैन कर भवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सके। क्यूआर कोड स्कैन करने पर ये जानकारियां उपलब्ध होने का प्रावधान हो जैसे - भवन का स्वीकृत नक्शा और मंजिलों की संख्या, फायर एनओसी की स्थिति और वैधता भवन स्वामी और संचालक का विवरण, लाइसेंस और ट्रेड परमिट की जानकारी, अंतिम निरीक्षण की तिथि, सुरक्षा मानकों के अनुपालन की स्थिति, शिकायत दर्ज कराने और आपातकालीन संपर्क नंबर, प्रतिष्ठान में मौजूद सुविधाएं आदि।

### अवैध निर्माण और फर्जी दस्तावेजों पर लगेगी रोक

निगम में जानकार सूत्रों का कहना है कि क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था लागू होने से अवैध निर्माण, नियमों के विपरीत संचालित होटलों और फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। साथ ही नागरिक स्वयं भी किसी भवन की वैधता की जांच कर सकेंगे। इसके साथ ही यह व्यवस्था स्थानीय नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण भी करेगी। आम लोग और मीडिया कर्मी किसी भी भवन की वास्तविक स्थिति की जांच कर प्रशासन को समय रहते सचेत कर सकेंगे। इससे दुर्घटनाओं की रोकथाम और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित होंगी।

### क्यूआर कोड और डिजिटल तकनीक का बेहतर उपयोग जरूरी

सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि एआई आधारित निगरानी प्रणाली, डिजिटल रिकॉर्ड और सार्वजनिक सूचना तंत्र को एकीकृत करके दिल्ली नगर निगम भवन सुरक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बना सकता है। यदि तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जाए तो होटल अर्पित और होटल फ्लोरिश जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने में महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है।

लोगों का कहना है कि सरकार डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटी बनाने के बड़े बड़े दावे करती है लेकिन पारदर्शी सिस्टम बनाने के लिए डिजिटल तकनीकों को अपनाने से दूर भाग रही है। ऐसे में दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम नागरिकों को भवनों की सुरक्षा और वैधता संबंधी जानकारी एक क्लिक में उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाएगी? आग के हादसों के बाद यह मांग अब पहले से अधिक प्रासंगिक हो गई है।

## तेज आंधी, बारिश से कई जगह गिरे पेड़, जलभराव से लगा जाम, आज भी आंधी तूफान का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को प्री मानसून की पहली झमाझम बारिश और तेज आंधी ने जहां दिल्ली एनसीआर को भीषण गर्मी से राहत दी वहीं कई समस्याएं भी खड़ी कर दी। एक दो जगह ओलावृष्टि की भी खबर है। दोपहर बाद लगभग 3 बजे करीब 90 किमी प्रति घंटे की गति से आई आंधी की वजह से राजधानी में कई पेड़ गिर गए। जबकि मूसलाधार तेज बारिश की वजह से हुए जलभराव के चलते दिल्ली के कई क्षेत्रों में लंबा जाम लग गया। कई जगह तो सड़के तालाब में तब्दील होती नजर आई, जिनमें दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहन तक फंस कर रह गए। दोपहर बाद मौसम ने तेजी से मूड बदला और देखते देखते ही आसमान पर काले काले बादलो ने कब्जा कर लिया। जिससे दिन के बावजूद चारों रात जैसा दिखाई देने लगा। पहले तेज धूल भरी आंधी आई जिससे कई जगह पेड़ व खंभे गिरने की खबर है। जबकि बाद में गड़गड़ाहट के साथ चमकने और झमाझम बारिश होने लगी, चारों तरफ जलभराव दिखाई देने लगा। बारिश के चलते बुराड़ी नत्थूपुरा रोड पर पेड़ गिरने से सड़क यातायात बाधित हुआ। नारायणा टी-पॉइंट के पास एक पेड़ उखड़ने के कारण, नारायणा टी-पॉइंट से पायल सिनेमा और लोहा मंडी की ओर जाने वाले रास्ते पर ट्रैफ़िक जाम लगा रहा। हौज काजी थाना के नजदीक जलभराव ने लोगों का रास्ता रोका। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि शुक्रवार व शनिवार को भी दिल्ली एनसीआर में बारिश व तेज आंधी की संभावना है। गुरुवार को नरेला, बवाना, अलीपुर, बुराड़ी, कंझावला, रोहिणी, बादली, मॉडल टाउन, आजादपुर, पीतमपुरा, दिल्ली विश्वविद्यालय, सिविल लाइंस, मुंडका, पश्चिम विहार, पंजाबी बाग, कश्मीरी गेट, सीलमपुर, राजौरी गार्डन, पटेल नगर, लाल किला, राष्ट्रपति भवन, राजीव चौक, आईटीओ सहित अधिकांश दिल्ली में जमकर बारिश दर्ज हुई। आईएमडी के अनुसार सबसे ज्यादा बारिश आया नगर में 27.8 मिमी और मयूर विहार में 24.5 मिमी दर्ज की गई। जबकि रिज एरिया में 19 मिमी पानी बरसा है। वहीं सफदरजंग वेधशाला ने 1.6 मिमी ही बारिश दर्ज की है। इसके अलावा पालम में 10.7 मिमी, लोधी रोड 4.0 मिमी, राजघाट में 12.8 मिमी, पूसा में 8.0 मिमी और नजफगढ़ में 1.5 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी ने बताया कि बारिश से पहले तक भीषण गर्मी के चलते अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से महज 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

# कांवड़ियों को मिलेगी 24 घंटे चिकित्सा सुविधा, होगी पुष्प वर्षा : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की समीक्षा बैठक

कांवड़ यात्रा 2026 में दिल्ली से गुजरने वाले कांवड़ियों को 24 घंटे सुरक्षा और चिकित्सा सुविधा मिलने के साथ उन पर पुष्प वर्षा की जाएगी। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों को लेकर कांवड़ समिति की समीक्षा बैठक करने के बाद दी। मुख्यमंत्री ने कांवड़ शिविरों में स्वास्थ्य सेवाओं की विशेष समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को 24 घंटे चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की अलग-अलग शिफ्टों में तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि दिन और रात दोनों समय इलाज की सुविधा मिल सके। बैठक में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली पुलिस और यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा, बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन, पीसीआर तैनाती और दुर्घटना रोकथाम से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने प्रमुख प्रवेश स्थलों पर स्वागत द्वार, पुष्पवर्षा और श्रद्धालुओं के स्वागत की अन्य व्यवस्थाओं की भी पहले से योजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में पिछले वर्ष सामने आई चुनौतियों और सुझावों की भी समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों ने मोबाइल शौचालयों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाने, उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित करने, पर्याप्त पीने के पानी की व्यवस्था, गैस सिलेंडरों की निर्बाध उपलब्धता, समयबद्ध होर्डिंग और प्रचार सामग्री लगाने तथा वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अग्रिम तैयारी करने का सुझाव दिया। इस बैठक में कला एवं संस्कृति मंत्री और कांवड़ समिति के अध्यक्ष कपिल मिश्रा, समिति के सदस्य विधायक अजय महावर, अनिल शर्मा,करतार सिंह तंवर, संजय गोयल और उमंग बजाज सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में राजस्व विभाग, दिल्ली पुलिस, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली जल बोर्ड, डूसिब और अन्य संबंधित विभागों ने अपनी तैयारियों की जानकारियां पेश कीं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां पिछले वर्ष जलभराव की समस्या सामने आई थी, वहां ड्रेनेज व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुधार कार्य समय रहते पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि कांवड़ शिविरों में लगाए जाने वाले मोबाइल शौचालय उच्च गुणवत्ता के हों और उनकी सफाई एवं रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की स्पष्ट रूप से तय की जाए।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा व्यापार मंडल ने डीसीपी ट्रैफिक का

**फरीदाबाद।** हरियाणा व्यापार मंडल के व्यापारी डीसीपी ट्रैफिक जयवीर राठी के ऑफिस पहुंचे और



प्रधान राम जुनेजा के नेतृत्व में डीसीपी ट्रैफिक का पुष्पों का गुच्छा देकर स्वागत किया। डीसीपी ट्रैफिक ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनके कार्यकाल में किसी व्यापारी को कहीं भी परेशानी आती है तो वह समस्या को दूर करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारी कभी भी समस्या लेकर उनके पास आ सकते हैं।

### 350 भूखंडों के लिए 40 हजार आवेदन

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम में निकाली गई भूखंड योजना में गुरुवार तक 40 हजार से अधिक



आवेदन आए हैं। विभिन्न श्रेणियों के करीब 350 भूखंड हैं। इतने आवेदन से जीडीए के खाते में करीब 1100 करोड़ रुपए जमा हुए हैं। जीडीए ने सभी वर्ग के लोगों के लिए अपनी जमीं अपना आसमान योजना लॉन्च की। आवासीय भूखंड के तौर पर 40 वर्ग मीटर से लेकर 200 वर्ग मीटर तक के भूखंड उपलब्ध हैं।

### रात के अंधेरे में तोड़े फलदार पेड़, दो पर मुकदमा

**फरीदाबाद।** बहरौला गांव में रात के अंधेरे में एक निजी जमीन की चारदीवारी के अंदर घुसकर



फलदार पेड़ तोड़ने का मामला सामने आया है। पेड़ काटने की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ितों की शिकायत और वन विभाग की पुष्टि के बाद सदर थाना पुलिस ने गांव के ही दो नामजद युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लालच देकर ठग लिए 11.92 लाख, 4 काबू

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रुपये



की ठगी करने वाले गिरोह से जुड़े 4 आरोपियों को 2 जून को प्रयागराज व लखनऊ से गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अरविन्द यादव , पियुष सिंह , कृष्ण देव तथा सुजीत प्रताप सिंह के रूप में हुई है। जिनको 6 दिन पुलिस रिमांड पर लेकर टीम द्वारा पूछताछ की जा रही है।

### अवैध शराब तस्करी के मामलों में 3 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी, निर्माण एवं भंडारण में संलिप्त



व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस की विभिन्न टीमों ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगहों से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध देशी शराब बरामद की है। थाना ओल्ड फरीदाबाद की टीम ने साहिल खान उर्फ सोनू हकला को गिरफ्तार किया है।

### सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने वाले 17

**फरीदाबाद।** शहर में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस प्रतिबद्ध है।



पुलिस द्वारा लगातार ऐसे व्यक्तियों पर कार्रवाई की जा रही है जो शांति-व्यवस्था भंग करते हैं जिसके चलते 3 जून को फरीदाबाद पुलिस के विभिन्न थानों की टीमों ने सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंगबाजी कर आमजन की शांति भंग करने वाले 17 व्यक्तियों को अलग-अलग स्थान पर काबू किया है।

## घायलों को निकालकर पहुंचाया अस्पताल, राहत कार्य तेज

# जेवर एक्सप्रेस वे फ्लाईओवर निर्माण की क्रेन पलटी गांव पनहेड़ा खुर्द के पास कई मजदूर दबे, 2 के शव मिले

फरीदाबाद में जेवर फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दौरान भारी क्रेन पलट गई, हादसे के वक्त साइट पर 6 से 7 मजदूर काम कर रहे थे। इस हादसे में 3 से 4 मजदूरों के क्रेन के नीचे दबने की सूचना है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ उपमंडल के गांव पनहेड़ा खुर्द के पास जेवर एक्सप्रैसवे से जुड़े फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दौरान गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। निर्माण स्थल पर गार्डर उठाने के लिए इस्तेमाल की जा रही भारी क्रेन अचानक असंतुलित होकर पलट गई। जिसके नीचे कई मजदूरों के दबने की सूचना है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास काम कर रहे मजदूरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया। दोपहर के समय क्षेत्र में तेज बारिश हुई थी, जिससे निर्माण स्थल पर काफी कीचड़ और



फिसलन हो गई थी। बारिश रुकने के बाद मजदूर दोबारा निर्माण कार्य में जुट गए। इसी दौरान गार्डर उठाने का काम किया जा रहा था कि अचानक भारी क्रेन का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय वहां करीब 6 से 7 मजदूर मौजूद थे। इनमें से 3 से 4 मजदूर क्रेन के नीचे दब गए।

#### मजदूरों को निकालने मशीनों व अन्य संसाधनों की मदद ली गई

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के साथ निर्माण कंपनी के कर्मचारी, स्थानीय ग्रामीण और अन्य लोग भी राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। क्रेन के नीचे दबे मजदूरों को निकालने के लिए मशीनों और अन्य संसाधनों की मदद ली गई। बचाव दल ने घायल मजदूरों को बाहर निकालकर तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

#### निर्माण स्थल पर काम रोक दिया गया

हादसे के बाद निर्माण स्थल पर काम रोक दिया गया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पूरे मामले की जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हादसे में कितने मजदूर घायल हुए हैं। कुछ मजदूरों की मौत होने की भी आशंका जताई जा रही है, लेकिन अभी तक प्रशासन या पुलिस की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के कारण जमीन काफी नरम और दलदली हो गई थी, जिसकी वजह से क्रेन का संतुलन बिगड़ सकता है। वहीं प्रशासन का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और बचाव कार्य पूरा होने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

## दादा की अंतिम सांसों से पहले उजड़ गया परिवार

# शमशान घाट में परिवार की पांच चिताएं देख गमगीन हुआ गुरुग्राम

दिल्ली अग्निकांड में खत्म हुआ अग्रवाल परिवार, मुखाग्नि देने वाला वारिस नहीं

*दिल्ली के मालवीय नगर होटल अग्निकांड ने गुरुग्राम के एक पूरे परिवार को उजाड़ दिया. कैंसर से जूझ रहे पिता से मिलने आए सीए विवेक अग्रवाल, उनकी पत्नी, दो बेटियां और मां समेत आठ रिश्तेदारों की आग में मौत हो गई. गुरुग्राम में जब एक साथ परिवार के पांच सदस्यों की अर्थियां उठीं, तो माहौल गम और चीख-पुकार से भर गया...*

धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित होटल फ्लोरिश स्टे में लगी आग में जिंदा जले गुडगांव के अग्रवाल परिवार के पांचों सदस्यों का वीरवार को सेक्टर-32 श्मशान घाट में नम आंखों के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। एक साथ परिवार के पांच सदस्यों की मौत सेक्टर-46 से लेकर पूरे गुडगांव में शोक की लहर है। हादसे में जान गंवाने वाले सीए विवेक अग्रवाल को उनके चचेरे भाई, पत्नी तर्जनी अग्रवाल को भाई, मां प्रेमलता अग्रवाल को देवर, और दोनों बेटियों जीविशा और वारिया को चचेरे भाइयों ने मुखाग्नि दी। दिल्ली के एम्स में हुए पोस्टमार्टम के बाद सभी शवों को दोपहर गुड़गांव लाया गया।

वहीं दोपहर करीब सवा तीन बजे श्मशान घाट पर अंतिम दर्शन के लिए जब एक साथ पांच चिताएं रखी गई तो वहां मौजूद हर शख्स का कलेजा कांप उठा। जैसे ही चिताओं को अग्नि दी गई, श्मशान घाट में मौजूद रिश्तेदारों और पड़ोसियों की चीत्कारों से पूरा माहौल गमगीन हो गया। वहां मौजूद लोग इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहे थे कि पूरा का पूरा परिवार एक झटके में खत्म हो गया।



#### दादा को देखने आए थे, हो गई मौत से मुलाकात

इस हादसे ने न केवल एक परिवार को खत्म कर दिया, बल्कि उन तमाम लोगों को भी गहरे सदमे में डाल दिया है जिन्होंने इस परिवार को करीब से देखा था। गुरुग्राम में उठीं एक साथ पांच अर्थियों का दृश्य लोगों की यादों में लंबे समय तक बना रहेगा।

#### होटल में लगी आग में झुलसा परिवार

दरअसल, सेक्टर-46 के मकान नंबर 3169 में विवेक अग्रवाल अपनी पत्नी तर्जनी, मां प्रेमलता, पिता राधेश्याम अग्रवाल, बेटी जीविशा, बेटी वरिया, और बेटा रहते थे। पिता की तबीयत कई दिनों से अधिक खराब होने के कारण उन्हें साकेत के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया था। सीए विवेक अग्रवाल परिवार समेत मालवीय नगर के होटल फ्लोरिश स्टे में रुके थे। वहीं बेंगलुरु में बीटेक कर रही बड़ी बेटी जीविशा दादा की खबर सुनते ही फ्लाइट से दिल्ली पहुंची थी। मंगलवार सुबह ब्रेकफास्ट के वक्त होटल में आग इतनी तेजी से फैली कि परिवार को संभलने का मौका तक नहीं मिला। दम घुटने और बुरी तरह झुलसने से परिवार व रिश्तेदार सहित आठ लोगों की मौत हो गई। जिनमें विवेक अग्रवाल, उनकी पत्नी तर्जनी अग्रवाल, मां प्रेमलता अग्रवाल, बेटी जीविशा अग्रवाल, वारिया अग्रवाल के अलावा विवेक का मामा अशोक पंसारी, मौसा रिटायर्ड बैंक अधिकारी जवरी लाल अग्रवाल और मौसी कमला अग्रवाल शामिल थे।

## डीसीपी ने मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक

# सीसीटीवी कैमरे लगवाने, प्रतिबंधित दवाइयां न रखने व बेचने की सलाह दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

प्रतिबंधित दवाइयों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के चलते डीसीपी बल्लभगढ़ प्रतीक अग्रवाल ने लघु सचिवालय बल्लभगढ़ स्थित अपने कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बल्लभगढ़ जॉन के मेडिकल स्टोर संचालकों ने भाग लिया। इस दौरान केमिस्टध्मेडिकल स्टोर संचालकों को अपनी.अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा प्रतिबंधित दवाइयां न रखने व बेचने बारे आवश्यक निर्देश दिए।

पुलिस एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत आपराधिक मामलों पर कार्रवाई करने तथा प्रतिबंधित दवाइयों पर रोक लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जिसके चलते पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़, प्रतीक अग्रवाल ने मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया है। गोष्ठी के दौरान उपस्थित संचालकों को एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रतिबंधित दवाइयां के बारे में अवगत कराया गया।

#### संदिग्ध व्यक्ति की सूचना स्थानीय पुलिस को दें

बैठक में निर्देश दिए गए कि यदि कोई व्यक्ति किसी प्रतिबंधित दवा को खरीदने आता है अथवा किसी व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होती हैं, तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके।

#### युवाओं को नशे की लत से बचाने समन्वय के साथ काम करें

उन्होंने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने और युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए पुलिस एवं मेडिकल स्टोर संचालकों के बीच समन्वय होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी मेडिकल स्टोर संचालक कानून का पालन करेंगे तथा नशा पर अंकुश लगाने में फरीदाबाद पुलिस का सहयोग करेंगे। बैठक में उपस्थित मेडिकल स्टोर संचालकों ने भी पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## जुआ अधिनियम के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई

# एक दिन में सट्टा खाई करने वाले आठ गिरफ्तार, 25,030 बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा जुआ एवं सट्टा गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते अपराध शाखाओं ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 3 जून को सट्टा खाई करते हुए 8 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जा से कुल 25030 की नकदी बरामद की गई है।

अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुमताज आलम निवासी ठाकुरगंज कासगंज बिहार हाल शिव दुर्गा विहार लक्कड़पुर को सट्टा खाई करते हुए 5,800 सहितए अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने सुरेश निवासी ओम एन्क्लेवए



फरीदाबाद को 1,570 तथा मोहम्मद इस्लाम निवासी तुगलकाबाद एक्सटेंशन, दिल्ली को 1560 सहित तथा अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने भानू निवासी बदरपुर दिल्ली को 4260 सहित गिरफ्तार किया।

इसी प्रकार अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने इमरान अली को 2210 तथा दीपक अरोड़ा को 2,310 सहित अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने मोहित को 2,570 सहित तथा अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने जोगिंदर को 4,750 सहित गिरफ्तार किया।

## सिहानी गेट इलाके से लूटी थी चेन

# पुलिस मुठभेड़ में चेन लुटेरे घायल तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

स्वाट टीम, नगर जोन व थाना सिहानीगेट पुलिस ने हमदर्द चौराहा क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान दो शातिर चेन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस करवाई में।दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लोहियानगर क्षेत्र में महिला के गले से मंगलसूत्र छीनने वाले दो व्यक्ति छीने गये मंगलसूत्र को गलाकर बनाये गये सोने के टुकड़े बेचने के लिये हमदर्द ग्राउण्ड में एक सुनार से मिलने आने वाले हैं तथा उनके पास अवैध हथियार भी हो सकते हैं।

#### पुलिस पर फायरिंग की

बाइक पर बैठे दो व्यक्तियों तथा एक अन्य को चिन्हित किया गया। पुलिस को देखकर दोनों व्यक्ति भागने लगे जबकि एक व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पीछा करने पर बाइक फिसलकर गिर गई, जिसके बाद दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। अभियुक्तों ने अपने नाम आमिर तथा संजय सैनी उर्फ शिवा बताए। मौके से गिरफ्तार तीसरे अभियुक्त ने अपना नाम मोनू वर्मा बताया।

#### पेशे से सुनार है मोनू

अभियुक्तों द्वारा स्वीकार किया गया कि उन्होंने लोहियानगर, गोविन्दपुरम एवं संजयनगर क्षेत्र में महिलाओं के गले से चेन एवं मंगलसूत्र लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था और आभूषणों को मोनू वर्मा को देकर गलवाया गया था।

## मुआवजा प्रदान करने की मांग

# नेहरू कालोनी में तोड़फोड़ बंद करवाने सीएम के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सीपीआई एम जिला कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने फरीदाबाद की नेहरू कॉलोनी में जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तोड़फोड़ को बंद करने, लोगों के मकान तोड़े गए उन्हें दूसरी जगह पक्के मकान बना कर देने और नुकसान की भरपाई हेतु पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार फरीदाबाद को सौंपा। शिष्टमंडल में सीपीआई एम के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल जिला कमेटी सदस्य निरंतर पाराशर, ओल्ड फरीदाबाद के ब्रांच सेक्रेटरी वीरेंद्र पाल के अलावा सुदर्शन, संतु सिंह और धीर सिंह उपस्थित रहे।

जिला सचिव ने बताया कि नेहरू कॉलोनी में भारी पुलिस बल की तैनाती में अब तक सैकड़ो घरों को तोड़ दिया गया है। उन्होंने



भाजपा सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नेहरू कॉलोनी के लोगों की सुनवाई किये बगैर ही उनके घरों पर बुलडोजर चला दिए गए। कम से कम उन्हें सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के फैसलों की जानकारी नोटिस के द्वारा देनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। लोकतंत्र में लोगों को अपनी बात को रखने का अधिकार है। आज हजारों लोग बेघर हो गए हैं। अभी भी तोडफ़ोड़ की कार्यवाही जारी है। ऐसे हालातों में गरीब आदमी किस तरह से गुजर बसर करेगा।

## अवैध नशे के हॉट-स्पॉट क्षेत्रों पर फरीदाबाद पुलिस का लगातार

# राजीव कॉलोनी के रहने वाले 4 गिरफ्तार 1.610 किग्रा गांजा पुलिस ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध नशा एवं नशा कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। 3 जून



को फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं ने टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए गांजा बेचने के अलग-अलग मामलों में एक महिला सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 1.610 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। सभी आरोपी हॉट-स्पॉट क्षेत्र राजीव कॉलोनी के रहने वाले हैं। पुलिस प्रवक्ता अनुसार अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने राजीव कॉलोनी निवासी आकाश को 350 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने राजीव कॉलोनी निवासी यशपाल को 350 ग्राम गांजा सहित काबू किया।

#### कॉम्बिंग सर्चिंग, निगरानी एवं छापेमारी चल रही

इसी प्रकार अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने राजीव कॉलोनी निवासी सलीम को 480 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। वहीं अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने एक अन्य मामले में राजीव कॉलोनी निवासी एक महिला को 330 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया।

सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के अंतर्गत मामले दर्ज कर कार्रवाई की गई। फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध नशा कारोबार पर प्रहार करते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते नशे के हॉट.स्पॉट क्षेत्रों में नियमित रूप से कॉम्बिंग सर्चिंग, निगरानी एवं छापेमारी चल रही है। 3 जून को भी अल सुबह अपराध शाखों की 10 टीमों ने राजीव कॉलोनी में सर्चिंग की कार्रवाई की गई है।

## मौके पर बम निरोधक दस्ता

# गुरुग्राम नगर निगम के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

जिले के सेक्टर-34 स्थित नगर निगम के मुख्य कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा यह संदेश एक ई-मेल के जरिए भेजा गया, जिसके बाद पूरे निगम प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, जैसे ही नगर निगम के आला अधिकारियों को इस धमकी भरे मेल की भनक लगी, कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आनंद-फानन में पूरे बहुमंजिला भवन को खाली कराया गया। दफ्तर में मौजूद तमाम अधिकारियों, कर्मचारियों और अपने काम से पहुंचे आम नागरिकों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुग्राम पुलिस की भारी नफरी, बम निरोधक दस्ता (बीडीडीएस) और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं। पूरे निगम कार्यालय को सील कर चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी ली जा रही है।

#### मेल कहां से और किसने भेजा?

पुलिस और खुफिया एजेंसियां इस बात की जांच में जुट गई हैं कि यह मेल कहां से और किसने भेजा है। शुरुआती तौर पर इसे किसी की शरारत भी माना जा रहा है, लेकिन पुलिस कोई कोताही नहीं बरत रही है। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है और आसपास के इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अरशद पुत्रः** नूरदीन, **पताः** I–150 सुंदर नगरी, नंद नगरी, दिल्ली, ने **FIR No. 34/2021 U/S 379/411 IPC थानाः नंद नगरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरशद** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरशद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 34/2021 U/S 379/411 IPC थानाः नंद नगरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अरशद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।


आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7378/NE/2026
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर मिले 3 शव, उड़ गए थे चीथड़े

**धनबाद।** यहां रांची-बोकारो लाइन के रेलवे ट्रैक पर 3 क्षत-विक्षत शव बरामद किए गए हैं। पुलिस को



आशंका है कि ट्रैक पार करने के दौरान हादसे में तीनों की मौत हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। मामला रांची-बोकारो लाइन पर राधागांव रेलवे स्टेशन का है। यहां तीनों के शव गुरुवार को पड़े मिले हैं।

### अविमुक्तेश्वरानंद को सड़क किनारे बिताई रात

**कन्नौज।** गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर गो-विष्टि यात्रा पर निकले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को कन्नौज में



सड़क किनारे रात गुजारनी पड़ी। सड़क किनारे शिविर में रुके स्वामी के आसपास रात भर पुलिस फोर्स को भी तैनात किया गया। उन्होंने सड़क किनारे रुकने का कारण प्रशासन को बताया। आरोप है कि वह एक निजी स्कूल में ठहरना चाहते थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें अनुमति नहीं दी। अनुमति नहीं मिलने के कारण यहां पूरी रात गुजारी।

### 50 राउंड फायरिंग से दहला पटना का खुसरूपुर

**पटना।** पटना पुलिस की नाक के नीच पटना में बहुत बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। पटना के



खुसरूपुर को गोलियां की तड़तड़ाहट से दहलाने का काम अपराधियों ने किया है। खुसरूपुर के चैनपुर गांव में 50 राउंड फायरिंग की गई है। फायरिंग में घायलों में 12 साल की नेहा कुमारी, 50 साल की सोना देवी और 26 साल के दीपक कुमार हैं।

## यूपी में 3 महीने से एक साल तक छात्रों को देगी ट्रेनिंग

# 500 करोड़ खर्च कर योगी सरकार 1300 स्कूलों में शुरू करने जा रही प्रोजेक्ट प्रवीण, स्कूलों से मांगी गई सूची

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार 1300 स्कूलों में बड़ा काम करने जा रही है। स्कूलों में प्रोजेक्ट प्रवीण शुरू किया जाएगा। छात्रों को तीन महीने से लेकर एक वर्ष तक की ट्रेनिंग दी जाएगी।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में 1300 माध्यमिक स्कूलों में छात्रों के हित में योगी सरकार बड़ा काम करने जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूलों में प्रोजेक्ट प्रवीण शुरू करने जा रही है।। छात्रों को तीन महीने से लेकर एक वर्ष तक की ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रोजेक्ट प्रवीण पर सरकार अब 500 करोड़ रुपए खर्च करेगी। तीन महीने से लेकर एक वर्ष तक के ट्रेनिंग कोर्स चलाए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि माधमिक शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर सरकारी स्कूलों की सूची मांगी गई है। जल्द माध्यमिक स्कूलों में ट्रेनिंग शुरू की जाएगी। अभी 1200 स्कूलों में प्रोजेक्ट प्रवीण चलाया जा रहा है। आगे इसकी संख्या बढ़कर 2500 हो जाएगी। कक्षा 9 से



कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। छात्रो

### विशेषज्ञों तथा संस्थाओं से एंकर पार्टनर चयन के लिए आवेदन मांगे

उधर, प्रदेश के युवाओं को रोजागार कौशल प्रशिक्षण तथा उद्योगों की जरूरत के मुताबिक स्किल्ड एवं सेमी स्किल्ड कार्यबल तैयार किया जाए। उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन निदेशालय ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर प्रस्तावित सरदार बल्लभ भाई पटेल एम्पलॉयमेंट जोन के विकास, संचालन के लिए विशेषज्ञों तथा संस्थाओं से एंकर पार्टनर चयन के लिए आवेदन मांगे हैं। उद्योग निदेशक के विजय पांडियन ने बताया कि 11 जून 2026 तक आवेदन विभाग की वेबसाइट पर किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसका मकसद उद्योगों के लिए आवश्यक स्किल्ड एवं सेमी-स्किल्ड कामगार तैयार करने के लिए प्रशिक्षण सुविधाओं का एकीकृत विकास करना है। युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण तथा प्लग एंड प्ले सुविधाएं उपलब्ध कराकर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इसका संचालन 'हब एंड स्पोक' मॉडल पर किया जाएगा।

### अब छात्र पढ़ाई के साथ कौशल प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी हासिल करेंगे

आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटीशियन, हेल्थकेयर, रिटेल व एकाउंटिंग के सेक्टर में तीन महीने से लेकर एक वर्ष तक के सर्टिफिकेट कोर्स में ट्रेनिंग देने की व्यवस्था होगी। छात्र पढ़ाई के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी हासिल कर सकेंगे। उन्हें अपनी रूचि के अनुसार प्रशिक्षण कोर्स तय करने का अवसर दिया जाएगा।

## पर्यटन नीति को लेकर बोले सीएम योगी

**पर्यटन से रोजगार और अर्थव्यवस्था को मिल रही रफ्तार**

# नीम करोली बाबा सर्किट व बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट का किया जाएगा विकास

*यूपी पर्यटन नीति में बदलाव को लेकर सीएम योगी ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की। सीएम योगी ने आगरा, नैमिषारण्य, लखनऊ में चल रही कार्य योजनाओं को लेकर बैठक की और अफसरों को निर्देश जारी किए।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी की पर्यटन नीति में जल्द ही बदलाव किए जाएंगे। पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान सीएम योगी ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा, पर्यटन विकास को केवल आधारभूत संरचना निर्माण तक सीमित न रखकर उसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़ते हुए आगे बढ़ाया जाना चाहिए। मीटिंग में नीम करोली बाबा सर्किट तथा बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट के रूप में नए क्षेत्रों के विकास पर चर्चा हुई। साथ ही 'परंपरा' विरासत अनुभव केंद्र, कृषि पर्यटन तथा वाइनयार्ड पर्यटन जैसी नई अवधारणाओं को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, यूपी केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। पर्यटन विकास के माध्यम से स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान, संस्कृति और सेवा क्षेत्र को भी व्यापक अवसर प्राप्त होंगे।

### सीएम ने की भारतम् मिशन की समीक्षा



भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण से जुड़े ज्ञान भारतम मिशन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की प्राचीन पांडुलिपियां हमारी सभ्यता, दर्शन, विज्ञान और सांस्कृतिक चेतना की अमूल्य धरोहर हैं। इनका संरक्षण और डिजिटलीकरण केवल अभिलेखीकरण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम है। बैठक में अब तक 13 लाख 70 हजार से अधिक पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, डिजिटलीकरण और संरक्षण की प्रगति की जानकारी दी गई। पर्यटन नीति-2022 में प्रस्तावित संशोधनों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेश, नवाचार और अनुभव आधारित पर्यटन का अग्रणी केंद्र बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन नीति ऐसी हो जो निवेश आकर्षित करे, रोजगार बढ़ाए और पर्यटकों को विशिष्ट अनुभव प्रदान करे।

**नैमिषारण्य में कार्ययोजना को मिशन मोड पर बढ़ाएं आगे**

नैमिषारण्य के समग्र विकास की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि भारत की वैदिक ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिक साधना और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत केंद्र है। इसके विकास में धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं के बीच संतुलन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### राष्ट्रनायकों की प्रेरक गाथाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना राष्ट्रीय दायित्व

आगरा में निर्माणाधीन छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय की समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि राष्ट्रनायकों की प्रेरक गाथाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना राष्ट्रीय दायित्व है। संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, स्वराज्य स्थापना, आगरा आगमन, औरंगजेब के दरबार में उनके अदम्य साहस, आगरा से ऐतिहासिक प्रस्थान, राज्याभिषेक, सैन्य नेतृत्व, हिंदवी स्वराज्य, किलों के विकास तथा सुशासन की अवधारणा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला

# यमुना एक्सप्रेस-वे 'नो प्रोटेस्ट जोन' घोषित, धरना-प्रदर्शन पर रोक लगा




एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यमुना एक्सप्रेस-वे पर यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुचारू और बाधारहित बनाए रखने के लिए गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ा कदम उठाया है। यमुना एक्सप्रेस-वे के गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 0 किलोमीटर से 41 किलोमीटर तक के हिस्से को 'नो प्रोटेस्ट जोन' घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय इलाहाबाद हाई कोर्ट के 22 मई के निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है। नए आदेश के तहत एक्सप्रेस-वे के इस क्षेत्र में किसी भी राजनीतिक, गैर-राजनीतिक या अन्य संगठन द्वारा धरना-प्रदर्शन, विरोध प्रदर्शन, रैली अथवा आंदोलन आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी।

### देश के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल है एक्सप्रेस-वे

यमुना एक्सप्रेस-वे देश के प्रमुख और व्यस्ततम मार्गों में से एक है। इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों वाहन दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आगरा के बीच आवागमन करते हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार के धरने या प्रदर्शन से यातायात बाधित होने और यात्रियों को परेशानी होने की आशंका रहती है।

### जनजागरूकता अभियान भी

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट इस आदेश के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चला रहा है। एक्सप्रेस-वे के प्रमुख स्थानों, पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय और संबंधित थाना परिसरों में सूचना बोर्ड लगाए जा रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### पूर्व में 2021....

करना था। यह बदलाव अब अक्टूबर 2025 में अधिसूचित संशोधित रक्षा खरीद नियमावली के साथ मिलकर त्वरित निर्णयों के जरिए रक्षा खरीद को गति प्रदान करेगा। साथ ही रक्षा बलों की आवश्यकतानुसार संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### रक्षा मंत्री संग ....

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, उप वायुसेनाप्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर समेत मंत्रालय के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### भारत सस्ते दाम ...

की गई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने दी है।

**राजनीतिक बदलाव पर हुई चर्चा ?:** वेनेजुएला में राजनीतिक बदलाव से जुड़े एक अन्य प्रश्न के जवाब में रुद्रेंद्र टंडन ने कहा, मैं यह कहना चाहूंगा कि दोनों नेताओं के बीच खुले रूप में बातचीत हुई है। हम जानते हैं कि वेनेजुएला एक बदलाव के दौर से गुजर रहा है और हम एक ऐसी सरकार के साथ काम कर रहे हैं, जो भारत के साथ मित्रवत है और भारत के साथ साझेदारी को बढ़ाने की इच्छुक है। हम भी ऐसा ही चाहते हैं। भारत, वेनेजुएला के बीच द्विपक्षीय साझेदारी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हम करीब से आपस में जुड़े हुए हैं।

**पेट्रोलियम मंत्री से मिलीं राष्ट्रपति:** प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक से पहले विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने वेनेजुएला की राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ शिष्टाचार मुलाकात की थी। इसके अलावा उनकी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री के साथ भी एक मुलाकात हुई है।

### भारत, पसंदीदा....

अन्य मंत्रियों ने यह साफ संदेश दिया है कि वेनेजुएला के लिए भारत एक पसंदीदा ऊर्जा साझेदार है। जिसमें उसकी अर्थव्यवस्था का बड़ा आकार और बीते कुछ वर्षों से वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक स्थिर खरीददार के रूप में बनी हुई भारत की मौजूदगी बड़ी वजह के रूप में उभरी है। इस महीने भारत के लिए वेनेजुएला तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बन गया है। स्वाभाविक रूप से यह हमारी कमर्शियल इकाइयों के लिए भी एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के विक्रेता इस बात को अच्छी तरह से जानते और समझते हैं। खासतौर पर वह इसे भारत के साथ कोई समझौता करते वक्त बेहद अहमियत देते हैं। दोनों देश प्राचीन परंपरागत मित्रता रखने वाले देश हैं, अच्छे-बुरे वक्त में एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। ऐसे में यह हमारे भी हित में हैं कि हम जल्दबाजी में खरीद के बजाय दीर्घकालिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करें।

### बैठक में उठा ....

विस्तार से बातचीत हुई। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय कंपनियों की क्षमता, कम कीमतों पर उपलब्ध करायी जाने वाली उच्च गुणवत्ता आधारित दवाओं, सार्वजनिक स्वास्थ्य के विषय को शामिल किया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य को वेनेजुएला ने चर्चा में प्राथमिकता वाले विषय के रूप में शामिल किया था। जिसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी कैबिनेट के एक मंत्री को वेनेजुएला की राष्ट्रपति को भारत की जन औषधि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया है। जहां तक इस मामले में लंबित पड़ी धनराशि का मसला है। हम जानते हैं कि वेनेजुएला अभी बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। मुझे उम्मीद है कि हमारे साझेदारी आगे बढ़ेगी, हम चर्चा करेंगे।

### ग्लोबल साउथ...

के साथ उठाने को लेकर दोनों देशों ने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यहां बता दें कि वेनेजुएला की राष्ट्रपति बीते 3 जून से भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। जिसके तहत उनकी पीएम मोदी के साथ यह बैठक हुई।

### क्षमता का आकलन ....

चर्चा में शामिल रहा। पीएम मोदी समूह की अध्यक्षता कर रहे हैं, जिसे देखते हुए मामला केवल यहीं तक सीमित रहा। राष्ट्रपति रोड्रिगेज के कार्यक्रम के मुताबिक वह फरीदाबाद में एक फार्मास्युटिकल कंपनी से लेकर गुजरात का दौरा करेंगी। जहां वह टाटा के ऑटोमोटिव क्षेत्र के एक एक्सपीरियंस सेंटर का दौरा करेंगी। वहीं, उनके जामनगर में निजी क्षेत्र की तेल कंपनी की रिफाइनरी को देखने और आंध्र-प्रदेश जाने की भी योजना है।

### आज से भारत...

मालूम हो कि नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने की भारत यात्रा के तुरंत बाद नेपाल के विदेश मंत्री का नई दिल्ली का यह दौरा हो रहा है। आरएसपी अध्यक्ष ने भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के अध्यक्ष नितिन नबीन और विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मुलाकात की थी। इसके अलावा यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है कि इसी साल मार्च महीने में प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के नेतृत्व में गठित की गई नई सरकार के किसी शीर्ष मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। वहीं, इन सबके बीच उक्त सीमावर्ती इलाकों को लेकर भारत ने दो टूक अंदाज में नेपाल के दावे को खारिज करते हुए कहा है कि तीनों जगहों से जुड़ा क्षेत्र उसके अधिकार क्षेत्र यानी उत्तराखंड का हिस्सा है। नेपाल के साथ सीमा विवाद का समाधान करने के लिए भारत को किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की आवश्यकता नहीं है। मामला द्विपक्षीय आधार पर भी हल किया जाएगा।

**मजबूत होगी साझेदारी:** बयान में ये भी कहा गया कि दोनों देशों के बीच होने वाले नियमित आदान-प्रदान की कवायद के बीच विदेश मंत्री खनाल की इस यात्रा की मदद से भारत, नेपाल के बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को भविष्य में और अधिक मजबूती प्रदान करने में मदद मिलेगी। नेपाल के नेताओं में परंपरागत रूप से यह देखने को मिलता है कि वह नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ बनाने को लेकर खासा महत्व देते हैं। इसकी झलक दोनों निकट पड़ोसी देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच स्थापित संबंधों को देखने से मिलती है।

### दोनों विदेश मंत्रियों ....

की जाएगी। साथ ही भविष्य में आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों के मुद्दे पर भी दोनों विदेश मंत्री अपनी बैठक के दौरान विचार-विमर्श करेंगे। ज्ञात हो कि नेपाल के विदेश मंत्री की यह भारत यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब हालिया समय में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री की नेपाल यात्रा को अचानक स्थगित कर दिया गया था। पूर्व में उन्हें नेपाल का दौरा कर प्रधानमंत्री शाह से मुलाकात करनी थी। जिसे लेकर ऐसी चर्चाएं चल रही थी कि विदेश सचिव नेपाल के प्रधानमंत्री को प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से दिए गए भारत यात्रा के निमंत्रण के बारे में व्यक्तिगत रूप से रूबरू कराना चाहते थे। इस मामले पर भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है कि ये यात्रा फिलहाल स्थगित हुई है। लेकिन जल्द ही दोनों देशों की सहमति के साथ नई तारीखों की घोषणा की जाएगी।

### 75 लाख घरों...

विशेष रूप से वंचित परिवारों के बीच कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मॉडल के तहत, राज्यों में लगभग 30 लाख रूफटॉप सोलर लगाने की योजना पहले ही बनाई जा चुकी है, जिसमें यूटिलिटी कंपनियां इसे तेजी से अपनाने और क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल से विशेष रूप से उन परिवारों को फायदा होगा जो 1 किलोवाट से 3 किलोवाट के बीच बिजली की खपत करते हैं, और इससे सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा तक अधिक लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। 65 लाख से अधिक आवेदनों के साथ, इस योजना को पूरे देश में लोगों का ज़बरदस्त समर्थन मिल रहा है और इसे अभूतपूर्व गति मिली है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता तेज़ी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पहले 50 गीगावॉट तक पहुंचने में 96 महीने लगे। अगले 50 गीगावॉट के लिए 36 महीने लगे, और 100 गीगावॉट से 150 गीगावॉट तक पहुंचने में सिर्फ 14 महीने लगे। उन्होंने यह भी कहा कि मई 2026, पीएम सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना के शुरू होने के बाद से सबसे अच्छा महीना रहा, इस एक महीने में रिकॉर्ड 3.16 लाख रूफ़टॉप सोलर लगाए गए और सिर्फ एक दिन में 15,000 घर इस योजना से जुड़े। केंद्रीय मंत्री ने दोहराया कि इस योजना को अपनाने की गति अपने-आप बढ़ गई है; जहां पहले 1 लाख घरों को जोड़ने में 118 दिन लगते थे, वहीं आज यह समय घटकर 8 दिन से भी कम हो गया है। उन्होंने बताया कि 22,750 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दी जा चुकी है, जिसमें सिर्फ मई 2026 में दी गई 2,743 करोड़ रुपये की सब्सिडी भी शामिल है। उन्होंने कहा, ₹पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाते हुए दुनिया के सबसे बड़े आवासीय सौर बाजारों में से एक का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना से पहले जहां हर महीने लगभग 7,000 घरों में रूफटॉप सोलर लगाए जाते थे, वहीं आज यह संख्या बढ़कर हर महीने तीन लाख से भी अधिक हो गई है। 17 लाख से भी अधिक घरों का बिजली बिल अब शून्य हो गया है, जिससे परिवारों को सीधे तौर पर पैसों की बचत हो रही है। मंत्री महोदय ने विश्वास व्यक्त किया कि 2047 तक हर घर में रूफटॉप सोलर की सुविधा होगी, और उन्होंने कहा, ₹पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एक जन-आंदोलन बन जाएगी।₹ केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भविष्य में, जैसे-जैसे स्टोरेज की लागत कम होगी, हम बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों को एकीकृत करेंगे और मॉडल सोलर विलेज पहल के माध्यम से इसके उपयोग को बढ़ाएंगे।

### अग्निवीर योजना....

उसके परिवार के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करे। उनका आरोप था कि अग्निवीर योजना इस व्यवस्था को कमजोर करती है। उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस सत्ता में आने पर इस योजना की समीक्षा कर उसे समाप्त करेगी। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने उत्तराखंड की सैन्य परंपरा की सराहना की और कहा कि राज्य के युवाओं ने हर युद्ध और हर मोर्चे पर देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोगों के भीतर देशभक्ति की विशेष भावना है।

**मोदी सरकार पर रक्षा बजट को लेकर हमला:** राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अग्निवीर योजना का उद्देश्य सैनिकों पर होने वाले खर्च को कम कर रक्षा क्षेत्र के संसाधनों को बड़े उद्योगपतियों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनियों को कमजोर किया गया और रक्षा क्षेत्र के बड़े ठेके चुनिंदा उद्योग समूहों को सौंपे गए। उन्होंने पूर्व सैनिकों की विकलांगता पेंशन और वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) का मुद्दा भी उठाया तथा दावा किया कि सरकार सैनिकों के हितों की उपेक्षा कर रही है।

**अमेरिका के साथ समझौतों पर सवाल:** राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की विदेश और आर्थिक नीतियों की भी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल में अमेरिका के साथ हुए समझौतों के कारण भारत की ऊर्जा सुरक्षा, कृषि क्षेत्र और डेटा सुरक्षा प्रभावित हुई है। उनका कहना था कि भारतीय कृषि क्षेत्र को अमेरिकी उत्पादों के लिए खोलने से छोटे किसानों को नुकसान होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने भारत के डेटा और बाजारों को विदेशी हितों के लिए उपलब्ध कराया है।

**छोटे उद्योगों और रोजगार पर चिंता:** कांग्रेस नेता ने कहा कि नोटबंदी और जीएसटी के बाद देश के लघु एवं मध्यम उद्योग पहले ही संकट में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका से बड़े पैमाने पर आयात बढ़ाने की प्रतिबद्धता से घरेलू उद्योगों और रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा:** राहुल गांधी ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने दावा किया कि देश की सुरक्षा और रणनीतिक निर्णयों पर सरकार की नीतियां सवालों के घेरे में हैं। साथ ही उन्होंने बड़े उद्योग समूहों को बंदरगाह, हवाई अड्डे और रक्षा क्षेत्र से जुड़े ठेके दिए जाने को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बताया।

**अंत में मांगी माफी:** अपने संबोधन के अंत में राहुल गांधी ने एक बार फिर खराब मौसम के कारण कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हो पाने पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में उत्तराखंड आकर पूर्व सैनिकों से प्रत्यक्ष मुलाकात करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों को राष्ट्र सेवा के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि कांग्रेस सेना और सैनिकों के सम्मान तथा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### कांग्रेस अध्यक्ष...

से राज्यसभा की चार सीटों के लिए चुनाव 18 जून को होने हैं। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यकाल भी 25 जून को समाप्त हो रहा है और उनके पुनर्निर्वाचन की संभावना प्रबल मानी जा रही है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून निर्धारित की गई है।

**खरगे के समर्थन में शक्ति प्रदर्शन:** कांग्रेस के भीतर राहुल गांधी की बेंगलुरु यात्रा को पार्टी नेतृत्व की एकजुटता के प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक के राजनीतिक घटनाक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई है। नई सरकार के गठन, मंत्रिमंडल के स्वरूप और राज्यसभा उम्मीदवारों के चयन को लेकर दोनों नेताओं ने कई दौर की बैठकों का नेतृत्व किया है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि राहुल गांधी की मौजूदगी यह संदेश देने की कोशिश होगी कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व राज्यसभा चुनाव को महज एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण राजनीतिक अवसर के रूप में देख रहा है।

**नए मुख्यमंत्री और नए प्रदेश अध्यक्ष के साथ पहली बड़ी बैठक संभव:** कर्नाटक में हाल ही में सत्ता परिवर्तन के बाद डी.के. शिवकुमार ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। वहीं वरिष्ठ नेता बी.के. हरिप्रसाद को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष बनाया गया है। ऐसे में राहुल गांधी की यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री शिवकुमार, प्रदेश अध्यक्ष हरिप्रसाद और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ संगठनात्मक तथा राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवारों के चयन, संगठन के पुनर्गठन और नई सरकार की प्राथमिकताओं पर भी विचार-विमर्श हो सकता है।

**कांग्रेस के लिए अहम है राज्यसभा चुनाव:** विधानसभा में स्पष्ट बहुमत के कारण कांग्रेस को कर्नाटक की चार राज्यसभा सीटों में से तीन सीटें जीतने की मजबूत संभावना है। ऐसे में पार्टी उम्मीदवारों के चयन को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर भी दिलचस्पी बनी हुई है। खड़गे के अलावा अन्य संभावित उम्मीदवारों के नामों पर भी अंतिम फैसला जल्द होने की उम्मीद है। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि कांग्रेस राज्यसभा चुनाव के जरिए दक्षिण भारत से अपने राष्ट्रीय नेतृत्व को और मजबूत संदेश देना चाहती है।

**राष्ट्रीय राजनीति के संकेत:** राहुल गांधी का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब कांग्रेस विभिन्न राज्यों में संगठनात्मक पुनर्गठन, विपक्षी रणनीति और संसद के आगामी सत्र की तैयारी में जुटी हुई है। कर्नाटक वर्तमान में कांग्रेस का सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक गढ़ माना जाता है और पार्टी नेतृत्व राज्य की नई सरकार को राष्ट्रीय राजनीति के मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा है। इसी कारण राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और नए प्रदेश अध्यक्ष बी.के. हरिप्रसाद की संभावित संयुक्त उपस्थिति को कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्यसभा नामांकन के बहाने यह दौरा संगठनात्मक एकजुटता और आगामी राजनीतिक रणनीति का भी प्रदर्शन बन सकता है।

**दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

दिल्ली ट्रांसको लि., रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार का उपक्रम, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :

**निविदा सं. टी26पी630001 :** भारथल में 220/66 केवी जीआईएस सब स्टेशन के डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन समेत पूर्ण सिविल कार्य और ऑटोमेशन, के साथ-साथ टर्नकी आधार पर भारथल में 220 केवी डी/सी बामनौली-डायल ओवरहैड ट्रांसमिशन लाइन का एलआईएलओ।

निविदा के सम्पूर्ण विवरण हेतु कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स पर पधारें :

https://govtprocurement.delhi.gov.in (निविदा आईडी नं. 2026_DTL_292592_1) और www.dtl.gov.in सहित यूनिक नं. DTL-0038-040626

बोली जमा हेतु अन्तिम तिथि : 20.07.2026 को अप. 01:30 बजे

इस ई-निविदा के सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/संशोधन/विस्तार की तिथि/स्पष्टीकरणों इत्यादि को केवल उपरोक्त वेबसाइट पर डाला जाएगा। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना चाहिए।

**दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

दिल्ली ट्रांसको लि., रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार का उपक्रम, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :

**निविदा सं. टी26पी750006 :** 220 केवी एसओडब्ल्यू-मंदोला सीकेटी I,II,III और IV के ट्रांसमिशन टावर्स हेतु रिवेटमेंट का निर्माण, 220केवी अण्डर ग्राउंड केबल द्वारका से पीपीके, सीकेटी नं. I और II निकट आईजीएल फिलिंग स्टेशन हेतु सपोर्ट ट्रेंच और सार्वजनिक शौचालय, सैक्टर-02, द्वारका का निर्माण और 220 सब स्टेशन मस्जिद मोठ में भवनों का बाहरी और आंतरिक फिनिशिंग कार्य।

निविदा के सम्पूर्ण विवरण हेतु कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स पर पधारें :

https://govtprocurement.delhi.gov.in (निविदा आईडी नं. 2026_DTL_292493_1) और www.dtl.gov.in सहित यूनिक नं. DTL-0031-020626

बोली जमा हेतु अन्तिम तिथि : 02.07.2026, 13:00 बजे

इस ई-निविदा के सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/संशोधन/विस्तार की तिथि/स्पष्टीकरणों इत्यादि को केवल उपरोक्त वेबसाइट पर डाला जाएगा। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना चाहिए।

जागरूकता

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। आओ, हम अपने पर्यावरण की वर्तमान स्थिति के बारे में जानें। साथ ही इस बात को भी जानें कि हम बच्चे अपने पर्यावरण को कैसे प्रदूषणमुक्त और सुरक्षित रख सकते हैं।

# छोटे-छोटे कदम उठाकर हम करें पर्यावरण की रक्षा



बच्चो, हमारा पर्यावरण हमारे जीवन का आवरण है, जो हमें हर ओर से घेरे हुए है। प्यारे-प्यारे पशु-पक्षी, हरे-भरे पेड़ पौधे, सुंदर-मनमोहक नदी-पहाड़, समुंदर, तालाब और हम इंसान सब इस घेरे में ही रहते हैं। धरती, जल, आकाश और वायु से बना पर्यावरण यूं तो खुद को शुद्ध और स्वच्छ रखना जानता है, लेकिन हम इंसानों की एक्टिविटीज ही इसे दूषित कर रही हैं। इसीलिए पर्यावरण की संभाल-देखभाल बहुत जरूरी है। सबसे बड़ी बात यह है कि पर्यावरण की रक्षा हम छोटे-छोटे कदम उठाकर भी कर सकते हैं। तुम भी अपने रूटीन में कुछ आदतों को शामिल कर अपनी धरती और अपने पर्यावरण के रंगों को सहेज सकते हो। इसके लिए, तुम्हें यह जानना चाहिए कि वे कौन से कारण हैं, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है।



### बदलता मौसम

बच्चो, तुमने घर के बड़ों को अकसर यह कहते हुए सुना होगा कि पहले तो इतनी गर्मी नहीं होती थी। कुछ साल पहले तक ठिठुराने वाली ऐसी ठंड भी नहीं पड़ती थी। बरसात भी समय पर होती थी। अच्छी बारिश से हरियाली भी खूब रहती थी। लेकिन अब तुम खुद देख रहे हो कि मौसम का रूप पूरी रह बदल गया है। झुलसाने वाली गर्मी हो या कड़ाके की ठंड, मौसम के बदलते रंग-ढंग के पीछे पर्यावरण असंतुलन ही है। यह असंतुलन इंसानों की गतिविधियों से कुदरत को पहुंचे नुकसान का नतीजा है। यही स्थिति बनी रही तो प्यारी-प्यारी तितलियां, हरे-भरे पार्क, रंग-बिरंगे फूलों से सजा स्कूल कैंपस और सहन करने लायक मौसम हमारे लिए सपना बन जाएंगे।

### मौसम का बदलता पैटर्न

बच्चो, पर्यावरणीय असंतुलन की वजह से मौसम का पैटर्न भी बदलता है। मौसम के पैटर्न का बदलना हमारे जीवन के हर पहलू पर नकारात्मक असर डालता है। इससे बीमारियां बढ़ती हैं। बेमौसम बहुत ज्यादा बरसात होने से बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। बारिश की कमी से सूखे की स्थितियां बन जाती हैं। ऐसे में आने वाले कल की बेहतरी के लिए आज ही हम सबको सजग होना होगा। ग्लोबल वार्मिंग की अलार्मिंग स्थितियों में पर्यावरण रूपी अनमोल धरोहर की रक्षा में जुट जाना होगा। कुदरत के हर हिस्से से मिल रही वॉर्निंग्स को सुनना और हमारे पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में सही कदम उठाना हम सभी का कर्तव्य है।



### क्लाइमेट चेंज का नतीजा

बच्चो, क्लाइमेट चेंज का ही नतीजा है कि कहीं पहाड़ दरक रहे हैं तो कहीं नदियां सूख रही हैं। दुनिया के किसी कोने में ग्लेशियर पिघल रहे हैं, तो कहीं रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है। ऐसा सब होना और तेजी से होना, वाकई चिंता की बात है। इस साल पर्यावरण दिवस पर लोगों को जागरूक करने वाला यह विषय साफ-साफ समझा रहा है कि हमारी धरती हमसे बहस नहीं करती। हमारा घर कहा जाने वाला यह प्लेनेट कोई बातचीत नहीं करता। वह सिर्फ संकेत भेजता है। ग्लेशियर पिघलने से बढ़ते समुद्र, जंगल में आग की बढ़ती घटनाएं, बेहद गरम या ठंडी हवाएं, ऐसी बहुत सी बातें बिगड़ते पर्यावरण के ही इशारे हैं। चिंता की बात है कि हम सब ऐसे सिग्नल्स की अनदेखी कर रहे हैं। हमारी प्यारी पृथ्वी द्वारा भेजे जा रहे संकेतों के प्रति नासमझ बने बैठे हैं। वर्ल्ड एनवॉयरनमेंट-डे हमारी इस लापरवाही को लेकर चेताने वाला दिन है।

### क्लाइमेट केयर है जरूरी

बच्चो, क्लाइमेट चेंज जैसी स्थिति से निपटने के लिए हमें प्रॉपर क्लाइमेट केयर करना होगा। तभी जाकर हमारा एनवॉयरनमेंट भी संतुलित और सुरक्षित रहेगा। इसके लिए तुम भी अपना योगदान दे सकते हो, बस तुम्हें अपने डेली-हैबिट्स में थोड़ा-सा बदलाव लाना होगा। पानी बचाना, फूड वेस्ट न करना, अपने कमरे से बाहर आते हुए बिजली-पंखे के स्विच बंद करना, कूड़ा-कचरा को सही जगह फेंकना, साफ-सफाई का ध्यान रखना... जैसी छोटी-छोटी बातें भी बहुत बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

बच्चो, असल में बात केवल अपनी जिम्मेदारी समझने की है। पर्यावरण सहेजने के लिए घर के छोटे-बड़े सभी सदस्यों को क्लाइमेट वॉरियर बनना होगा। आस-पास जाने के लिए पैदल चलना या साइकिल का इस्तेमाल करना, बाहर जाते हुए अपने साथ एक थैला लेकर चलने और प्लास्टिक से दूरी बनाने तक। सब कुछ क्लाइमेट केयर से जुड़ा है। यूनाइटेड नेशंस द्वारा तय किया गया यह दिन, पर्यावरण की सेफ्टी और स्वास्थ्य के साथ ही दुनिया भर के लोगों की भलाई से भी जुड़ा है। ऐसे में क्लाइमेट केयर करना कहीं न कहीं खुद अपनी और अपने एनवॉयरनमेंट की देखभाल करने जैसा ही है। *



### जागरूक करता खास दिन

विश्व पर्यावरण दिवस, पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता लाने से जुड़ा एक विशेष दिन है। इससे जुड़ी अवेयरनेस कैंपेन में हर साल खास थीम के साथ लोगों को जागरूक किया जाता है। इस साल का विषय क्लाइमेट चेंज से जुड़ा है। इस साल पर्यावरण दिवस 'नाउ फॉर क्लाइमेट' थीम-टैगलाइन के तहत बिना देरी किए कार्रवाई करने का संदेश लिए है। यह पृथ्वी, पर्यावरण और मौसम के बदलावों से मिल रही चेतावनी को समझने से भी जुड़ा है।

---

बच्चो, बिजली की बचत और सौर ऊर्जा का अधिक उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बहुत जरूरी है। सौर ऊर्जा के महत्व, उसके इस्तेमाल के साथ जानो कि तुम किन तरीकों से बिजली की बचत में अपना योगदान दे सकते हो?

# बिजली और सौर ऊर्जा का समझदारी से करो उपयोग

पहल

डॉ. दीपक कोहली



बच्चो, राजमर्रा के जीवन में हमारे चारों तरफ बिजली यानी विद्युत ऊर्जा का इस्तेमाल कई तरह से होता है जैसे-घर, स्कूल, पार्क, खेल के मैदान, खेल के उपकरण और छोटे-छोटे खिलौने तक में। लेकिन क्या तुम जानते हो कि पृथ्वी पर सूरज से इतनी ऊर्जा आती है कि अगर हम इसका सही इस्तेमाल करें, तो बहुत सारी बिजली बचाई जा सकती है? सूर्य से मिलने वाली इस ऊर्जा को सौर ऊर्जा कहते हैं।

**क्या है सौर ऊर्जा:** सौर ऊर्जा सूरज की किरणों से प्राप्त होती है। यह स्वच्छ, प्राकृतिक और नवीकरणीय (रीन्यूएबल) ऊर्जा है। इसका मतलब है कि यह कभी खत्म नहीं होती और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाती। आजकल तो घरों, स्कूलों, स्ट्रीट लाइट और खेतों में पानी के पंप चलाने तक में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल होने लगा है।



**किस तरह करती है काम:** सूरज की किरणें जब सोलर पैनल पर पड़ती हैं, तो ये पैनल सूरज की रोशनी को विद्युत ऊर्जा में बदल देते हैं। यह बिजली घर में लाइट, पंखे और छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चलाने में काम आती है। सोचो, अगर हर घर और स्कूल में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल इस तरह से हो, तो बिजली की कमी नहीं होगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।

**सौर ऊर्जा से करो ये छोटे-छोटे प्रयोग:** बच्चो, तुम घर या स्कूल में अपने पैरेंट्स की निगरानी में या फिर टीचर की गाइडेंस से छोटे सोलर पैनल से चलने वाले खिलौने बना सकते हो। इससे तुम्हें सौर ऊर्जा के काम करने का तरीका समझ में आएगा। दोस्तों के साथ मिलकर छोटे-छोटे प्रयोग और प्रतियोगिताएं आयोजित कर सकते हो। स्कूल में, घरों में और अन्य स्थानों पर सोलर पैनल लगाने के प्रयोग दिखाकर सभी को इसके बारे में बता सकते हो। इस प्रकार तुम सब बच्चे सौर ऊर्जा के बारे में समझकर, इसका प्रयोग करके और अपनी रोजमर्रा की आदतों में बदलाव लाकर ऊर्जा की बचत कर सकते हो, पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दे सकते हो।

**तुम भी बचाओ ऊर्जा:** सोलर एनर्जी के यूज को बढ़ाने के साथ ही एनर्जी कंजर्वेशन यानी घरों में आने वाली विद्युत ऊर्जा की बचत करना भी जरूरी है। तुम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से ऊर्जा की बचत कर सकते हो। जैसे- जब कमरे में रोशनी की जरूरत न हो तो लाइट्स बंद कर दो। कमरे की खिड़कियों से आ रही प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल करो। पंखे और टीवी जैसे इलेक्ट्रिक उपकरणों का जब इस्तेमाल नहीं करना हो तो इन्हें बंद कर दो। घर में सबके साथ मिलकर 'एक घंटा बिना बिजली' जैसी एक्टिविटी करो। अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी ऊर्जा बचाने के तरीकों के बारे में बताओ।

जरा सोचो बच्चो, अगर हर बच्चा अपने घर, स्कूल और आस-पास के क्षेत्र में बिजली का समझदारी से इस्तेमाल करे और सौर ऊर्जा का अधिक इस्तेमाल करे तो हमारे गांव, शहर और देश में बिजली की कितनी बचत होगी। साथ ही हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। *

---

तुम्हारे लिए प्रेरक किताब / विज्ञान भूषण

# पर्यावरण के प्रति हमें जागरूक बनाता उपन्यास

बच्चो, यह तो तुम जानते ही हो कि इस समय पूरी दुनिया पर पर्यावरण का संकट मंडरा रहा है। इस संकट को दूर करने में केवल बड़े ही नहीं बच्चे भी अपने स्तर पर प्रयास कर सकते हैं, लोगों में जागरूकता फैला सकते हैं। बाल उपन्यास 'हरियाली की ओर' भी कुछ ऐसा ही संदेश देता है। इसकी लेखिका प्रसिद्ध बाल साहित्यकार मीनू त्रिपाठी हैं, जिन्हें इस पुस्तक के लिए 'हरिकृष्ण देवसरे बाल साहित्यकार सम्मान-2025' से सम्मानित किया गया है।



इस उपन्यास की मुख्य पात्र वंशिका है, जो समझदार होने के साथ थोड़ी चंचल भी है। वह बहुत अच्छी एक्टिंग कर लेती है। इसीलिए थोड़ी नाराजगी के बावजूद नाटक मंचन का आयोजन करने वाले नीलेश सर, उसे स्कूल के समारोह में होने वाले नाटक (सिर सांठें रूंख..) के मंचन में अमृता देवी (जिन्होंने करीब तीन सौ साल पहले राजस्थान के खेजड़ली गांव में पेड़ों को कटने से बचाने के लिए अपनी तीन बेटियों के साथ बलिदान दे दिया था) की मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिलता है। वंशिका के पापा और मम्मी भी उसे पर्यावरण संरक्षण के बारे में वन के महत्व और चिपको आंदोलन जैसी बहुत सी बातें बताते हैं, उसे प्रेरित करते हैं। कई भावुक और रोमांचक घटनाओं के साथ अंत में वंशिका बड़े साहस से अपने पापा को भी एक मुसीबत से बचाती है। पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रोचक तरीके से प्रस्तुत करता यह उपन्यास बच्चो, तुम्हें जरूर पसंद आएगा और अपने आस-पास के पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित भी करेगा। निश्चित ही इससे तुम भी अपने आस-पास के पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करोगे। *

**किताब:** हरियाली की ओर (बाल उपन्यास), **लेखिका:** मीनू त्रिपाठी, **मूल्य:** 140 रुपए, **प्रकाशक:** प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली

---



कहानी

डॉ. विमला भंडारी

मुन्ना एक दिन तेज गर्मी से बेहाल था। बिजली भी नहीं आ रही थी, जो उसे पंखे, एसी की हवा में राहत मिलती। मम्मी गर्मी की तेज धूप में उसे बाहर भी नहीं जाने दे रही थीं। मुन्ना को जब मम्मी ने इस भीषण गर्मी की वजह बताई तो उसने जो कोशिश की, वह कोशिश पर्यावरण संरक्षण के लिए हर बच्चे को करनी चाहिए।

# प्रकृति से दोस्ती



एआई इमेज

दो पहर में मुन्ने का जो रोना शुरू हुआ, थमने का नाम ही नहीं ले रहा था। गर्मी ने उसकी हालत खराब कर दी थी। उसका छोटा-सा चेहरा लाल हो गया था। पसीना बालों से टप-टप पानी की तरह गिर रहा था। वह बार-बार अपने नन्हे हाथ चेहरे पर ले जाकर पसीना पोंछता और रोते हुए कहता, 'उऊं मां... बहुत गर्मी लग रही है... अब क्या करें, कहां जाएं... इस गर्मी से कैसे छुटकारा पाएं? तुम बाहर भी नहीं निकलने देतीं... बिना दोस्तों के कैसे मन बहले?'

मां ने मुन्ना को गोद में उठाया और प्यार से सहलाते हुए बोलीं, 'चुप हो जा बेटा... लाइट भी चली गई है। देख, पंखा भी बंद है, फ्रिज भी... ऐसी गर्मी में तो...।'

'...तुम तो मुझे ठंडा पानी ही ला दो। जरा मुंह धो लूं और पी भी लूंगा।' मुन्ना बीच में ही बेचैन स्वर में बोला।

'अब ठंडा पानी कहां से लाऊं?' मां मुन्ने की तरफ देखते हुए बोलीं। पास में बैठा डॉग रॉकी भी हांफ रहा था। उसकी जीभ बाहर लटक रही थी। मुन्ना उसे देखकर बोला, 'मां, रॉकी को देखो, इसको क्या हो गया है? इसने क्यों जीभ बाहर निकाल रखी है? क्या इसको भी बहुत गर्मी लग रही है... यह भी मेरी तरह खेलने नहीं जा पा रहा...।'

मां ने गहरी सांस ली और बोलीं, 'बेटा, यह सिर्फ गर्मी नहीं है, यह तो हमारी गलती का नतीजा है।'

मुन्ना थोड़ी देर के लिए चुप हो गया। उसने मां को देखा, मां आसमान की ओर इशारा कर रही थीं। मुन्ना ने आसमान की ओर देखा, सूरज आग उगल रहा था। उसने पूछा, 'मां, क्या सूरज गुस्सा है?'

मां हंसी फिर बोलीं, 'सूरज गुस्सा नहीं है बेटा... लेकिन हमने धरती को इतना बदल दिया है कि अब गर्मी ज्यादा लगने लगी है। जब मैं छोटी थी, तब हमारे घर में बड़ा-सा आंगन होता था। उसमें नीम और आम के पेड़ होते थे। उनकी छांव इतनी ठंडी होती थी कि बिजली से चलने वाले पंखे की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। एसी और कूलर तो थे ही नहीं। केवल हाथ से चलने वाली छोटी पंखी होती थी। उसकी जरूरत भी कभी-कभी पड़ती थी।'

मां मुन्ने को पंखी की कहानी सुनाने लगीं कि वह कैसे धागे से कशीदा करके सुंदर-सुंदर पंखियां बनाती थीं। गर्मी को भूल कहानी में डूबे मुन्ना ने हैरानी से पूछा, 'क्या.. सच मां? फिर पानी ठंडा कैसे होता था? क्या उसको भी पंखी से हवा करते थे?'

मां ने पास रखी एक पुरानी मटकी की ओर इशारा किया, 'ऐसी ही मटकी में पानी रखते थे। इसमें पानी ठंडा रहता था। चाहे कितनी भी गर्मी हो, मटकी में हमेशा ठंडा पानी मिलता था। खूब ठंडे पानी के लिए गीला कपड़ा मटकी के चारों ओर लपेट देते थे और पेड़ की छाया के नीचे गीली मिट्टी में रख देते थे। इससे तो मटकी से बहुत ही ठंडा पानी मिलता था। मेरे ननिहाल में तो रात को पलंग के पास सुराही में पानी भरकर रखते थे।' 'यह सुराही क्या होती है मां?' मुन्ना ने आंखें झपकाते हुए पूछा।

'सुराही मिट्टी की बनी होती है। तुम्हारी वाटर बॉटल की तरह होती थी। इसमें भी मटकी की तरह बड़ा ठंडा पानी मिलता था। सब मिट्टी और पेड़ की माया थी।' मां मुन्ने को समझाते हुए बोलीं। मुन्ना धीरे-धीरे शांत होने लगा। उसने रॉकी की ओर देखा, वह भी कान खड़े किए मानो ठंडे पानी और ठंडी छाया की बात शांत मन से सुन रहा था। मुन्ना बोला, 'मां, अगर हम भी पेड़ लगाएंगे तो क्या फिर ठंडी छांव मिलेगी?'

मां के चेहरे पर हल्की मुस्कान आ गई, 'हां, बेटा, बिल्कुल मिलेगी। अगर हम पेड़ लगाएंगे, पानी बचाएंगे और प्रकृति का ध्यान रखेंगे, तो गर्मी भी कम लगेगी।'

अगले ही दिन, मुन्ना ने शावर नहीं चलाया और बाल्टी में पानी भर के नहाया। उसने बेसिन का नल भी खुला नहीं रखा, मुंह-हाथ धोने के बाद नल बंद कर दिया। मां बोली, 'आज गमले में एक पौधा लगाएंगे।'

'मां क्या आम का पेड़ लगाएंगे?' मुन्ना ने उत्साह से पूछा।

मां हंसते हुए बोलीं, 'हमारे घर अब छोटे हो गए हैं। यहां आम का पेड़ नहीं लगा सकते, पर गमले में किसी बेल का पौधा जरूर लगाएंगे, जो चारों तरफ बालकनी में फैल जाएगी और फिर हमें थोड़ी छाया और ठंडी हवा देगी। अगर तुम्हें पेड़ लगाना है तो घर के बाहर खाली मैदान में लगा सकते हो।' मुन्ने ने घर की बालकनी में गमले में बेल तो लगाई ही, मां के साथ मिलकर घर के बाहर की जमीन एक छोटा-सा पौधा लगाया। मुन्ना रोज उसे पानी देता और रॉकी उसकी रक्षा के लिए उसके पास बैठा रहता। कुछ दिनों बाद वह पेड़ बड़ा हो गया। मुन्ना ने मां से कहा, 'अब तो यह बड़ा होकर हमें छाया देगा ना!'

मां ने उसे गले लगाते हुए कहा, 'हां बेटा, यह पेड़ सिर्फ तुम्हारी पीढ़ी को ही नहीं, तुम्हारी अगली पीढ़ियों को भी छाया देगा। तुमने पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा की है। बेटा, तुमने एक बड़ा काम किया है।'

मुन्ना खुश था। अब उसे समझ आ गया था कि गर्मी से लड़ने का असली उपाय पंखा-एसी-फ्रिज नहीं, बल्कि प्रकृति से दोस्ती है। इस धरती और पर्यावरण को बचाना है, तो निरंतर हमें पेड़ लगाने होंगे। *

---

कविता

डॉ. उमेश चंद्र सिरसवारी



एआई इमेज

## मिलकर पर्यावरण बचाएं!

धरती मां की सुनो पुकार,
पेड़-पौधों से करो प्यार।
नदियां कहतीं, जल बचाओ,
आओ बच्चो कदम बढ़ाओ।
चिड़िया गाए, पवन मुस्काए,
हरी-भरी धरती हर्षाए।
सब मिलकर पौधे लगाएं,
सुंदर अपना भविष्य बनाएं।
कूड़ा न फेंकें इधर-उधर,
स्वच्छ रखें हर गली-डगर।
जल हो निर्मल शुद्ध हवा हो,
प्रदूषण कहीं भी न जरा हो।
धरा के रक्षक बनें सब बच्चे,
काम करें हम अच्छे-अच्छे।
गाएं, खेलें, हाथ मिलाएं,
सब मिलकर पर्यावरण बचाएं!

---

## जीके क्विज-208

1. हरे पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया में कौन-सी गैस उत्पन्न करते हैं?
2. पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन किसके नेतृत्व में शुरू किया गया था?
3. ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण कौन-सी गैस को माना जाता है?
4. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य की पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
5. अम्ल वर्षा किन गैसों के कारण होती है?
6. आईपीएल-2026 का फाइनल मैच किस टीम ने जीता?
7. आईपीएल के एक ही सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने का नया रिकॉर्ड किस भारतीय क्रिकेटर ने बनाया?
8. हाल ही में भारत का पांचवां पूर्ण साक्षर राज्य कौन बना है?
9. किस देश को हजारों झीलों का स्थान कहा जाता है?
10. भारतीय सशस्त्र बलों के नए सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) कौन बनाए गए हैं?



बच्चो, जीके क्विज-208 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-207 का उत्तर :** 1. दिल्ली, 2. यांग शुआंग जी, 3. केरल, 4. 21 जून, 5. यमुना, 6. कामी रीता शेरपा, 7. तारापुर, 8. डायबिटीज, 9. अमेजन वर्षा वन, 10. मध्य प्रदेश


**जीके क्विज-207 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, मोनू-गरियाबंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, कुणाल-रायपुर, तान्या-दुर्ग, सचिन-बालोद, हर्ष-महासमुंद, कबीर-हिसार, राजन-रायगढ़, अंकित-कटनी

---

## रंग भरो-203

**रंग भरो-203** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





वर्णिका, खैरागढ़



मान्या, बिलासपुर



साक्षी, दुर्ग



तन्मय, महेंद्रगढ़



श्रेया, दुर्ग

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, साक्षी-रायपुर, सिद्धि-राजनांदगांव, सौम्या-बालोद, साक्षी-रायपुर, आशुतोष-इंदौर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कोमल-जांजगीर, श्वेता-कटनी, अदिति-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हेमंत-करनाल, सपना-बिलासपुर



दीक्षांत, रायपुर

## रंग भरो 204



बच्चो, इस चित्र में पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोनी नया पौधा लगा रही है। इस तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### पीएम स्वनिधि योजना के वार्डों में लगेंगे शिविर

**भोपाल।** नगर निगम के मुख्यालय भवन में बुधवार को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना योजना के कार्यान्वयन को लेकर बैठक हुई। अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार ने जिला अग्रणी बैंक सहित बैंकर्स, एनयूएलएम टीम के मिशन मैनेजर्स की बैठक में योजना तथा लोक कल्याण मेले आयोजन की समीक्षा की। उन्होंने अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ पहुंचाने के लिए कल्याण मेले में बैंकर्स की सहभागिता सुनिश्चित कर नवीन ऋण स्वीकृति, नवीन क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन व नवीन पथ विक्रेताओं का योजना में पंजीयन तथा पथ विक्रेताओं को वित्तीय समायोजन की जानकारी सुलभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### बिजली चोरी के मामले में आरोपी को दो साल जेल

**भोपाल।** मुरैना वृत्त के अंबाह संभाग अंतर्गत विद्युत चोरी के मामले में विशेष न्यायालय (विद्युत) अम्बाह जिला मुरैना ने आरोपी सरताज खान को दोषी ठहराते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 2 लाख 21 हजार 176 रुपए की वसूली के आदेश भी पारित किए हैं। कंपनी की सतर्कता टीम द्वारा 12 मई 2016 को अंबाह क्षेत्र में जांच के दौरान आरोपी सरताज खान द्वारा अपनी व्यवसायिक दुकान में अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते हुए बिजली चोरी करते पाए जाने पर मामले में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण समय-सीमा में पूरा करें



**भोपाल।** मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य समय-सीमा में पूरा करें। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने यह बात पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के दौरान कही। सिंह ने जिलेवार लंबित दावे-आपत्तियों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य में पूरी पारदर्शिता रहनी चाहिए। सिंह ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में जो भी कार्रवाई करें, उसकी जानकारी स्टेरिंग कमेटी की बैठक के माध्यम से जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में जरूर लायें। उन्होंने वर्किंग और नानवर्किंग ईव्हीएम की जानकारी देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अंतिम मतदाता सूची को नियत समय पर जिले की वेबसाइट पर अपलोड करें सिंह ने दावे-आपत्तियों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता रहनी चाहिए। बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग शहडोल से वीडियो कांफ्रेंसिंग में शामिल हुए।इस दौरान उप सचिव राज्य निर्वाचन आयोग मनोज मालवीय, श्रीमती संजू कुमारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## वायरल करने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की मांग

# सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मगरमच्छ की वीडियो वायरल कर सुर्खियां बटोरने वाले व्यक्ति को एसटीएसएफ ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मप्र के निर्देशन में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, मध्यप्रदेश ने डिजिटल प्लेटफार्म पर वन्यजीव से संबंधित अवैधानिक वीडियो बनाकर वायरल करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई की है।

एसटीएसएफ ने सोशल मीडिया एप्लीकेशन, इंस्टाग्राम पर अनुसूची-1 में दर्ज वन्यजीव मगरमच्छ को पकडने, अवैध तरीके से अपने कब्जे में रखने, उसके साथ छेडछाड़ करने, उसको उठाकर पटकने, घसीटने




का वीडियो बनाकर सुर्खियां (लाइक्स) प्राप्त करने एवं अपने फालोवर बढ़ाने के उद्देश्य से अपलोड कर वायरल कर दिया गया।

### फालोवर बढ़ाने अपलोड कर वायरल कर दिया वीडियो

### मगरमच्छ को मारने का प्रयास करना स्वीकारा

*आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि ग्राम गरेंठा से लगी बुधना नदी में बिजली का करंट लगाकर मगरमच्छ को मारने का प्रयास करना स्वीकारा एवं यह भी बताया कि वह मछली मारने के लिए निरंतर विद्युत करंट का उपयोग करता है, जिससे मगरमच्छ भी चपेट में आ जाते है। पूछताछ में इंस्टाग्राम में अपलोड वीडियो में दिखाए जा रहे कंटेंट संबंधी अपराध को स्वीकारा। इसके उपरांत दोनों व्यक्तियों पर वन मंडल शिवपुरी की ओर से वन अपराध प्रकरण 2 जून 2026 वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं में पंजीबद्ध किया गया। विधिवत कार्रवाई के उपरांत दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय पिछोर जिला शिवपुरी मप्र के समक्ष पेश किया गया।*

### शिवपुरी जिले के होने की पुष्टि हुई

इसके संबंध में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जांच कर, उक्त शरारती व्यक्ति के संबंध में और अधिक जानकारी प्राप्त कर उसे मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के होने की पुष्टि हुई। एसटीएसएफ की क्षेत्रीय इकाई शिवपुरी एवं वनमंडल शिवपुरी के वन अमले की ओर से संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम गरेठा तहसील पिछोर से 2 आरोपी सुखनंदन केवट एवं गुलई सिंह को अभिरक्षा में लिया गया।

## मप्र में तबादलों के लिए 15 जून तक की डेडलाइन

# विभागों ने मंगाई रिक्त पदों की सूची, बढ़ी मंत्रालय में जनप्रतिनिधियों की आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र में तबादलों की अंतिम डेट लाइन 15 जून है। किंतु अभी भी कई विभागों में ऊहापोह की स्थिति है। कई शासकीय सेवकों को उम्मीद है कि 15 तारीख की डेट लाइन और आगे बढ़ेगी। कई विभागों ने जिले के अधिकारियों को साफ तौर पर हिदायत दी है कि वह अपने यहां की रिक्त पदों की जानकारी एक-दो दिन में अनिवार्य रूप से भेज दे। रिक्त पदों की सूची में कोई विसंगति नहीं होनी चाहिए।

यदि गलत पाया गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ कई विभागों ने ऑनलाइन आवेदनो की तारीख अब क्लोज कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछली कैबिनेट बैठक में स्पष्ट तौर पर कहा था कि हर हाल में 15 जून तक तबादले कर लिए जाए। उन्होंने एक से लेकर 15 जून के बीच की छूट ही दी थी। उसे दौरान कई मंत्रियों ने महज 15 दिन में तबादले नहीं हो पाने की दिक्कतें बताई थी, हालांकि उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि वह किसी भी सूरत में तबादले की डेट नहीं बढ़ाएंगे। हर हाल में इसी अवधि में तबादले की पूरी प्रक्रिया पूरी करना है। मुख्यमंत्री के इस निर्देश का भी असर हुआ। विभागीय तौर पर उसी समय से तबादलों की तैयारी शुरू हो गई थी। हालांकि अभी भी कुछ ऐसे विभाग हैं, जिन्हें लग रहा है की डेट लाइन और बढ़ाई जाएगी।

### सभी विभाग तैयारियों में जुटे



### स्कूल शिक्षा विभाग ने 3 दिन में जिलों से मंगाई जानकारी

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी 55 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि वे रिक्त पदों की जानकारी तीन दिन के अंदर मुख्यालय भेजें। इसके बाद ही स्कूल शिक्षा विभाग में रिक्त पदों पर तबादले की प्रक्रिया शुरू हो पाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आपकी जानकारी पूरी तरह से दुरुस्त और सही होनी चाहिए। यदि कहीं से कोई गलत जानकारी मिली तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जबकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में मुख्यालय स्तर पर तबादले की प्रक्रिया शुरू की गई है, किंतु मंत्रालय में इसकी जानकारी नहीं है।

### सालों बाद मंत्री मंत्रालय में बैठक करते दिखे

*काफी समय पहले तक विभागीय मंत्री कैबिनेट की बैठक के दिन और उससे एक दिन पहले अनिवार्य रूप में मंत्रालय स्थिति अपने कक्ष में बैठते थे। वे दूर दराज से आए आम लोगों की समस्याएं भी सुनते थे। किंतु अब यह सब खत्म हो गया है। विभागीय मंत्री कैबिनेट के दिन भी अपने कक्ष में नहीं बैठते। वे कैबिनेट के दिन उसी वक्त बैठक में पहुंचते हैं और बैठक के तुरंत बाद अपने निवास पर चले जाते हैं। मंत्रियों के इस रवैए की वजह से दूर दराज के जिलों से आने वाले आम लोगों की सुनवाई तो दूर उनकी समस्या भी कोई नहीं सुनता।*

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की बैठक

# 2027 तक पूरा किया जाए कार्यालयों का निर्माण कार्य, स्थापना दिवस पर होगा लोकार्पण : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की बैठक की।



बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि जिन जिला कार्यालयों का निर्माण कार्य चल रहा है, उन्हें समय-सीमा में पूरा किया जाए। इस वर्ष पार्टी के स्थापना दिवस पर जिन जिला कार्यालयों का भूमि-पूजन किया गया है, उन सभी का निर्माण कार्य वर्ष 2027 में पार्टी के स्थापना दिवस से पूर्व पूर्ण किया जाए। संगठन ने अगले वर्ष पार्टी के स्थापना दिवस पर निर्माणाधीन जिला कार्यालयों के लोकार्पण का लक्ष्य रखा है। जिन जिलों के कार्यालय पुराने हो गए हैं, उन्हें आवश्यकता के अनुरूप नवीनीकरण तथा कार्यकर्ताओं की सुविधा के अनुरूप और व्यवस्थित किया जाए।

### निर्माणाधीन जिला कार्यालयों की समीक्षा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने निर्माणाधीन जिला कार्यालयों के प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खंडेलवाल ने कहा कि जिन जिला कार्यालयों में पुनरूद्धार कराया जाना आवश्यक है, उनकी रिपोर्ट भी जिलों से बुलाकर कार्य प्रारंभ कराया जाए। आने वाले समय में सभी जिला कार्यालयों में वीडियो कांफ्रेंसिंग व वर्चुअल बैठक की व्यवस्था की जाए।

## शिक्षा में बाधा न बने किसी भी विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति

'कॉलेज चलो अभियान' जारी, स्टूडेंट फ्रेंडली शिक्षा पर जोर

# केवल डिग्री तक सीमित न रहे शिक्षा रोजगार से भी जुड़ेः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रहे, बल्कि कौशल विकास और रोजगार से भी जुड़े। राज्य सरकार के लिए यह प्राथमिकता का विषय है और प्रदेश में नई शिक्षा नीति के जरिए शिक्षा को रोजगार, उद्यमिता, तकनीक और नवाचार से जोड़ा जा रहा है। राज्य सरकार यह प्रयास कर रही है कि प्रदेश का कोई भी युवा उच्च शिक्षा से वंचित न रहे और प्रत्येक छात्र-छात्रा अपनी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़े। संपूर्ण प्रदेश में 'कालेज चलो अभियान' 31 मई से आरंभ किया गया है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कक्षा 12वीं के बाद कोई भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी, अवसरों के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित न रहे।



### प्रदेश में चल रही सीखो-कमाओ योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासकीय महाविद्यालयों में एक विषय के रूप में कृषि को जोड़ा गया है और विद्यालयों में पायलट ट्रेनिंग के लिए कोर्स शुरू किए जा रहे है। युवाओं को संत शिरोमणी रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में वर्ल्ड क्लास एडवांस्ड तकनीक की ट्रेनिंग मिल रही है। प्रदेश में सीखो-कमाओ योजना भी चल रही है, जिसके माध्यम से युवा डायरेक्ट इंडस्ट्री से लर्न भी कर रहे हैं और अर्न भी।

## प्रोफेसर-असिस्टेंट प्रोफेसर और सीनियर रेजीडेंट्स

# पांच नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 149 संविदा पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश के पांच नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए संविदा भर्ती का बड़ा विज्ञापन जारी किया है। राज्य शासन से मिली मंजूरी के बाद दंतेवाड़ा, मनेंद्रगढ़, कुनकुरी (जशपुर), जांजगीर-चांपा और कबीरधाम मेडिकल कालेजों में प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक और सीनियर रेजीडेंट के कुल 149 रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से केवल ऑनलाइन अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। यह भर्तियां मेडिकल कालेजों के महत्वपूर्ण विभागों जैसे- एनाटामी, फिजियोलाजी, बायोकेमिस्ट्री, फार्माकोलाजी, पैथोलाजी, माइक्रोबायोलाजी, फोरेंसिक मेडिसिन और कम्युनिटी मेडिसिन आदि के लिए की जा रही हैं।



### पद का नाम, कुल रिक्त पद

प्राध्यापक, 35 पद
सह-प्राध्यापक, 40 पद
सहायक प्राध्यापक, 50 पद
सीनियर रेजीडेंट, 24 पद
कुल, 149 पद

### पात्रता शर्तें और चयन प्रक्रिया

एनएमसी मानदंडः आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, शिक्षण अनुभव और शोध कार्य राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के नियमों और मेडिकल इंस्टीट्यूशन रेगुलेशंस, 2025 के अनुरूप होना अनिवार्य है।
पंजीकरणः उम्मीदवारों का किसी भी राष्ट्रीय या राज्य चिकित्सा परिषद में जीवित पंजीकरण होना आवश्यक है।

## परियोजनाओं में देरी क्यों, जान सकेंगे अफसर

# इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम पर काम करेगा लोक निर्माण विभाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश का लोक निर्माण विभाग अब इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम पर काम करेगा। इससे विभिन्न परियोजनाओं में हो रहे कामों की वास्तविक स्थिति, प्रगति और देरी के कारण और आवश्यक कार्रवाई की जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सकेगी। एकीकृत प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम भास्कराचार्य संस्थान तैयार करेगा। भास्कराचार्य संस्थान एकीकृत डैशबोर्ड भी तैयार करेगा। इससे सभी परियोजनाओं की निगरानी की जा सकेगी। इस डैशबोर्ड में राज्य की सभी निर्माण परियोजनाओं की प्रगति एक ही प्लेटफार्म पर दिखाई देगी। इसे प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम से जोड़ा जाएगा। पीएम गति शक्ति पोर्टल पर भी लोक निर्माण विभाग में विभिन्न सर्वेक्षणों से प्राप्त सॉइल इन्वेस्टीगेशन का आधिकारिक डेटा अपलोड किया जाएगा।

### भास्कराचार्य संस्थान एक विशेष मॉड्यूल तैयार करेगा

*भास्कराचार्य संस्थान एक विशेष मॉड्यूल तैयार करेगा। इस पर विभागीय इंजीनियर सॉइल सर्वे का डेटा अपलोड करेंगे। इसके अलावा भूमिगत जल स्तर, जलस्त्रोतों, उपयोगिताओं और अन्य भू-स्थानिक जानकारियों का डेटा भी पीएम गति शक्ति पोर्टल से उपलब्ध कराया जाएगा। इसका उपयोग सड़क और पुल बनाने की परियोजनाओं की डीपीआर बनाने और सड़क किनारे रिचार्ज बोर के लिए स्थान निर्धारण में किया जाएगा। इससे सड़क किनारे रिचार्ज बोर, जलसंरक्षण के कार्य और भविष्य की परियोजनाओं की योजना अधिक से अधिक वैज्ञानिक तरीके से बनाई जा सकेगी। एक ऐसा मॉड्यूल भी विकसित किया जाएगा जो सड़कों की जियोमेट्री और जंक्शनों का मूल्यांकन भारतीय सड़क कांग्रेस के मानकों के आधार पर कर सके।*

## विजन-2047 की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री नायब के निर्देश

# 12 फुट की सड़कें होंगी 18 फुट चौड़ी, हर 50 किमी पर बनेगा ईवी चार्जिंग स्टेशन

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को वर्ष 2047 तक आधुनिक और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में आधारभूत ढांचे के व्यापक विस्तार पर जोर देते हुए मार्च 2027 तक प्रदेश की सभी 12 फुट चौड़ी सड़कों को 18 फुट चौड़ा करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए हर 50 किलोमीटर के दायरे में कम से कम एक ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की कार्ययोजना तैयार करने को कहा है।

हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सड़क नेटवर्क आर्थिक विकास और आमजन की सुविधा का आधार है।




उन्होंने अधिकारियों को सड़क चौड़ीकरण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने तथा निर्माण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रत्येक परिवार को रहने के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में शेष बचे सभी पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें आवास सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी अपात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न मिले। केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का कार्य मिशन मोड में कर रही है।

## रायपुर की पॉश कॉलोनी का मामला

# कारोबारी के बंगले से 10 लाख नकद और लाखों के जेवरात की चोरी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी के खम्हारडीह थाना क्षेत्र स्थित गोल्डन होम्स कालोनी में परिवार की मौजूदगी के दौरान बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर कारोबारी भरत छाबड़िया के बंगले में घुसकर करीब 10 लाख रुपये नकद और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। कालोनी में आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। जांचकर्ताओं का मानना है कि वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों ने पहले से रेकी की थी और घर की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाने के बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार, गोल्डन होम्स के गेट नंबर-2 के पास स्थित कारोबारी भरत छाबड़िया के बंगले को चोरों ने निशाना बनाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बदमाश बाथरूम की खिड़की तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए। उस समय परिवार के सदस्य घर में ही मौजूद थे, लेकिन चोर वारदात को अंजाम देकर निकल गए और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। चोर घर से लगभग सात से आठ तोला सोने के जेवर, चांदी के आभूषण और करीब 10 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना का पता चलने पर परिवार ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही खम्हारडीह थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

## यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसपी का एक्शन

# सड़क पर उतरे कबीरधाम एसपी, इंटरसेप्टर की सीट पर बैठ सड़क सुरक्षा को लेकर दिया सख्त संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

कबीरधाम जिले में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सड़क पर एक ऐसा अनूठा दृश्य देखने को मिला, जिसने राहगीरों से लेकर वाहन चालकों तक सभी को हैरान कर दिया। जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह इस बार केवल निरीक्षण करने के लिए नहीं निकले थे, बल्कि उन्होंने स्वयं इंटरसेप्टर वाहन की सीट संभाली। उन्होंने आधुनिक तकनीकी उपकरणों का संचालन करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों की पहचान की और उन पर ऑनलाइन चालानी कार्रवाई भी की।

### कप्तान को सामने देख चौंक गए वाहन चालक

*सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से एसपी धर्मेन्द्र सिंह स्वयं आंबेडकर चौक पहुंचे। उन्होंने इंटरसेप्टर वाहन की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले चालकों को चिन्हित कर ऑनलाइन चालान जारी किए गए। कई वाहन चालक उस समय चौंक गए जब उन्हें पता चला कि उनके खिलाफ हो रही कार्रवाई की निगरानी खुद जिले के कप्तान कर रहे हैं।*

### तकनीक से बढ़ेगी कड़ी निगरानी

*निरीक्षण के दौरान एसपी ने ऑनलाइन चालान प्रणाली और सड़क सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) पर विशेष नजर रखी जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और प्रमुख चौक-चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नियमों के प्रति शिक्षित करने पर जोर दिया।*

### शहर में दिनभर बनी रही चर्चा

आंबेडकर चौक पर इंटरसेप्टर वाहन में बैठे पुलिस अधीक्षक का यह रूप दिनभर पूरे शहर में चर्चा का विषय बना रहा। स्थानीय नागरिकों और बुद्धिजीवियों ने इसे सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की गंभीरता और सक्रियता का एक बड़ा एवं सकारात्मक प्रतीक बताया है।

## चिंतन

# 'तिजौरी' का ताला है साइबर सुरक्षा

डिजिटल युग में हमारी जिंदगी जितनी आसान हुई है, उतनी ही जोखिमों से भी घिर गई है। बैंकिंग से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा से लेकर सरकारी कामकाज तक लगभग हर व्यवस्था इंटरनेट और डिजिटल नेटवर्क पर निर्भर है। ऐसे समय में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और व्यक्तिगत गोपनीयता का भी अहम हिस्सा बन गई है। अक्सर लोग साइबर सुरक्षा को उतनी गंभीरता से नहीं लेते, जितनी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। विशेषकर पासवर्ड को लेकर लापरवाही बरतते हैं, जबकि आज के डिजिटल नेटवर्क में पासवर्ड को डिजिटल दुनिया की 'तिजौरी' का ताला कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। जिस प्रकार कोई व्यक्ति अपनी 'तिजौरी' की चाबी किसी अनजान व्यक्ति को नहीं सौंपता, उसी प्रकार पासवर्ड को भी पूरी तरह गोपनीय रखना आवश्यक है, लेकिन व्यवहार में अक्सर इसके उलट देखने को मिलता है। लोग आसान पासवर्ड रखते हैं, एक ही पासवर्ड कई खातों में इस्तेमाल करते हैं या फिर उसे दूसरों के साथ साझा कर देते हैं। कई बार सिस्टम तक को खुला छोड़ देते हैं। यही लापरवाही साइबर अपराधियों के लिए अवसर बन जाती है। हाल ही में सीबीएसई की ओर से री-इवैल्यूएश के लिए खोले गए पोर्टल को महज 2 मिनट के भीतर 15 लाख से ज्यादा बार हैक करने की कोशिश की गई। यह दर्शाता है कि साइबर अपराधी कितने शातिर हो गए हैं। केंद्र सरकार ने तमाम राज्यों को अगाह किया है कि कोई बड़ा साइबर अटैक हो सकता है। यह हमला तभी रुकेगा, जब हमारी साइबर सुरक्षा मजबूत होगी। सुरक्षा के विभिन्न चरणों में पासवर्ड भी इसे सुरक्षा प्रदान करते हैं। अब कोई कर्मचारी अपने पासवर्ड को किसी के साथ शेयर करता है तो वह उसकी घोर लापवाही है। कर्मचारी कई बार अपने सिस्टम को खुला छोड़ देते हैं, इससे सिस्टम अपराधियों के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। इससे दुनिया के तमाम साइबर अपराधी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हैं और उनकी साइबर सुरक्षा में सेंध लगा देते हैं। भारत में साइबर हमलों की बढ़ती घटनाएं इस खतरे का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। हर वर्ष लाखों साइबर सुरक्षा घटनाएं दर्ज की जा रही हैं और प्रतिदिन हजारों वेब-आधारित हमलों का सामना करना पड़ रहा है। साइबर अपराधी डेटा चोरी, फिशिंग, रैंसमवेयर और पहचान की जालसाजी जैसे हथकंडों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनसे बचाव के लिए केवल तकनीकी उपाय ही नहीं बल्कि जागरूकता भी आवश्यक है। दिल्ली स्थित एम्स पर हुए रैंसमवेयर हमले ने देश को यह दिखा दिया था कि साइबर सुरक्षा में एक छोटी सी कमजोरी भी कितनी बड़ी समस्या बन सकती है। इस हमले के कारण अस्पताल की सेवाएं कई सप्ताह तक प्रभावित रहीं और लाखों मरीजों का डेटा खतरे में पड़ गया। चिंता की बात यह भी है कि देश के कई राज्य साइबर अपराधों के हॉटस्पॉट बनकर उभर रहे हैं। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात और आंध्र प्रदेश में साइबर अपराधों के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। इसका अर्थ है कि समस्या अब किसी एक क्षेत्र या संस्थान तक सीमित नहीं रह गई है। यह राष्ट्रीय स्तर की चुनौती बन चुकी है, जिसके समाधान के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। ऐसे में सरकार को भी अपने साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना चाहिए, ताकि कोई भी साइबर अपराधी वहां तक न पहुंच सके। अगर हम समय रहते नहीं चेते तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है।

# विकास की दौड़ में दम तोड़ती धरती



पर्यावरण दिवस
राज कुमार सिन्हा

पर्यावरण को समझने के लिए अपने आस-पास के जैविक और अजैविक घटकों जैसे हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे और जीव-जंतुओं के आपसी संबंधों को जानना बहुत जरूरी है। जैविक घटक में सभी सजीव चीजें शामिल हैं, जैसे पेड़-पौधे, सूक्ष्मजीव, जानवर और मनुष्य। अजैविक घटक में सभी निर्जीव लेकिन जीवन के लिए आवश्यक तत्व आते हैं, जैसे हवा, पानी, मिट्टी, धूप, और तापमान।पर्यावरण को समझने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को जानना आवश्यक है। यह एक ऐसा प्राकृतिक वातावरण है जहां सभी जीव एक-दूसरे पर और अपने आस-पास के निर्जीव वातावरण पर निर्भर रहते हैं जैसे पौधे धूप और मिट्टी से बढ़ते हैं और जीव-जंतु उन पौधों पर निर्भर रहते हैं। एक प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र मानव हस्तक्षेप के बिना बनता है।जैसे वन और घास के मैदान, रेगिस्तान और पहाड़, झीलें, नदियां और महासागर आदि। ये पर्यावास अपने आप विकसित होते हैं, और विशिष्ट परिस्थितियों के अनुकूल ढलने वाले विविध जीवों को सहारा देते हैं। पर्यावरण हमारे जीवन-रक्षक तंत्र के रूप में कार्य करता है, जो हमें ऑक्सीजन और स्वच्छ हवा, जल संसाधन,खाद्य आपूर्ति और प्रजातियों के लिए आवास विकसित करता है। जिससे एक स्वस्थ वातावरण और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है, जो पारिस्थितिक संतुलन के लिए आवश्यक है। प्रारंभिक मानव ने स्वयं को प्रकृति के अनुरूप बना लिया था। उनका जीवन सरल था एवं आस-पास की प्रकृति से उनकी आवश्यकताएं पूरी हो जाती थीं। समय के साथ कई प्रकार की आवश्यकताएं बढ़ीं। मानव ने पर्यावरण के उपयोग और उसमें परिवर्तन करने के कई तरीके सीख लिए। उसने फसल उगाना, पशु पालना एवं स्थायी जीवन जीना सीख लिया। पहिए का आविष्कार हुआ, आवश्यकता से अधिक अन्न उपजाया गया, वस्तु-विनिमय पद्धति का विकास हुआ, व्यापार आरंभ हुआ एवं वाणिज्य का विकास हुआ। औद्योगिक क्रांति से बड़े पैमाने पर उत्पादन प्रारंभ हो गया। परिवहन तेज गति से प्रारंभ हुआ। सूचना क्रांति से पूरे विश्व में संचार सहज और द्रुत हो गया है। प्रकृति एवं मानवीय पर्यावरण के बीच सही संतुलन होना आवश्यक है। मानव को पर्यावरण के साथ समरसता से रहने एवं उसका उपयोग सीखना चाहिए। इन तत्वों के सामंजस्यपूर्ण ढंग से कार्य किए बिना, पृथ्वी पर जीवन खतरे में पड़ जाएगा, जो हमारे पर्यावरण को बचाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। पर्यावरण केवल वैज्ञानिक या तकनीकी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा हुआ है। जबकि केंद्रीकृत और कॉर्पोरेट-प्रधान विकास मॉडल पारिस्थितिक असंतुलन और सामाजिक असमानता को बढ़ाता है। यूँ तो विकास प्रकृति का स्वाभाविक नियम है, लेकिन यहां हम विकास के पीछे छिपी पूंजीवादी ताकतों के एजेंडे की बात कर रहे हैं। पूंजीवादी प्रणाली में उत्पादन और वितरण सामाजिक समानता, न्याय और पर्यावरण की सुरक्षा की बजाय निजी मुनाफे से संचालित होती है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और विनाश पर अधारित विकास के कारण उन समुदायों को विस्थापित होना पडता है जो इन संसाधनों पर निर्भर हैं। अधिकांश जैव विविधता का प्रबंधन स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों द्वारा किया जाता है, यही कारण है कि यह सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि प्रकृति की रक्षा और पुनर्स्थापना को उचित स्थान मिले।आज भारत में विकास, जलवायु संकट और प्राकृतिक आपदाओं के चौराहे पर खड़ा है, इसलिए प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व ही टिकाऊ भविष्य का एकमात्र रास्ता है। आज आदिवासियों की बदहाली के मूल में तथाकथित विकास की अवधारणा है। विकास की अंधी दौड़ में उन्हें जबरन घसीटकर इस बदहाली तक पहुंचा दिया गया है। अब और विकास हुआ तो शायद वे खत्म ही हो जायेंगे। पूंजी और मुनाफे से दूर उनका जीवन दर्शन जल, जंगल, जमीन के प्रति हमेशा संवेदनशील रहा है। उनके अस्तित्व का संकट, दुनिया का संकट है और उनको बचाने का मतलब है, दुनिया को भी बचाए रखना है।जीवन का मूल आधार, हवा, पानी और मिट्टी गहरे संकट में है, और यह स्थिति आगे और बदतर होगी। करोड़ों लोगों को बढ़ती असुरक्षा, फसल नुकसान, भीषण गर्मी, जल संकट, प्रदूषण, कुपोषण, बेरोजगारी तथा अलगाव और जीवन के अर्थ खोने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।



कृषि 'ग्रीनहाउस गैसों' का एक प्रमुख स्त्रोत है जिससे भविष्य में खाद्य-सुरक्षा के लिए चुनौती उत्पन्न होने की संभावना है। जल के बढ़ते उपयोग और सूखे के कारण उत्पादन के लिए पानी की कमी हो सकती है। कृषि में कीटनाशकों के प्रयोग से भूजल और पर्यावरण में जहर घुल रहा है। 'प्राकृतिक' और 'जैविक खेती' ऐसी कृषि पद्धति है जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना उत्पादन बढ़ा सकती है। 'प्राकृतिक खेती' से कार्बन उत्सर्जन में 35% से 50% तक की कमी आ सकती है। दूसरी ओर ईंधन का जलना (जैसे कोयला, तेल, और गैस), वनों की कटाई, और औद्योगिक प्रक्रियाएं, ये सभी ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन के प्रमुख स्त्रोत हैं। ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन जलवायु परिवर्तन का एक प्रमुख कारण है, जिसके कारण तापमान में वृद्धि, समुद्र के स्तर में वृद्धि, और चरम मौसमी घटनाओं जैसे प्रभाव होते हैं। तीव्र होती समुद्री ऊष्मा तरंगें मानवजनित जलवायु परिवर्तन की व्यापक और विनाशकारी संकेत हैं। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए आर्द्रभूमि (वेटलैंड) हमारा सबसे प्रभावी पारिस्थितिकी तंत्र है। ये कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर तापमान कम करने और प्रदूषण घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परन्तु वर्ष 1970 से लेकर अब तक दुनिया की 35 प्रतिशत आर्द्रभूमि विलुप्त हो चुकी है। 'वेटलैंड इंटरनेशनल' के अनुसार भारत की करीब 30 प्रतिशत आर्द्रभूमि पिछले तीन दशकों में विलुप्त हो चुकी है।इसी तरह महासागर एक प्रमुख कार्बन सिंक होने के अलावा, महासागर जलवायु नियमन और पोषक चक्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यह पृथ्वी के वायुमंडलीय ऑक्सीजन का 50% से 85% तक उत्पादन करता है। वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, जिससे तटीय समुदायों और बाढ़ की चपेट में आने वाले शहरों के जीवन और आजीविका को खतरा है।दूसरी ओर सेंटर फॉर सांइस एण्ड एनवायरनमेंट (सीएसई) दिल्ली के अध्ययन अनुसार 2015-16 से 2024-25 के दौरान भारत में 1.76 लााख हेक्टेयर वनभूमि गैर-वन कार्यों के लिए दी गई है। इसमें से 97,050 हेक्टेयर जमीन पिछले पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25) में डायवर्ट हुई है जो 2015 से 2020 की तुलना में 23 फीसदी अधिक है। 24,347 हेक्टेयर वन भूमि मध्यप्रदेश में डायवर्ट किया गया है जो पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत में गैर-

वन गतिविधियों के लिए डायवर्ट की गई कुल हिस्सा का करीब 25 प्रतिशत है। सीएसई दिल्ली की रिपोर्ट अनुसार 79 लाख लोगों की मृत्यु विश्व में वायु प्रदूषण के कारण हुई है और 20.1 लाख वायु प्रदूषण के कारण मृत्यु भारत में दर्ज की गई है। हाल के दशक (2014 से 2023) में भारत में परिवेशीय पीएम 2.5 के कारण होने वाली मृत्यु में 61.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत का औसत तापमान पिछले एक दशक (2015–2024) में लगभग 0.9सेंटीग्रेड बढ़ गया है, जो 20वीं सदी की शुरुआत (1901–1930) की तुलना में अधिक है। इसके अतिरिक्त, पश्चिमी और पूर्वोत्तर भारत में वर्ष के सबसे गर्म दिन का तापमान 1950 के दशक से अब तक 1.5 से 2C तक बढ़ चुका है। आधुनिक विकास के नाम पर जिन 'भस्मासुरों' को बनाया, बढ़ाया जा रहा है, प्लास्टिक उनमें से एक है। कुल-जमा सौ-सवा सौ साल पहले ईजाद किया गया यह कारनामा आज प्रकृति-पर्यावरण और इंसानों के अस्तित्व के लिए संकट बन गया है। मनुष्य अपनी सुविधाओं और भौतिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए जंगल काटता है, खनिजों का अत्यधिक दोहन करता है, नदियों को प्रदूषित करता है। विश्व की आर्थिक तरक्की ने पिछले 50 से 70 वर्षों में उत्पादन, व्यापार, और तकनीकी विकास को तेज़ किया है। लेकिन इस तरक्की की पर्यावरणीय कीमत भारी है।

भारत में प्राकृतिक संसाधनों की बर्बादी केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं है, बल्कि यह एक गहरी आजीविका और सामाजिक न्याय की समस्या है। गरीब और निर्भर समुदायों के लिए भूमि, जल और वन केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की बुनियाद हैं। जब ये संसाधन अनियंत्रित रूप से नष्ट या निजी हितों के लिए उपयोग किए जाते हैं, तो सबसे पहले और सबसे ज्यादा नुकसान उन्हीं लोगों को होता है जिनकी आवाज सबसे कमजोर होती है। इसलिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण वास्तव में गरीबी उन्मूलन और सामाजिक न्याय की भी शर्त है।

*-बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ*

## दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



# आइए, सभी पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लें


आज विश्व पर्यावरण दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु विश्व भर में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। ऐसे में पर्यावरण दिवस मनाना अपने आप में बेमानी हो जाता है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है।

गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष 2 अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाइआक्साइड वायुमण्डल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है। नेचर जिओसाइंस की मानें तो ओजोन परत को होने वाले नुकसान से कुछ खास किस्म के अत्यंत अल्प जीवी तत्वों (वीएसएलएस) की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है जो मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरनाक है। गौरतलब है कि दुनिया के 20 सबसे ज्यादा क्लोरोफ्लोरो कार्बन उत्सर्जित करने वाले देशों के बीच ओजोन परत के क्षरण को रोकने के लिए 16 सितंबर, 1987 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक संधि हुई जिसे मांट्रियाल प्रोटाकॉल नाम दिया गया। इसका मकसद ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार गैसों एवं तत्वों के इस्तेमाल पर रोक लगाना था। इस दिशा में अभी तक अपेक्षित सफलता हासिल नहीं हुई है। अब तक वायुमण्डल में 36 लाख टन कार्बन डाइआक्साइड की वृद्धि हो चुकी है और वायुमण्डल से 24 लाख टन आक्सीजन समाप्त हो चुकी है। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए तो आर्कटिक एवं अण्टार्कर्टिका के विशाल हिमखण्ड पिघल जाएंगे जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीवों के समाप्त होने का कारण संभवतः ग्रीन हाउस प्रभाव ही था। निश्चित रुप से मनुष्य के विकास के लिए प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का दोहन आवश्यक है। पर उसकी सीमा भी निर्धारित होनी चाहिए। स्टाकहोम सम्मेलन 1972 में मानवीय पर्यावरण पर घोषणा हुई।

सैद्धांतिक रूप से पृथ्वी के प्राकृतिक द्रव्यों जिनमें वायु, पानी, भूमि तथा पेड़-पौधे शामिल हैं, को वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए सावधानीपूर्ण तथा उपयुक्त योजना तथा प्रबंध द्वारा सुरक्षित रखने पर बल दिया गया। 1992 के रिओ शिखर सम्मेलन में कहा गया कि स्थायी विकास के सभी सरोकारों का केंद्र-बिंदु मानव जाति ही है और उसे प्रकृति के साथ पूर्ण समरसता रखते हुए स्वस्थ एवं उत्पादनशील जीवन जीना चाहिए, लेकिन ये सभी सिद्धांत कागजों तक ही सीमित है। उसका अनुपालन नहीं हो रहा है। लेकिन गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। पर विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं। किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित
**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# आखिर कर्म ही महान



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जरूरत से ज्यादा विनम्र होना भी ठीक नहीं

जरूरत से ज़्यादा विनम्र होना और किसी को अधिक सम्मान देना भी आज के समय में कई बार एक बड़ी मूर्खता प्रतीत होती है। वे लोग आपको/हमें लगभग उनका दास ही समझने लगते हैं, विशेषकर बड़े प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के विषय में। मुख्यत:, यदि कुछ प्रशासनिक अधिकारी ईमानदार और पूर्णत: संवैधानिक विषयों, कार्यों में भी सहयोग नहीं करते हैं, तो ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध निर्भीक होते हुए कानूनी तरीके से नि:संकोच होकर अवश्य ही अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। हमारे पूर्ण मर्यादा में रहते हुए, उन लोगों को भी कुछ सेंक/आंच महसूस होनी चाहिए। ये हम सभी को बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि बड़े से बड़े प्रशासनिक अधिकारी और चुने हुए प्रतिनिधि जनता की सेवा करने के लिए ही होते हैं, जनमानस–नागरिकों पर राज करने के लिए नहीं।

*– विवेक सक्सेना, भिलाई*

## ट्रेंड

### कल्याणकारी राजनीति

पिछले एक दशक में, भारत में मोदी जी के नेतृत्व में कल्याणकारी राजनीति का रूपांतरण हुआ है और यह सेवा, सुशासन और सशक्तिकरण के एक नए मॉडल में तब्दील हो गई है।

- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार



### कबीले के साथ विश्वासघात

जो अपने ही कबीले के साथ विश्वासघात करते हैं...वे अंत में दुखी आत्माओं के रूप में भटकते रहते हैं! कुछ लोग बड़े-बड़े दावे करने के लिए मोहरे बन रहे हैं; अगर मोहरा बनना ही है, तो कम से कम कुछ बेहतर बनो—सिर्फ एक सिपाही बनकर रहना ठीक नहीं है।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा



### भाजपा की अक्षमता

मोदी सरकार न केवल स्वास्थ्य सेवा और पोषण को लेकर भारत की महिलाओं और बच्चों को धोखा देती है, बल्कि यह जानबूझकर महत्वपूर्ण डेटा भी छिपाती है जो इसकी विफलताओं को उजागर करता है। एनएफएचएस-6 डेटा से भाजपा की पूर्ण अक्षमता उजागर हो गई है।

-**मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष



### अपार जनविश्वास

मोदी सरकार को विरासत में एक मजबूत अर्थव्यवस्था, सुदृढ़ संस्थाएं और अपार जनविश्वास मिला था। लेकिन महज एक दशक में इसने इन तीनों को कमजोर कर दिया है। मोदी जी का समय समाप्त हो गया है।

-**वाईएस शर्मिला,** कांग्रेसाध्यक्ष, आंध्र प्रदेश



## करंट अफेयर

# थ्येनआनमन स्क्वायर पर नहीं जाने की चेतावनी


चीन का प्रशासन 1989 में थ्येनआनमन स्क्वायर पर विद्यार्थियों के नेतृत्व में हुए लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों के खिलाफ की गयी सैन्य कार्रवाई की यादों को मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस वर्ष प्रशासन ने इस घटना के पीड़ितों के परिजनों को बताया कि उन्हें बरसी पर बीजिंग के एक कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी यह घटना बृहस्पतिवार को आज के ही दिन 37 साल पहले घटी थी। यह जनमानस से इस घटना को पूरी तरह मिटाने के लिए वर्षों से जारी अभियान का एक और कड़ा कदम है। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पुलिस ने इस कार्रवाई में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को बताया कि उन्हें बरसी पर बीजिंग के एक कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार, इस घटना में मारे गये लोगों के परिजन पिछले 30 सालों के दौरान पुलिस की निगरानी में कब्रिस्तान में जाकर श्रद्धांजलि देते रहे हैं। ये परिजन, 'थ्येनआनमन मदर्स' नाम के एक समूह से जुड़े हैं। चीनी सेना ने वर्ष 1989 में थ्येनआनमन चौक पर प्रदर्शनकारियों तक पहुंचने से रोकने की कोशिश करने वाली भीड़ को कुचलते हुए हजारों लोगों को मार गिराया था।



## ऑफ बीट

# दर्द का आकलन 'लाई डिटेक्टर टेस्ट' की तरह नहीं हो सकता

आधुनिक मस्तिष्क स्कैनिंग तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग के बीच वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि किसी व्यक्ति के दर्द का आकलन 'लाई डिटेक्टर टेस्ट' (झूठ पकड़ने वाली मशीन से जांच) की तरह नहीं किया जा सकता, क्योंकि दर्द एक व्यक्तिगत अनुभव है जिसे केवल तकनीकी संकेतों के आधार पर प्रमाणित या खारिज नहीं किया जा सकता। वैज्ञानिकों का कहना है कि पुराना या दीर्घकालिक दर्द अक्सर दिखाई नहीं देता, लेकिन इसका असर व्यक्ति के जीवन पर गहरा पड़ता है। वैज्ञानिक ने दावा किया कि मस्तिष्क स्कैन में कोच के दर्द के संकेत दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद मामला उस राशि से दस गुना अधिक पर सुलझा, जितनी राशि नियोक्ता पहले देने को तैयार था। विशेषज्ञों का कहना है कि यह निष्कर्ष वैज्ञानिक रूप से उतना स्पष्ट नहीं है जितना प्रतीत होता है। उनका तर्क है कि यदि कोई विशेषज्ञ यह दावा कर सकता है कि स्कैन में दर्द दिखाई दे रहा है, तो वही तकनीक किसी दूसरे मामले में यह भी निष्कर्ष निकाल सकती है कि व्यक्ति दर्द का नाटक कर रहा है। यही स्थिति इस तकनीक को विवादास्पद बनाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, पुराना दर्द उन चिकित्सीय स्थितियों में से एक है जिन पर अक्सर संदेह किया जाता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पेटेंट फाइलिंग, रिसर्च पेपर लेखन और वैज्ञानिक प्रशिक्षण में मिलेगी सहायता, विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने की घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने देश के अनुसंधान और नवाचार तंत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन समर्थित एक नए डिजिटल पोर्टल की घोषणा की है। यह पोर्टल देशभर के शोधकर्ताओं, छात्रों और नवाचारकर्ताओं को पेटेंट फाइलिंग, वैज्ञानिक शोध पत्र लेखन तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों से जुड़ी प्रक्रियाओं में प्रशिक्षण और सहयोग उपलब्ध कराएगा।डॉ. जितेंद्र सिंह ने विज्ञान मंत्रालयों की संयुक्त समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह पोर्टल भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को अधिक सशक्त और सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए शोधकर्ताओं को बेहतर संसाधन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराना आवश्यक है।



### अनुसंधान की गुणवत्ता और नवाचार परिणामों में होगा सुधार

डॉ. सिंह ने कहा कि ऐसे संसाधनों तक आसान पहुंच से शोध कार्यों की गुणवत्ता में सुधार आएगा और नवाचार से जुड़े परिणाम अधिक प्रभावी बनेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को वैश्विक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए शोधकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराना आवश्यक है।

### शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को मिलेगा व्यापक सहयोग

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि नया डिजिटल पोर्टल शोधकर्ताओं, युवा वैज्ञानिकों और नवाचारकर्ताओं के लिए क्षमता निर्माण का एक महत्वपूर्ण मंच होगा। इसके माध्यम से वैज्ञानिक लेखन, शोध पत्रों के प्रकाशन की प्रक्रिया, बौद्धिक संपदा संरक्षण, पेटेंट आवेदन और उससे जुड़ी कानूनी एवं तकनीकी प्रक्रियाओं के बारे में व्यवस्थित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में युवा शोधकर्ता और स्टार्टअप नवाचार के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, लेकिन कई बार पेटेंट प्रक्रिया और वैज्ञानिक प्रकाशन की जटिलताओं के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नया पोर्टल इस अंतर को दूर करने में मदद करेगा।

### विज्ञान मंत्रालयों की संयुक्त समीक्षा बैठक

बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने विज्ञान प्रशासन के लिए चलाए जा रहे क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, जन-जागरूकता एवं आउटरीच गतिविधियों, एनआरएफ की विभिन्न योजनाओं, संस्थागत समन्वय प्रयासों, तैयारियों की जानकारी मंत्री को दी। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न वैज्ञानिक विभागों और संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने तथा अनुसंधान गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई पहलें जारी हैं।

### वैज्ञानिक संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर

बैठक के अंत में सभी विज्ञान विभागों और संस्थानों ने आपसी सहयोग को और मजबूत करने, संस्थागत क्षमताओं का विस्तार करने तथा वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के सामाजिक प्रभाव एवं दृश्यता को बढ़ाने की सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त की। सरकार का मानना है कि डिजिटल पोर्टल जैसी पहलें शोधकर्ताओं को तकनीकी सहायता प्रदान करेंगी।

चौहान ने मध्य प्रदेश के कृषि रोडमैप के लिए दिल्ली में ली उच्चस्तरीय बैठक

# हर जिले में जवाबदेही तय, 'वन टीम वन टॉस्क' पर होगा काम : शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर मध्य प्रदेश के रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास जिलों के लिए तैयार विशेष कृषि रोडमैप अब देश में कृषि परिवर्तन के एक मॉडल के रूप में उभरने जा रहा है।



रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव के दौरान की गई घोषणा को आगे बढ़ाते हुए चौहान ने स्पष्ट किया है कि यह केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसान की आय, जल संरक्षण, मिट्टी की सेहत, वैज्ञानिक खेती और योजनाओं के प्रभावी अभिसरण पर आधारित एक जवाबदेह मिशन है। सिंह ने मध्य प्रदेश के कृषि रोडमैप के लिए बगुरुार को दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक ली जिसमें मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना सहित केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की।रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास जिलों को कृषि विकास का आदर्श मॉडल बनाने की दिशा में चौहान ने विजन सामने रखा है। उन्होंने कहा कि इन 4 जिलों में जो कृषि रोडमैप लागू किया जा रहा है, वह केवल समीक्षा का दस्तावेज नहीं, बल्कि खेत, किसान और भविष्य की खेती को केंद्र में रखकर बनाया गया परिवर्तन का ठोस खाका है। उन्होंने स्वयं इन क्षेत्रों के खेतों की स्थिति देखी है। भूजल स्तर में गिरावट, मिट्टी की कमज़ोर होती सेहत और किसान की मेहनत के अनुरूप आय न मिलना चिंता का विषय है। इसी कारण उनकी दिली इच्छा है कि देवास, सीहोर, रायसेन और विदिशा कृषि सुधार के ऐसे सफल मॉडल बनें, जिन्हें आगे चलकर देश के अन्य जिलों में भी लागू किया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस रोडमैप की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना किसान की शुद्ध आय होगी। प्रत्येक जिले में वर्तमान आय क्या है और रोडमैप लागू होने के बाद उसमें कितना सुधार होता है, यही आने वाली हर समीक्षा का मुख्य आधार रहेगा। उनके मुताबिक यह बैठक केवल प्रगति देखने की औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि परिणाम सुनिश्चित करने वाली जवाबदेही की बैठक है। चौहान ने अल नीनो और जल संकट के संदर्भ में भी स्पष्ट रणनीतिक सोच रखी। उन्होंने कहा कि अभी से ऐसे कदम तय करने होंगे, जिनसे रबी फसल सुरक्षित रह सके। किसानों का भरोसा और मजबूत हो।

## कॉकरोच जनता पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर विवाद में आए झा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी की बुधवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर राजद सांसद मनोज झा विवाद में आ गए हैं। सांसद झा पर दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने में मदद का आरोप है। मनोज झा ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि उन्होंने केवल एक पत्रकार और अपने कुछ साथियों के लिए स्थान बुक करने में मदद की थी, जो कि उनके लिए एक सामान्य प्रक्रिया है। झा ने कहा कि अगर भविष्य में कोई मुझसे जगह के लिए संपर्क करता है, तो मैं अब उचित जांच करूंगा। गौरतलब है कि कॉकरोच जनता पार्टी के वित्तपोषण और राजनीतिक गठबंधनों को लेकर जांच-पड़ताल ऐसे समय में हो रही है जब यह समूह कल 6 जून को जंतर-मंतर पर एक महत्वपूर्ण विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहा है। आंदोलन के संस्थापक अभिजीत दिपके, जो विदेश से काम कर रहे हैं, के भारत लौटने और प्रदर्शन का नेतृत्व करने की उम्मीद है। इस प्रदर्शन में नीट, सीबीएसई और सीयूईटी परीक्षाओं में कथित खामियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की जा रही है।

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सांसद मनोज कुमार झा इस संगठन के प्रमुख संरक्षक हैं, विशेष रूप से नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में समूह के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने में उनकी भूमिका का उल्लेख किया गया है।ये आरोप तब और पुख्ता हो गए जब यह खुलासा हुआ कि हाल ही में हुई कॉकरोच जनता पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए स्थल की बुकिंग आरजेडी सांसद मनोज झा की सिफारिश पर की गई थी।

## एलओपी राहुल के 'आर्थिक सुनामी' वाले बयान पर भाजपा का हमला

विपक्ष के नेता देश में फैला रहे दहशत और अफवाह

# लोगों में डर बेचना बंद कीजिए, भारत अपनी हिफाजत में सक्षम व तैयार

## भाजपा के आईटी सेल के मुखिया मालवीय ने कहा- भय न फैलाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी के आर्थिक सुनामी वाले बयान पर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। भाजपा ने राहुल गांधी से कहा है कि वह आम जनता के बीच दहशत फैलाना बंद करें। भाजपा के आईटी सेल के मुखिया, अमित मालवीय ने तर्क दिया कि ईरान युद्ध से उपजे हालात का मुकाबला करने के लिए भारत पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने आर्थिक और रणनीतिक संकेतों का हवाला देते हुए कहाकि भारत अपनी हिफाजत करने में सक्षम है। मालवीय ने राहुल से आग्रह किया कि वह भय न बेचें। साथ ही यह दावा किया कि भारत की आर्थिक सुरक्षा प्रणालियां यूपीए काल के दौरान कमजोर हो गई थीं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया था कि मोदी एक साल के भीतर प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे क्योंकि चीजों को नियंत्रित करने का उनका जो सिस्टम था, वह ध्वस्त हो रहा है।मोदी सरकार जनता के दबाव को कुचलने के लिए आपातकाल जैसा कदम उठा सकती है।



### आर्थिक संकेतों का हवाला दिया

मालवीय ने राहुल के दावे को धता बताते हुए कई आर्थिक संकेतों का हवाला दिया है। उन्होंने कहा कि मई 2026 में ई-वे बिल जेनरेट करने में 12.9 फीसदी का इजाफा हुआ है। मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विसेज एक्टिविटी भी मजबूत रही है। दोनों की पीएमआई 56.6 और 58.9 फीसदी रही है। वहीं, रिटेल इन्फ्लेशन अप्रैल में 3.48 फीसदी रहा है जो आरबीआई के टारगे से नीचे है। इसके अलावा विदेशी निवेश ने वित्तवर्ष 2026 में 94.5 बिलियन की ऊंचाई को छुआ है।

### सरकार के उपायों की दी जानकारी

उन्होंने कहा कि जब दुनिया में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ीं तो पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती ने उपभोक्ताओं को राहत दी। घरेलू उपलब्धता की रक्षा और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यकतानुसार आपूर्ति में हस्तक्षेप और निर्यात प्रतिबंधों का उपयोग किया गया।

### सरकार कर रही मजबूत करने का काम

मालवीय ने कहा कि केंद्र ने सतही कोयला और लिग्नाइट गैसीफिकेशन प्रोजेक्ट के लिए 37,500 करोड़ मंजूर किए हैं। यह 75 मिलियन टन गैसिफिकेशन क्षमता बनाने, 2.5-3 लाख करोड़ के निवेश को बढ़ाएगा।

पूनावाला बोले

### आपातकाल कांग्रेस के अंदर

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी की टिप्पणियां कांग्रेस के इतिहास,मानसिकता को दर्शाती हैं। राहुल ऐसे परिवार से हैं,



जिसका इतिहास आपातकाल से जुड़ा रहा है। इसलिए उन्हें लगता है कि हर कोई आपातकाल लगाने वाला है। भारत में संविधान को इंदिरा गांधी ने किया था। पूनावाला ने आरोप लगाया कि राहुल पहले भी अर्थव्यवस्था, कोविड टीकों और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भ्रामक बयान देते रहे हैं। बार-बार कह रहे अर्थव्यवस्था ढह चुकी है, जबकि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। कोविड टीकों के खिलाफ दुष्प्रचार किया था।

राहुल ने कृषि और शिक्षा नीति पर उठाए सवाल

## मोदी सरकार ने अमेरिका के सामने किया सरेंडर

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। सिमकनी में जनसभा में खराब मौसम के कारण राहुल गांधी व्यक्तिगत रूप से तो नहीं पहुंच सके, उन्होंने दिल्ली से ही फोन के माध्यम से जनसभा को संबोधित किया। राहुल ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने अमेरिका के सामने पूरी



तरह सरेंडर कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की विदेश नीति को अमेरिका कंट्रोल कर रहा है। अमेरिका भारत को दबाव में ले रहा है और वह तय कर रहा है कि भारत को किस देश से तेल खरीदना चाहिए और किससे नहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र की वर्तमान नीतियों के कारण देश की शिक्षा व्यवस्था और कृषि क्षेत्र गहरे संकट में हैं। नीतियां कुछ चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई जा रही हैं। राहुल ने कहा कि जीएसटी गलत तरीके से लागू की गई। इसके कारण देश के छोटे-छोटे कारोबार बंद हो गए। रोजगार खत्म हो गए और पूरा व्यापार कुछ बड़े उद्योगपतियों के हाथों में सिमट कर रह गया है।

रेलवे मंत्री ने यह बात कही

## रेलवे विकास से जुड़े मुद्दों पर होगी उच्चस्तरीय बैठक, रेलवे महाप्रबंधक भी रहेंगे मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शनिवार को कोलकाता के दौरे पर पहुंचेंगे। पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार केके सत्ता में आने के बाद ये पहला मौका होगा जब रेलमंत्री सूबे उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य पश्चिम बंगाल में लंबित रेल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और उन्हें तेजी से आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के साथ समन्वय बढ़ाना है। रेल मंत्री एक उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। बैठक में पश्चिम बंगाल में चल रही विभिन्न रेल परियोजनाओं, भूमि अधिग्रहण, बुनियादी ढांचा विकास और नई रेल सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है।

### कई रेलवे जोनों के महाप्रबंधक होंगे शामिल

बैठक में पूर्वी रेलवे, दक्षिण-पूर्व रेलवे, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) तथा मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक भी भाग लेंगे। अधिकारियों के अनुसार विभिन्न जोनों में चल रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। रेल मंत्रालय का मानना है कि राज्य और केंद्र के बीच बेहतर समन्वय से रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

### रेलवे विकास पर केंद्र-राज्य समन्वय रहेगा चर्चा का केंद्र

सूत्रों के अनुसार बैठक में नई रेल लाइनों, दोहरीकरण परियोजनाओं, स्टेशन पुनर्विकास, माल परिवहन अवसंरचना तथा मेट्रो विस्तार जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जा सकता है। रेलवे मंत्रालय पश्चिम बंगाल में कई रणनीतिक और यात्री सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता दे रहा है।

### संसदीय स्थाई समिति की बैठक भी

इस बीच, संसद की रेलवे संबंधी स्थायी समिति के सदस्य भी शनिवार दोपहर कोलकाता पहुंचेंगे। समिति के सदस्य शाम को रेलवे से जुड़े विभिन्न संगठनों और हितधारकों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के दौरान रेल सेवाओं की गुणवत्ता, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा उपायों, अधोसंरचना विकास तथा भविष्य की योजनाओं पर सुझाव लिए जाने की संभावना है।

### विकास परियोजनाओं को मिल सकती है नई गति

रेल मंत्री के दौरे को पश्चिम बंगाल में रेलवे नेटवर्क के विस्तार और लंबित परियोजनाओं को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद कई परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और केंद्र-राज्य सहयोग को भी मजबूती मिलेगी।

## पूर्वोत्तर परिषद की 73वीं पूर्ण बैठक में विकास, कनेक्टिविटी और समृद्धि पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में हिंसा और अशांति के लंबे दौर को समाप्त कर इस क्षेत्र को विवादों के केंद्र से अवसरों के केंद्र में बदलने का काम किया है। आज पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, निवेश, संपर्क और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए युग की ओर बढ़ रहा है। अमित शाह ने गुवाहाटी में पूर्वोत्तर परिषद की 73वीं पूर्ण बैठक में भाग लेने के बाद एक्स पर यह टिप्पणी की। उन्होंने




कहा कि पूर्वोत्तर परिषद आज क्षेत्र के विकास के लिए रणनीतिक योजना बनाने वाली एक महत्वपूर्ण संस्था के रूप में कार्य कर रही है, जो जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी बढ़ावा दे रही है।

### विकास और शांति के नए मॉडल के रूप में उभरा पूर्वोत्तर

गृह मंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों में शांति स्थापना, आधारभूत ढांचे के विकास, संपर्क सुविधाओं के विस्तार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन प्रयासों से क्षेत्र में हिंसक घटनाओं में कमी आई है और विकास परियोजनाओं को गति मिली है। एक्ट ईस्ट नीति और पूर्वोत्तर पर विशेष ध्यान ने इस क्षेत्र को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से और मजबूती से जोड़ा है।

### पूर्वोत्तर को मजबूत और समृद्ध बनाने का संकल्प

बैठक में केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के सभी राज्य और उनके नेतृत्व क्षेत्र को अधिक मजबूत, विकसित और समृद्ध बनाने के लिए एकजुट हैं। सिंधिया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से पूर्वोत्तर के विकास को नई गति दी जा रही है।

मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री पर साधा निशाना

## नीट अभ्यर्थी आकांक्षा की आत्महत्या भ्रष्ट और दरकती व्यवस्था की देन: राहुल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नीट अभ्यर्थी आकांक्षा चतुर्वेदी की मौत को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि आकांक्षा की मौत केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि देश की ₹भ्रष्ट और टूटी हुई शिक्षा व्यवस्था₹ का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में शिक्षा व्यवस्था को जिस तरह कमजोर किया गया है, उसकी कीमत देश की पूरी युवा पीढ़ी चुका रही है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा पोस्ट में आकांक्षा की संघर्षपूर्ण कहानी का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि आकांक्षा डॉक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी। उसके पिता, जो एक किसान हैं, ने बेटी के सपने को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज लिया।

### ₹पिता ने सब कुछ किया, लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था ने हरा दिया₹

राहुल गांधी ने कहा कि एक पिता अपनी बेटी के भविष्य के लिए जो कुछ कर सकता था, उसने सब कुछ किया। लेकिन फिर कथित नीट पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द हुईऔर उत्पन्न अनिश्चितता तथा मानसिक दबाव के बीच आकांक्षा ने अपनी जान गंवा दी। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसे केवल आत्महत्या कहकर नहीं टाला जा सकता, बल्कि यह एक ऐसी व्यवस्था की विफलता है जिसने लाखों छात्रों के भविष्य को असुरक्षित बना दिया है।

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग दोहराई

राहुल गांधी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने जैसी गंभीर घटनाओं के बावजूद न तो जवाबदेही तय हुई और न ही कोई ठोस सुधार दिखाई दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल समितियां गठित करने, अधिकारियों के तबादले करने और जांच की घोषणा करने तक सीमित है।

### नीट विवाद पर कांग्रेस का लगातार हमला

गौरतलब है कि 3 मई को आयोजित नीट परीक्षा को पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को रद्द कर दिया गया था। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपी गई है और पुनर्परीक्षा 21 जून को प्रस्तावित है।

### युवा पीढ़ी कीमत चुका रही है

राहुल ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती, लेकिन शिक्षा व्यवस्था को हुए नुकसान का असर वर्षों तक रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों और प्रशासनिक विफलताओं के कारण देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। लगातार पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने और संस्थागत जवाबदेही के अभाव ने छात्रों का भरोसा कमजोर किया है।

**बढ़ती चिंता का विषय :** आकांक्षा चतुर्वेदी मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले की रहने वाली थीं और नागपुर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही थीं।

## जयराम बोले- अर्थव्यवस्था को लेकर घबराहट में है मोदी सरकार अध्यादेश से नहीं सुलझेंगी निवेश की संरचनात्मक समस्याएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार आर्थिक मोर्चे पर दबाव में है और अपनी ही व्यवस्था के भीतर से उठ रहे सवालों से घिरी हुई है। जयराम रमेश की यह टिप्पणी उस मीडिया रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें दावा किया गया है कि केंद्र सरकार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को राहत देने के लिए आयकर अधिनियम में अध्यादेश के जरिए संशोधन करने पर विचार कर रही है। जयराम रमेश ने कहा, सरकार भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों पर लगाए गए 12.5 प्रतिशत दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को पूरी तरह समाप्त करने की तैयारी कर रही है। यह कर दर जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में निर्धारित की गई थी।

### सरकार निवेश संकट की जड़ को नहीं समझ रही

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार की वास्तविक चुनौती विदेशी निवेशकों पर कराधान नहीं, बल्कि देश के भीतर निजी कॉरपोरेट निवेश में लगातार बनी हुई सुस्ती है। उनका दावा है कि भारत में जिन कंपनियों और उद्योग समूहों को निवेश बढ़ाना चाहिए, वे या तो विदेशों में निवेश कर रहे हैं या फिर घरेलू निवेश योजनाओं को टाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट कंपनियों की आय और मुनाफा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है, लेकिन सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में निजी कॉरपोरेट निवेश की दर में उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिली है। उनके अनुसार यह स्थिति बताती है कि अर्थव्यवस्था में बुनियादी मांग और निवेश का माहौल कमजोर बना हुआ है।

### ₹अध्यादेश केवल सुर्खियां देगा, समाधान नहीं

जयराम रमेश ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में विदेशी निवेशकों के लिए कर छूट देने का अध्यादेश लाती है, तो इससे कुछ समय के लिए सकारात्मक सुर्खियां जरूर मिल सकती हैं, लेकिन इससे अर्थव्यवस्था की गहरी और संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं होगा।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आर्थिक चुनौतियों के मूल कारणों को दूर करने के बजाय अल्पकालिक उपायों पर निर्भर है। कांग्रेस नेता के अनुसार निजी निवेश में कमी के पीछे कई गंभीर कारण हैं, जिनमें वास्तविक मजदूरी में ठहराव, आय और संपत्ति की बढ़ती असमानता, विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक शक्ति का कुछ बड़े समूहों के हाथों में केंद्रित होना तथा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग से पैदा हुआ भय का वातावरण शामिल है।

### चीन से बढ़ते आयात पर भी उठाए सवाल

जयराम रमेश ने कहा कि चीन से लगातार बढ़ते आयात ने भी भारतीय उद्योगों और घरेलू निवेश को प्रभावित किया है। उनका आरोप है कि सरकार एक ओर आत्मनिर्भरता की बात करती है, जबकि दूसरी ओर चीन से आयात बढ़ता जा रहा है, जिससे देश के विनिर्माण क्षेत्र और घरेलू उद्योगों पर दबाव बढ़ा है।

### सरकार की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं

फिलहाल केंद्र की ओर से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों पर लगने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को समाप्त करने संबंधी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। चर्चाओं के बीच कांग्रेस ने इसे आर्थिक नीति और निवेश माहौल से जोड़ते हुए सरकार पर निशाना साधा है।

### बैठक की अध्यक्षता भर्तृहरि महताब ने की

# संसदीय समिति की बैठक में रुपये की कमजोरी निजी निवेश में सुस्ती पर जताई गई चिंता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद की एक स्थायी समिति की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में रुपये में लगातार आ रही गिरावट और देश में निजी निवेश की सुस्ती को लेकर चिंता जताई गई जबकि सरकार ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतियों के बावजूद मजबूती के साथ उभर रही है। वित्त संबंधी स्थायी संसदीय समिति की बैठक में आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर और मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने देश की आर्थिक स्थिति पर प्रस्तुति दी।

इस बैठक की अध्यक्षता भर्तृहरि महताब ने की। महताब ने बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि महंगाई, बढ़ती कीमतें, पश्चिम एशिया में संघर्ष और अपने उद्योगों की सुरक्षा के लिए चीन के हाल के सख्त कदम जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा, /"हालांकि अभी कुछ प्रतिकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं, लेकिन इन गंभीर चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में उभर रही है।

#### सरकार को दिए जाएंगे सुझाव

महताब ने कहा कि घरेलू बचत और निवेश में वृद्धि जैसे कुछ सकारात्मक संकेत मिले हैं, लेकिन सरकार के पूंजीगत व्यय की गति के अनुरूप निजी निवेश का नहीं बढ़ना चिंता का विषय है। महताब ने कहा कि समिति इस महीने के तीसरे सप्ताह में फिर बैठक करेगी और एक रिपोर्ट तैयार करेगी। इसमें अर्थव्यवस्था के समक्ष मौजूद चुनौतियों के उल्लेख के साथ उनसे निपटने के लिए जरूरी कदमों के बारे में सरकार को सुझाव भी दिए जाएंगे।



- रुपए में आ रही लगातार गिरावट पर चिंता व्यक्त
- निजी निवेश की सुस्त चाल पर चिंता जताई गई
- कुछ प्रतिकूल परिस्थितियों पर चर्चा की गई

#### पूंजी का प्रवाह विकसित देशों की ओर हो रहा

महताब ने कहा कि अमेरिका में बढ़ते निवेश आकर्षण और विकसित देशों में ब्याज दरों में वृद्धि के कारण पूंजी का प्रवाह उन देशों की ओर हो रहा है, जबकि पहले उभरती अर्थव्यवस्थाओं को अधिक निवेश मिलता था। बैठक में कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, गौरव गोगोई एवं मनीष तिवारी, भाजपा के पीपी चौधरी एवं दिनेश शर्मा और लोजपा (आर) के अरुण भारती सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

#### आरबीआई रुपए को गिरने से बचाने उठा रहा कदम



डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आ रही गिरावट पर उन्होंने कहा कि यह भी चिंता का विषय है और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इसे नियंत्रित करने के लिए कदम उठा रहा है। निजी निवेश में सुस्ती पर उन्होंने कहा कि इसके लिए कुछ नीतिगत बदलावों की जरूरत है। साथ ही, चीन से बाहर आ रही कंपनियों को भारत में निवेश के लिए किस तरह का समर्थन दिया जा रहा है, इस पर भी ध्यान देना होगा।

#### भारत-अमेरिका में प्रस्तावित व्यापार समझौते पर सवाल



महताब ने कहा कि समिति के सदस्यों ने भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर भी सवाल उठाए। महताब ने कहा, /"एक बड़ी चुनौती यह भी है कि जहां भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है, वहीं कुछ निवेश यहां से बाहर भी जा रहा है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने इसे एक चक्रीय प्रक्रिया बताया है।/"

# निवेशकों का सतर्क रुख सेंसेक्स हुआ स्थिर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- बाजार में बना रहा उतार-चढ़ाव
- सेंसेक्स 14 और निफ्टी 11 अंक बढ़कर बंद

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। सेंसेक्स में 14 अंक और निफ्टी में 11 अंक की मामूली बढ़त रही। विशेषज्ञों के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति के नीतिगत दर पर आने वाले फैसले से पहले भी बाजार में सतर्कता का माहौल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 13.84 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 74,360.01 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 10.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत चढ़कर 23,416.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाइटन, आईटीसी, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

**ब्रेंट क्रूड में मामूली गिरावट रही**

लाइवलोंग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, कमजोर वैश्विक संकेत, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण बाजार की शुरुआत दबाव में हुई। हालांकि, निचले स्तरों पर खरीदारी आने से सूचकांक नुकसान की भरपाई करने में सफल रहे।/

#### एशियाई बाजार रहे नुकसान में

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक नुकसान में रहे। अधिकांश यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गणेश लोपचन उर्फ देव** पुत्र मेंडुक दोरजे लोपचन, निवासी मकान नंबर बी-242, सी.आर. पार्क, ग्रेटर कैलाश, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 402/2025 धारा 20/29/61/81/85 एनडीपीएस अधिनियम, थाना सन लाइट कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गणेश लोपचन उर्फ देव** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **गणेश लोपचन उर्फ देव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **गणेश लोपचन उर्फ देव, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 402/2025 धारा 20/29/61/81/85 एनडीपीएस अधिनियम, थाना सन लाइट कॉलोनी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**डॉ. तरुण सहरावत**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-04, विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)
दक्षिण-पूर्वी जिला
साकेत न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/7393/SE/2026**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सैफी उर्फ अब्दुल** पुत्र इमामुद्दीन, **निवासी** एफ–332, गली नंबर–15, जनता कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली, ने **FIR No. 220/2019, U/S 25/54/59 A. Act, पुलिस स्टेशन वेलकम, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सैफी उर्फ अब्दुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सैफी उर्फ अब्दुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 220/2019, U/S 25/54/59 A. Act, पुलिस स्टेशन वेलकम, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सैफी उर्फ अब्दुल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.07.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,**
**कमरा नं0–19, प्रथम तल, शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7288/NE/2026**
**(Court Matter)**

## सॉफ्टबैंक ने लेंसकार्ट में तीन फीसदी हिस्सेदारी बेची



**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी निवेशक सॉफ्टबैंक समूह ने चश्मा बनाने वाली कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस में अपनी 3.25 प्रतिशत हिस्सेदारी को खुले बाजार के सौदे के जरिये 2,873 करोड़ रुपये में बेच दी। सॉफ्टबैंक ने अपनी सहयोगी कंपनी एसवीएफ II लाइटबल्ब लिमिटेड के माध्यम से लेंसकार्ट सॉल्यूशंस में 3.25 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 5,65,00,000 शेयर बेचे। यह औसतन 508.55 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचे गए।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मार्केट न्यूज

## दिविता जुनेजा को मिला 'बिग इम्पैक्ट अवॉर्ड 2016'




**चंडीगढ़।** बिजनेस एंटरप्रेन्योर एवं फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' से अपनी अलग पहचान बनाने वाली अभिनेत्री दिविता जुनेजा को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। चंडीगढ़ में बिग एफएम द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'बिग इम्पैक्ट अवॉर्ड्स 2026 में उन्हें अभिनय के क्षेत्र में योगदान के लिए बिग इम्पैक्ट अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके उभरते अभिनय करियर, प्रभावशाली व्यक्तित्व और दर्शकों के बीच बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए प्रदान किया गया। गत दिनों आयोजित इस भव्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की उत्कृष्ट प्रतिभाओं और प्रभावशाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री 'नेहा धूपिया' विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। यह आयोजन उत्कृष्टता, नवाचार और उल्लेखनीय उपलब्धियों का उत्सव था, जिसमें बिजनेस, एंटरटेनमेंट व अन्य क्षेत्रों की कई बड़ी हस्तियों ने भाग लिया। दिविता जुनेजा ने हाल ही में रिलीज हुई अपनी डेब्यू फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' में दिग्गज कलाकार आशुतोष राणा, संजय मिश्रा, गुलशन ग्रोवर और प्रीत कमानी के साथ स्क्रीन साझा कर अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। फिल्म में उनके अभिनय को सराहना मिली और अब यह सम्मान उनके करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में जुड़ गया है। इससे पहले भी दिविता जुनेजा को चंडीगढ़ में आयोजित 'द एजलेस वूमेन सोइरे' में उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व, नई सोच और प्रेरणादायक कार्यों के लिए 'टच वूमेन ऑफ सब्स्टेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया जा चुका है। लगातार मिल रहे सम्मान उनकी बढ़ती लोक-प्रियता व बहुआयामी प्रतिभा को दर्शाते हैं। गौरतलब है कि अभिनय के साथ- साथ दिविता जुनेजा एक सफल बिजनेस एंटरप्रेन्योर के रूप में भी अपनी पहचान मजबूत कर रही हैं। उन्होंने अपने लक्जरी फ्रेग्रेंस ब्रांड 'डिजाने अत्तर' के साथ फ्रेग्रेंस इंडस्ट्री में कदम रखा है। जिसे मुंबई के वर्लऍ स्थित एक स्टूडियो में आयोजित वेडिंग थीम्ड पॉप-अप इवेंट के माध्यम से उन्होंने इस ब्रांड को पेश किया था। यह ब्रांड विशेष रूप से शादियों और बड़े समारोहों से जुड़े हाई-वैल्यू गिफ्टिंग सेगमेंट को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सिनेमा और व्यवसाय, दोनों क्षेत्रों में मजबूती से कदम बढ़ाते हुए दिविता जुनेजा नई पीढ़ी की ऐसी युवा हस्ती के रूप में उभर रही हैं, जो आत्मविश्वास, आधुनिक सोच व रचनात्मकता के साथ लगातार नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हैं।

# बाड़मेर रेलवे स्टेशन पर उप रेलवे के पहले वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन

**बाड़मेर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के बाड़मेर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को जोन के पहले वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन महाप्रबंधक अमिताभ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा भी की।

एक दिवसीय बाड़मेर दौरे के दौरान महाप्रबंधक ने वाशिंग लाइन क्षेत्र में स्थापित वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन करते हुए कहा कि इसकी उपयोगिता और आवश्यकता को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के अन्य मंडलों में भी ऐसे संयंत्र स्थापित करने के प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। प्लांट का बटन दबाकर उद्घटान करने के बाद उन्होंने बताया कि लगभग 2.57 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस प्लांट के माध्यम से रेलवे लिनन की धुलाई में उपयोग किए गए पानी को शुद्ध कर पुनः धुलाई कार्य में इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना विशेष रूप से पश्चिमी राजस्थान जैसे जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों में अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

# दिल्ली और महाराष्ट्र में एथेनॉल ईंधन स्टेशन जल्द शुरू होंगे : पुरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- दिल्ली एनसीआर, पुणे, मुंबई व नागपुर में होंगे स्थापित

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार कच्चे तेल के आयात को कम करने के उद्देश्य से दिल्ली-एनसीआर, पुणे, मुंबई और नागपुर में 50 से 100 एथनॉल ईंधन स्टेशन स्थापित कर रही है।

पुरी ने उम्मीद जताई कि यह नेटवर्क बढ़कर 2026 के अंत तक 500 स्टेशनों तक पहुंच जाएगा। मारुति सुजुकी द्वारा भारत की पहली एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से चलने वाली कार (फ्लेक्स-फ्यूल) पेश किए जाने के मौके पर पुरी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 2027 के अंत तक भारत में 5,000 एथनॉल ईंधन स्टेशन होंगे। पुरी ने कहा, हम दिल्ली-एनसीआर, पुणे, मुंबई और नागपुर में लगभग 50 से 100 एथनॉल वितरण स्टेशन के साथ शुरुआत कर रहे हैं।

यह संख्या 2026 के अंत तक बढ़कर 500 तक पहुंच सकती है। मंत्री ने कहा कि यदि यूरो 6 मानक वाहन को ई100 ईंधन (शत प्रतिशत एथनॉल वाले वाहन) के अनुकूल बनाया जा सके, तो इससे लगभग 120 अरब अमेरिकी डॉलर के कच्चे तेल आयात को कम करने में मदद मिलेगी। तेल विपणन कंपनियों के घाटे पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वे अभी भी प्रतिदिन लगभग 500 से 550 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही हैं। पुरी ने कहा कि भारत के 60 प्रतिशत एलपीजी और 90 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से होती है।

# सोना 700 रुपये मजबूत चांदी 3,800 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बुधवार को सोना 1,59,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। चांदी की कीमत में भारी गिरावट आई और यह 3,800 रुपये घटकर 2,65,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।

**वैश्विक बाजार में सोना चढ़ा :** पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,69,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोने की कीमत लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,471.79 डॉलर प्रति औंस रही जबकि चांदी 1.14 प्रतिशत बढ़कर 73.56 डॉलर प्रति औंस पर पर पहुंच गई।

## जयूआईटी वाकनाघाट में तृतीय अंतर्राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी एवं जैवसूचना विज्ञान सम्मेलन (आईसीबीएबी2026) का सफलतापूर्वक समापन



**नई दिल्ली।** जयपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (**JUIT**), वाकनाघाट के जैव प्रौद्योगिकी एवं जैवसूचना विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित तृतीय अंतर्राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी एवं जैवसूचना विज्ञान सम्मेलन ( आईसीबीएबी2026) का आयोजन 28–30 मई 2026 तक सफलतापूर्वक किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय "सतत स्वास्थ्य सेवा, कृषि, पर्यावरण एवं संगणकीय जीवविज्ञान" था, जिसमें भारत एवं विदेशों से आए प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों तथा युवा शोधकर्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में कुल 186 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 140 प्रतिभागी परिसर में उपस्थित रहे तथा 30 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। इस प्रकार यह सम्मेलन ज्ञान- विनिमय एवं वैज्ञानिक संवाद का एक सशक्त हाइब्रिड मंच सिद्ध हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. (डॉ.) पी. एल. गौतम, कुलाधिपति, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, बिहार थे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में सतत विकास के लिए जैव प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान प्रो. शुए जुन ली (यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय, शिकागो, अमेरिका), प्रो. योसी एस. डायमंड (तेल-अवीव विश्वविद्यालय, इज़राइल), डॉ. येन वाह टोंग (नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर) सहित देश-विदेश के अनेक अग्रणी वैज्ञानिकों ने स्टेम सेल प्लेटफॉर्म, एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध, जीनोम संपादन तथा हरित नैनो-सामग्रियों जैसे अत्याधुनिक विषयों पर व्याख्यान दिए।

**छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय**

**// निविदा आमंत्रण //**

क्रमांक 02/वि.स. / संपदा / 2026

नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 03/06/2026

नवीन छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय परिसर, अटल नगर नवा रायपुर स्थित समस्त भवनों की दर पर दो (02) वर्षों तक साफ-सफाई कार्य हेतु अनुभवी प्रतिष्ठित फर्म / एजेंसी से सील बंद प्रस्ताव दिनांक 24.06.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है, प्राप्त प्रस्ताव क्रय समिति के समक्ष खोले जायेगे। इस दौरान प्रस्ताव देने वाले अथवा उनके द्वारा अधिकृत एक प्रतिनिधि उपस्थित रह सकेंगे।

प्रस्ताव हेतु प्रपत्र, विस्तृत शर्तों आदि की जानकारी विधान सभा सचिवालय की संपदा शाखा भूतल स्थित कक्ष क्रमांक बी-08 सेक्टर-19 नवा रायपुर, अटल नगर से राशि रूपये 5,000/- (अक्षरी पांच हजार मात्र) जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा विधान सभा की वेबसाईट www. cgvidhansabha. gov. in से डाउनलोड भी की जा सकती है, जिसके शुल्क के रूप में राशि रूपये 5,000/- (अक्षरी पांच हजार मात्र) विधान सभा सचिवालय की लेखा शाखा में, निविदा प्रस्ताव जमा करने के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा।

किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को अमान्य करने का सर्वाधिकार सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा को होगा।

**उप सचिव,**
**छत्तीसगढ़ विधान सभा**

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6247




**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

**शब्द पहेली- 6246 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |



## खबर संक्षेप



### श्रीलंका ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज को हराया

**किंग्स्टन (जमैका)।** पथुम निसंका के 79 रन और कप्तान कुसल मेंडिस के 72 रन की मदद से श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 41 रन से हराया। निसंका और मेंडिस ने दूसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी की। उनके अलावा चरित असालंका ने 45 और जनिथ लियानागे ने नाबाद 44 रन का योगदान दिया जिससे श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सात विकेट पर 303 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 49.2 ओवर में 262 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से कप्तान शाई होप ने 66 गेंदों में 56 रन और सलामी बल्लेबाज जस्टिन ग्रीव्स ने 38 गेंदों में 45 रन बनाए, लेकिन यह लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

### फीफा मैत्री मैच में भारत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**हिसोर (ताजिकिस्तान)।** पिछले महीने यूनिटी कप में लगातार दो हार से हताश भारतीय फुटबॉल टीम आज शुक्रवार को यहां फीफा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में ताजिकिस्तान के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने पिछले साल सीएएफए नेशंस कप में इसी विरोधी के खिलाफ जीत दर्ज की थी। भारत को हालांकि लंदन में यूनिटी कप के दौरान 27 और 30 मई को क्रमशः जमैका (0-2) और जिम्बाब्वे (0-1) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। दूसरा मैच भी रविवार को यहीं खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार रात 8:30 बजे शुरू होगा। एशियाई कप 2027 के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद से भारत की फीफा रैंकिंग लगातार गिर रही है जबकि इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले ताजिकिस्तान की रैंकिंग में सुधार हुआ है। भारत की विश्व रैंकिंग 137 जबकि ताजिकिस्तान की 103 है। ताजिकिस्तान मैसेडोनिया के नए कोच इगोर एंजेलोव्स्की के मार्गदर्शन में अपना पहला मैच खेलेगा।



### शैली सिंह और देव मीणा एथलेटिक्स टीम में

**नई दिल्ली।** पोल वॉल्ट के प्रतिभावान खिलाड़ियों देव कुमार मीणा और कुलदीप कुमार के अलावा लंबी कूद की खिलाड़ी शैली सिंह और भाला फेंक खिलाड़ी शिवम लोखारे को नौ से 12 जुलाई तक चीन के ओरडोस में होने वाले पहली एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारत की 54 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। देव और कुलदीप ने पोल वॉल्ट में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड (5.45 मीटर) बनाया है जबकि शिवम ने पिछले महीने रांची में फेडरेशन कप में 81.71 मीटर के प्रयास से भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता। शैली ने कीनिया के नैरोबी में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2021 में रजत पदक जीता था।



### हॉकी महिला नेशंस कप लालथंटलुआंगी और डबास को टीम में जगह

**नई दिल्ली।** युवा डिफेंडर लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत को टूर्नामेंट में जापान, अमेरिका और उरुग्वे के साथ पूल ए में रखा गया है जबकि पूल बी में मेजबान न्यूजीलैंड, चिली, कोरिया और फ्रांस शामिल हैं। भारत 15 जून को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके एक दिन बाद उसका सामना जापान से होगा। पूल चरण के अंतिम मैच में उसका मुकाबला 18 जून को उरुग्वे से होगा।

# अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में राहुल गिल व यादव बना सकते हैं खास रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 6 जून से एकमात्र टेस्ट खेलना है। यह मैच मुल्लांपुर के महाराजा यादवेन्द्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। ये दोनों टीमें 2018 में एक टेस्ट में आपस में भिड़ी थी, जिसे भारतीय टीम ने जीता था। ऐसे में अब भारत और अफगानिस्तान के बीच सिर्फ दूसरा ही टेस्ट होने जा रहा है। इस मैच में भारतीय खिलाड़ी कुछ रिकॉर्ड्स बना सकते हैं, उन पर एक नजर डालते हैं।




### केएल राहुल बना सकते हैं 9,000 रन का रिकॉर्ड

*केएल राहुल ने अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर में अब तक 120 मैच खेले हैं, जिसमें 45.21 की औसत के साथ 8,997 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 25 शतक और 42 अर्धशतक लगाए हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर 337 रन रहा है। वह 3 रन और बनाते ही अपने 9,000 प्रथम श्रेणी रन पूरे कर लेंगे। अपने टेस्ट करियर में राहुल ने लगभग 36 की औसत से 4,053 रन बनाए हैं।*

# उलानबटोर ओपन रैंकिंग सीरीज में सुनील-नितेश ने जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





देश का प्रतिनिधित्व करते हुए उलानबटोर ओपन रैंकिंग सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा के सुनील और नितेश ने स्वर्ण पदक जीता। सुनील ने ग्रीको रोमन 87 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, नितेश ने 97 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सुनील ने किर्गिस्तान के अजात सालिदिनोव को 4-1 से हराया। नितेश ने कजाकिस्तान के नूरासिल अमानली को 13-9 से हराया। यह प्रतियोगिता उलानबटोर मंगोलिया में आयोजित की जा रही है। मेहर सिंह अखाड़े के पहलवान सुनील ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन चैंपियनशिप में 87 किलोग्राम ग्रीको रोमन में कांस्य पदक जीता है। सुनील ने बताया कि उसने मैच में चीन के जियाजिन हुआंग को हराया। उन्होंने बताया कि एशियन चैंपियनशिप में यह उनका पांचवां पदक है। सोनीपत निवासी सुनील रोहतक के मेहर सिंह अखाड़े में कोच रणबीर ढाका के पास अभ्यास करता है। कोच रणबीर ढाका ने विजेता पहलवान को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुनील ने बताया कि उनके पिता अश्वनी कुमारको पहलवानी का शौक था। सुनील ने 2008 में खेलना शुरू किया। वर्ष 2010 में उनके पिता का देहांत हो गया। मां अनिता गृहिणी व चार भाई-बहन हैं। बहन रेनू डॉक्टर हैं। बड़ा भाई मोनू दिल्ली में एमसीडी में व छोटा भाई नितिन नेवी में नायब सूबेदार हैं। उनके पिता का सपना है कि मैं ओलंपिक में पदक जीतूं। कोच रवि अहलावत, कैप्टन धर्मवीर हुड्डा, कोच जयवीर हुड्डा, कोच हरदीप सिंह, कोच सोनू कुमार, अखाड़े संचालक मोहित मलिक व कोच रिंकू राठी ने भी परविंदर का हौसला बढ़ाया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। नितेश पानीपत जिले का निवासी है। नितेश ने सीनियर एशियन चैंपियनशिप 2025 में भी ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप 2025 में कांस्य पदक जीता। एशियाई चैंपियनशिप 2026 में रजत पदक जीता।

### सुनील की उपलब्धियां

2022 के एशियन गेम्स में कांस्य पदक, 2020 में एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, 2019 में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक, 2022 में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य और 2023 में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। 2025 में में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। एशियन गेम्स में चयन हुआ है। 2026 में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

## भारत-अफगानिस्तान वनडे सीरीज 13 जून से

# विराट कोहली नहीं खेलेंगे वनडे सीरीज, रुतुराज को मिला मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को 13 जून से अफगानिस्तान क्रिकेट टीम से वनडे सीरीज खेलनी है। तीन मैचों की इस सीरीज से विराट कोहली चोट के चलते बाहर हो चुके हैं। इस बीच खबर है कि कोहली की जगह पर रुतुराज गायकवाड़ को टीम में शामिल किया जा सकता है। वहीं, रजत पाटीदार को इंडिया-ए की टीम में जगह मिल सकती है।

### आईपीएल फाइनल के दौरान चोटिल हुए कोहली

कोहली को यह चोट आईपीएल 2026 के फाइनल के दौरान लगी थी। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ नाबाद 75 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, कोहली को कम से कम 2 हफ्ते आराम करने की सलाह दी गई है। वह 20 जून को होने वाले आखिरी वनडे तक फिट हो सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें इस सीरीज से आराम दिया गया है। इसकी औपचारिक घोषणा जल्द होने की उम्मीद है।



### गायकवाड़ ने अब तक खेले हैं 9 वनडे मैच

गायकवाड़ ने 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से अपने वनडे करियर का आगाज किया था। उन्होंने अब तक 9 वनडे की 8 पारियों में 28.50 की औसत के साथ 228 रन बनाए हैं। वह 1 शतक से पहले 1 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। बता दें कि उन्होंने अपना शतक दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध (123*) और इकलौता अर्धशतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ (79 रन) बनाया था। गायकवाड़ भारत की ओर से 23 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेल चुके हैं।

### क्या रोहित होंगे सीरीज से बाहर?

रोहित शर्मा भी चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज से बाहर होने हो सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यशस्वी जायसवाल को टीम में मौका मिल सकता है।

### इंडिया-ए में शामिल होंगे पाटीदार

गायकवाड़ को मेजबान श्रीलंका और अफगानिस्तान के साथ होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए इंडिया-A की टीम में चुना गया था।अब उनकी गैरमौजूदगी में इंडिया-ए की टीम में पाटीदार को चुना जा सकता है। बता दें कि पाटीदार ने आईपीएल 2026 में उम्दा प्रदर्शन किया था और उनकी कप्तानी में आरसीबी ने लगातार दूसरा खिताब जीता था। इस त्रिकोणीय सीरीज का आगाज 9 जून से होगा और फाइनल मुकाबला 21 जून को खेला जाएगा।

### वनडे सीरीज शेड्यूल

पहला वनडे - 13 जून, धर्मशाला
दूसरा वनडे - 17 जून, लखनऊ
तीसरा वनडे - 20 जून, चेन्नई

**भारत टीम** : शुबमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बराड़, हर्ष दुबे

## दिल्ली में होनी है चैंपियनशिप

# पाक एशियाई सीनियर तलवारबाजी चैंपियनशिप के लिए टीम नहीं भेजेगा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



पाकिस्तान ने 19 जून से यहां होने वाली एशियाई सीनियर तलवारबाजी चैंपियनशिप के लिए अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि स्थानीय आयोजकों ने पड़ोसी देश को इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए न्योता भेजा था लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान ने यह फैसला किया है। भारत पहली बार इस चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। एशिया और ओसियाना के 30 से अधिक देशों के तलवारबाज यहां भारत मंडपम में होने वाली इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। लगभग 100 प्रतिनिधि और तकनीकी अधिकारी प्रतियोगिता के आयोजन पर नजर रखेंगे। भारतीय तलवारबाजी संघ (एफएआई) के महासचिव राजीव मेहता ने पीटीआई को बताया, ''हमने पाकिस्तान और अफगानिस्तान को चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए न्योता भेजा था लेकिन उन्होंने अपने खिलाड़ियों को नहीं भेजने का फैसला किया। प्रविष्टियां भेजने की आखिरी तारीख काफी पहले ही निकल चुकी है और अब हम खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा दिलाने की प्रक्रिया में हैं।'' पिछले महीने खेल मंत्रालय ने फिर से साफ किया था कि पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंधों पर पिछले साल लगाया गया प्रतिबंध जारी रहेगा लेकिन सीमा पार से आने वाले खिलाड़ियों को बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं के लिए यहां आने से नहीं रोका जाएगा। इसके बावजूद पाकिस्तान ने अपने तलवाबाजों को नहीं भेजने का फैसला किया है। चैंपियनशिप से पहले यहां एशियाई तलवारबाजी परिसंघ (एफसीए) की आम सभा की बैठक भी होगी। यह पहली बार है जब इस महाद्वीपीय संस्था के शीर्ष अधिकारी भारत में बैठक कर रहे हैं।

### केएस भरत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**मुंबई।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज कोना श्रीकर भरत ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। भरत ने 2023-2024 के बीच भारत के लिए सात टेस्ट मैच खेले। बत्तीस साल के भरत ने फरवरी 2023 में नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पदार्पण किया और इसके एक साल बाद उन्होंने विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ देश के लिए अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला। उन्होंने कुल 221 रन बनाए जिसमें उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 44 रन रहा। भरत ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''गर्व और कृतज्ञता की भावना के साथ मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करता हूं। अपने देश के लिए खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है।''

## अंडर-18 एशिया कप

# पुरुषों में भारत-पाकिस्तान और महिलाओं में चीन से मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को यहां अंडर-18 एशिया कप के सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी कमियों से उबरकर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी जबकि महिला टीम चीन के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम पूल ए में तीन जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारत ने अब तक अपने अभियान में 32 गोल किए और सिर्फ छह गोल खाए। पुरुष टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत कजाखस्तान के खिलाफ 13-0 की शानदार जीत के साथ की जिसके बाद उसे मेजबान जापान के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा।

### भारतीय महिला टीम का चल रहा बेहतरीन प्रदर्शन

इस बीच भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है। उन्होंने अपने तीनों मैच जीतकर पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया जिसमें उन्होंने 30 गोल किए और सिर्फ दो गोल खाए। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया पर 2-1 की कड़े मुकाबले वाली जीत के साथ की जिसके बाद उसने कोरिया के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज की।

# सिंधू इंडोनेशिया ओपन से बाहर

## हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में



**जकार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को लगातार दूसरे सप्ताह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह गुरुवार को यहां इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। सिंधू पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी से हार गई थीं। सिंधू ने इंडोनेशिया ओपन के राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिर में 17-21, 14-21 से हार गईं। इस हार से सिंधू की ओलंपिक चैंपियन के खिलाफ हार का सिलसिला 10 मैच तक बढ़ गया। भारतीय खिलाड़ी अभी तक आन के खिलाफ एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाई है।

### मलेशिया की जोड़ी को भारतीयों ने हराया

इस बीच हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी ने आरोन ताइ और केंग खाई शिंग की मलेशिया की बेहतर रैंकिंग वाली जोड़ी को हराकर उलटफेर करते हुए पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हरिहरन और अर्जुन ने राउंड ऑफ 16 मैच में पहला गेम गंवाने के बाद 16-21, 21-15, 21-19 से जीत दर्ज की। हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और मैच को निर्णायक गेम में खींचा।

# दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बनीं जैस्मिन प्रिया और विश्वनाथ विश्व रैंकिंग में शीर्ष तीन में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गत विश्व चैंपियन जैस्मिन लंबोरिया नवीनतम विश्व मुक्केबाजी रैंकिंग में महिला 57 किग्रा वर्ग में शीर्ष पर हैं जबकि एशियाई चैंपियशिप के स्वर्ण पदक विजेता प्रिया घंघास (60 किग्रा) और विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में शीर्ष तीन में शामिल हैं। भारतीय मुक्केबाजों ने महिलाओं के 10 में से नौ वजन वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाई है जबकि पुरुषों के 10 में से आठ वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की है।



### मीनाक्षी 48 किग्रा वर्ग में नंबर एक

महिला वर्ग में मीनाक्षी 48 किग्रा वर्ग में दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बनीं हुई हैं जबकि प्रीति पवार 54 किग्रा वर्ग में पांच स्थान के फायदे से तीसरे पायदान पर हैं। इस साल एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली जैस्मिन एक स्थान के फायदे से दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बन गईं। विश्व कप की पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और नुपुर (80 किग्रा से अधिक) अपने-अपने वजन वर्ग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

### अन्य खिलाड़ियों की ऐसी है रैंकिंग

इस साल राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहीं दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा) एक स्थान के नुकसान से चौथे स्थान पर हैं। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) सातवें स्थान पर बरकरार हैं। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच (60 किग्रा) और एशियाई खेलों के पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक) शीर्ष पांच मुक्केबाजों में शामिल हैं।

## विश्वकप : अपने लोगों को खुशियां देना चाहती है ईरानी टीम

# जिस अमेरिका के साथ युद्ध, वहां पर ही खेलने होंगे मैच

सेंट्रल डेस्क ▶▶| रोहतक



ईरान ऐसे समय में विश्व कप की ओर बढ़ रहा है जब उसका युद्ध टूर्नामेंट के एक मेजबान देश अमेरिका के साथ चल रहा है। विश्व कप के इतिहास में यह स्थिति अपने आप में अनोखी है। हालांकि, 8 अप्रैल से एक अस्थिर युद्धविराम लागू है, लेकिन अनिश्चितता और समय-समय पर होने वाली झड़पों के कारण संघर्ष का अंत अभी भी निश्चित नहीं माना जा सकता। इस स्थिति ने ईरानी खिलाड़ियों की विश्व कप की तैयारियों को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। रोचक यह है कि उनके सभी मैच अमेरिका में खेले जाने वाले हैं। ईरान की टीम दो सप्ताह से अधिक समय तक तुर्किये में रही है, जहां उसने मुख्य रूप से समुद्री तटवर्ती शहर अंताल्या में अभ्यास किया। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होने वाले इस टूर्नामेंट में ईरान की भागीदारी लंबे समय से संदेह के घेरे में रही है और वीजा संबंधी स्थिति अभी भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं होने के कारण कुछ भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। 2018 और 2022 के विश्व कप में भी ईरान का प्रतिनिधित्व करने वाले 29 वर्षीय मिडफील्डर सईद एजातोलाही ने कहा, सच कहूं तो यह आसान नहीं है।

### इस सप्ताहांत रवानगी

सईद एजातोलाही ने कहा कि यह मेरा तीसरा विश्व कप होगा। इसलिए मेरे और कुछ अन्य खिलाड़ियों के लिए ऐसी परिस्थितियों को संभालना शायद थोड़ा आसान हो सकता है। लेकिन अंततः यह हमारे लिए कठिन होगा क्योंकि हम लगातार अपने देश की खबरें देख रहे हैं और राजनीतिक घटनाक्रम निश्चित रूप से खिलाड़ियों और लोगों के मनोबल को प्रभावित करते हैं। टीम को इस सप्ताहांत मेक्सिको रवाना होना है, क्योंकि अंकारा स्थित मेक्सिकी दूतावास से उसे वीजा मिल चुका है। वीजा प्रक्रिया में आई समस्याओं के कारण ईरान का विश्व कप प्रशिक्षण शिविर एरिजोना के टक्सन से हटाकर कैलिफोर्निया सीमा के निकट मेक्सिको के तिजुआना में स्थानांतरित कर दिया गया।

### पहला मैच लॉस एंजिलिस में

ईरान अपने पहले दो मैच लॉस एंजिलिस के पास खेलेगा, जहां बड़ी संख्या में ईरानी मूल के लोग रहते हैं। इनमें से कई लोग वर्तमान ईरानी सरकार के विरोधी भी हैं। एजातोलाही ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि हमारे मैचों के दौरान स्टेडियम में बड़ी संख्या में प्रशंसक मौजूद होंगे। यह हमारे लिए दबाव भी बढ़ाएगा क्योंकि लोगों की अपेक्षाएं बहुत ऊंची होंगी। मैं बस यही चाहता हूं कि हम उन्हें गर्व महसूस करा सकें और यह दिखा सकें कि ईरानी हर कठिन चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। 24 वर्षीय मोहम्मद गोरबानी पहली बार ईरान की ओर से विश्व कप खेलने जा रहे हैं।

थाना डीएलएफ फेस-3 जिला गुरुग्राम
DD NO 46 DT 23.05.2026 U/S 194 BNSS PS DLF PH 3 GURUGRAM
अज्ञात शव बारे सूचना पत्र



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.05.2026 को गार्डन एस्टेट की दीवार के पास नजदीक द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन डी.एल.एफ फेस-3 गुरुग्राम के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था पड़ा हुआ मिला। जिसने ऊपर वाले हिस्से पर कोई कपड़ा नहीं पहना हुआ है और नीचे नीला रंग का पाजामा पहना हुआ है व चेहरे पर हल्की सफेद व काली दाडी है, उम्र करीब 40-42 साल है व हुलिया रंग सावला, लम्बुतरा चपटा, कद करीब 5 फुट 9 इंच है। जो उपरोक्त व्यक्ति का पोस्टमोर्टम हेतू मोर्चरी गुरुग्राम रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त बारे सूचना मिलती है तो थाना डीएलएफ फेस-3 गुरुग्राम मे सूचित करे।

प्रबंधक थाना डीएलएफ फेस-3 (ASI NAVEEN 407/GGM)
मोबाईल न0 9205892152 थाना डीएलएफ फेस-3
थाना डीएलएफ फेस-3 जिला गुरुग्राम
मो0न0 8595953206 दिनांक 23.05.2026
M.NO 8368729004

पीआरडीएच-1084/11/4898/2027/45909/88/7 दि. 04.06.2026




## खबर संक्षेप

### ब्रिटेन में टाटा स्टील प्लांट में आग, 2 घायल

**लंदन।** ब्रिटेन के पोर्ट टैलबोट, वेल्स स्थित टाटा स्टील प्लांट में कम से कम तीन विस्फोट हुए हैं।



अभी तक 2 लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। अभी साउथ वेल्स पुलिस ने ट्वीट करके कहा है कि आपातकालीन सेवा मुहैया कराई जा रही है। स्थानीय लोगों ने कहा है कि धमाके स्थानीय समय के मुताबिक तड़के करीब 3:30 पर हुए। इस प्लांट में 4 हजार से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। टाटा स्टील यूरोप ने 2 कर्मचारियों के घायल होने की पुष्टि करते हुए कहा है कि आग बुझ गई है और जांच शुरू की जा चुकी है।

### मेजर प्रभात मिश्रा को यूएस में मिले दो अवार्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के मेजर



प्रभात मिश्रा को अमेरिका के कंसास स्थित फोर्ट लीवनवर्थ में यूएस आर्मी कमांड एंड जनरल स्टाफ कॉलेज के कमांड एंड जनरल स्टाफ ऑफिसर कोर्स के दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया। उन्हें बिरर-ब्रूक्स अवॉर्ड फॉर आउटस्टैंडिंग मास्टर ऑफ मिलिट्री आर्ट्स एंड साइंस थीसिस और जनरल डगलस मैकआर्थर मिलिट्री लीडरशिप राइटिंग अवॉर्ड मिला। यह कोर्स 10 महीने का उन्नत सैन्य नेतृत्व कार्यक्रम है, जिसमें इस बैच में 951 अधिकारियों ने भाग लिया।

## ईरान की होर्मुज चाल फेल करेगा भारत, ऊर्जा संकट से मिलेगा छुटकारा

# पाइपलाइन से दो मित्र देश इराक और यूएई जल्द भेजेंगे कच्चा तेल

### इराक तुर्की स्थित पोर्ट पर भेजेगा कच्चा तेल

### इराक से सीरिया से होते हुए भी भारत आएगा तेल | यूएई से ओमान के फुजैरा पोर्ट से होता हुआ भारत पहुंचेगा कच्चा तेल

एजेंसी ▶▶ बगदाद

होर्मुज स्ट्रेट में चल रही ईरान और अमेरिका की नाकेबंदी के बीच पड़ोसी देश इराक ने अपने कच्चे तेल के निर्यात को 3 गुना करने के लिए बड़ी योजना तैयार की है। इराक की कैबिनेट ने कुर्दिस्तान-तुर्की पाइपलाइन की मदद से अगले ढाई महीने में अपना निर्यात 220,000 बैरल प्रतिदिन 770,000 बैरल प्रतिदिन करने की योजना को मंजूरी दे दी है।

वहीं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी कहा है कि वह नई पाइपलाइन बना रहा है ताकि होर्मुज स्ट्रेट के बिना ही कच्चे तेल की आपूर्ति की जा सके।

इन रास्तों के जरिए तेल को किर्कुक और कुर्दिसतान तेल फील्ड से तुर्की के भूमध्य सागर स्थित पोर्ट सेयहान तक पहुंचाया जाएगा। इससे इराक को एक दुर्लभ वैकल्पिक रास्ता मिल जाएगा जिससे वह कच्चे तेल का दुनिया को निर्यात कर सकेगा।



होर्मुज के रास्ते कच्चा तेल लेकर आता भारतीय जहाज 'ग्रीन आशा' फाइल फोटो

### भारतीय तेल आयात में इराक की हिस्सेदारी 24%

*इराक ने सीरिया के रास्ते से भी तेल निर्यात करने को मंजूरी दी है। इराक ने 33 डॉलर प्रति बैरल का डिस्काउंट भी ऑफर कर दिया है। इराक से भारी मात्रा में भारत भी तेल लेता है। इस छूट से भारत को भी फायदा हो सकता है। भारत के कुल आयात का 21 से 24 फीसदी हिस्सा इराकी तेल का होता है।*

### यूएई की पाइपलाइन का 50 प्रतिशत काम पूरा

*यूएई की द अबूधाबी नैशनल ऑयल कंपनी एक पाइपलाइन पर काम कर रही है जो पश्चिमी तेल क्षेत्र को फुजैरा पोर्ट को जोड़ेगी जो ओमान की खाड़ी में है। यह पाइपलाइन 2027 में बनकर तैयार हो जाएगी। यूएई के पास पहले ही एक पाइपलाइन है जो प्रतिदिन 15 मिलियन से लेकर 18 मिलियन बैरल प्रतिदिन तेल की आपूर्ति करती है। नई पाइपलाइन तेल के निर्यात को दोगुना कर देगी। इस नई पाइपलाइन का 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है।*

### ट्रंप का आरोपः डेमोक्रेट्स देश को नुकसान पहुंचा रहे

प्रस्ताव पारित होने के बाद ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर आरोप लगाया कि वे देश को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि चार खराब रिपब्लिकन और सभी डेमोक्रेट्स ने मिलकर मेरी युद्ध शक्तियों को सीमित करने के लिए वोट किया। ऐसा देशविरोधी काम कौन करेगा। उन्हें पता है कि वार्ता किस स्थिति में है। डेमोक्रेट्स ट्रंप के खिलाफ अत्यधिक विरोध की भावना से प्रेरित हैं। वे देश को असफल होते देखना पसंद करेंगे, बजाय इसके कि मुझे एक और जीत मिल जाए। वे चार रिपब्लिकन एक अलग कहानी हैं- वे सिर्फ दिखावा करने वाले हैं। उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए।

### अब राष्ट्रपति ट्रंप को लेनी होगी मंजूरी



**ईरान से युद्ध को सीमित करने वाला प्रस्ताव पारित**

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को राष्ट्रपति की युद्ध शक्तियों को सीमित करने वाला एक प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई समाप्त करने और भविष्य में ईरान के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई से पहले अमेरिकी संसद की मंजूरी लेने की मांग की गई है। यह पहली बार है जब प्रतिनिधि सभा ने इस तरह का प्रस्ताव पारित किया है। प्रतिनिधि सभा में यह प्रस्ताव 215 के मुकाबले 208 मतों से पारित हुआ। चार रिपब्लिकन सांसदों ने डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों के साथ मिलकर इसके पक्ष में मतदान किया।

### हमले में एक भारतीय की मौत के अलावा घायलों की संख्या 10 के पार पहुंचने का है अनुमान

## कुवैत हवाईअड्डे पर हमले में हुई भारतीय की मौत के बाद राजदूत ने किया अस्पतालों का दौरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में युद्ध के बीच कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ईरान द्वारा किए गए ड्रोन हमले में हुई 1 भारतीय नागरिक की मौत के बाद भारतीय राजदूत परमिता त्रिपाठी ने शवगृह और अस्पतालों का दौरा किया है। यह वह शवगृह है, जहां हमले में मारे गए भारतीय का शव रखा गया है। इसके अलावा अस्पतालों में देश के घायल हुए लोग उपचार के लिए भर्ती कराए गए हैं। त्रिपाठी ने अस्पतालों में घायल भारतीयों से मुलाकात की और उन्हें हर जरूरी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। यह जानकारी कुवैत में भारतीय दूतावास ने बीते बुधवार देर रात एक्स पर की गई एक पोस्ट के जरिए दी है। जिसमें यह भी कहा गया है कि हम मृतक के शव को जल्द से जल्द स्वदेश भेजने के लिए कुवैत के अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। ईरान के इस हमले में घायलों का आंकड़ा 60 से अधिक बताया जा रहा है।

### सुरक्षित हैं घायल भारतीय नागरिक

विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इस हमले में जहां एक भारतीय की मौत हुई है। वहीं, घायलों की संख्या 10 के ऊपर हो सकती है। लेकिन फिलहाल सभी सुरक्षित हैं और उनका कुवैत के स्थानीय अस्पतालों में इलाज चल रहा है। भारत की राजदूत ने शवगृह, अस्पतालों का दौरा करते वक्त कुवैत के अपराध साक्ष्य विभाग के महाप्रबंधक ब्रिगेडियर अब्दुलरहीम अल अवधी से भी मुलाकात की। साथ ही कुवैत के अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई त्वरित और संवेदनशील सहायता के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि इस साल 28 फरवरी को अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच शुरू हुए इस युद्ध में अब तक कुल करीब 9 भारतीयों की मौत हो चुकी है। जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

### बातचीत-कूटनीति से निकलेगा समाधान

भारत सरकार का कहना है कि क्षेत्र में बड़ी तादाद में रह रहे देश के लोगों की सुरक्षा और कल्याण उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर मामले पर खाड़ी के अलावा दुनियाभर के नेताओं के साथ हुई बातचीत में इस तथ्य का मजबूती के साथ उल्लेख कर रहे हैं। वहीं, होर्मुज व अन्य वैश्विक जलमार्गों में निर्बाध और सुरक्षित आवाजाही को बनाए रखने के पक्ष में भारत मजबूती से खड़ा है। उसका ये भी कहना है कि बातचीत और कूटनीति के जरिए ही इस समस्या का समाधान निकाला जा सकता है।

### 'सिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस 2026' में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले

## भारत बना वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद देश की विकासगाथा में दुनिया जता रही भरोसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि दुनिया भर का दीर्घकालिक निवेश अब तेजी से भारत की



ओर रुख कर रहा है। मुंबई में आयोजित 'सिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस 2026' को वर्चुअली संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हाल ही में न्यूयॉर्क और टोरंटो के प्रमुख निवेशकों के साथ हुई उनकी बैठकों में हर चर्चा ने भारत की भविष्य की विकास यात्रा पर भरोसे को और मजबूत किया। उन्होंने कहा कि अब निवेशकों के सामने सवाल यह नहीं है कि भारत में निवेश करना है या नहीं, बल्कि यह है कि वे भारत की विकास गाथा को कितनी जल्दी पहचानते हैं और उसमें कितनी तेजी से भागीदारी करते हैं।

### हर संकट को अवसर में बदला

गोयल ने कहा कि भारत ने हर संकट को अवसर में बदलने का काम किया है। देश ने बदलते भू-राजनीतिक और आर्थिक हालात के अनुरूप अपनी प्रक्रियाओं और कारोबारी रणनीतियों को ढाला है, जबकि व्यापार, विनिर्माण, निवेश और उद्योग के लिए आकर्षक गंतव्य बना हुआ है। उन्होंने भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर मिले सकारात्मक संकेतों और पेंशन फंड, बीमा कंपनियों तथा अन्य संस्थागत निवेशकों की मजबूत रुचि का उल्लेख किया। गोयल ने कहा कि भारत को दुनिया का सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्य बताया।

### भारत ने सहयोग के लिए जताई प्रतिबद्ध

## यूएनएससी में 5 नए गैर-स्थायी सदस्यों का चयन, जर्मनी बाहर



राजदूत पी. हरीश

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ऑस्ट्रिया, किर्गिस्तान, पुर्तगाल, त्रिनिदाद और टोबैगो, तथा जिम्बाब्वे को 2027-28 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में चुना है। भारत के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने इन देशों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में इनके साथ करीबी सहयोग होगा।

बता दें कि गोपनीय मतदान के माध्यम से चुने गए इन सदस्य देशों का कार्यकाल 1 जनवरी 2027 से 31 दिसंबर 2028 तक रहेगा। बुधवार देर रात हुए इस चुनाव में 193 सदस्यीय महासभा ने पांच नए गैर-स्थायी सदस्यों का चुनाव किया गया। बता दें, 2026 के अंत में डेनमार्क, ग्रीस, पाकिस्तान, पनामा और सोमालिया की जगह लेंगे। किर्गिस्तान पहली बार सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में शामिल होगा।

### अरुणाचल को अपना हिस्सा बताने पर सीएम खांडू की चीन को दो टूक

## यह 1962 वाला दौर नहीं, 2026 विकसित भारत का युग

एजेंसी ▶▶ ईटानगर

चीन बार-बार अरुणाचल प्रदेश को अपना



सीएम पेमा खांडू

हिस्सा बताता है। यहां तक कि अरुणाचल प्रदेश के कई जगहों के नाम भी खुद बदलता रहता है। एक बार फिर जब उसने यह हिमाकत की तो अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने दो टूक शब्दों में कहा कि चीन कौन होता है, हमारे बारे में बात करने वाला। हमारा सीमा चीन से नहीं बल्कि तिब्बत से लगती है।

### ये भी बोले सीएम

हमारी सीमा चीन से नहीं तिब्बत से लगती

हम चीन के दावों को गंभीरता से नहीं लेते

### सीमावर्ती इलाकों में जबरदस्त काम हुआ

पेमा खांडू ने सीमावर्ती इलाकों में हुए काम की तारीफ करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को जिस तरह से बढ़ावा दिया है, उससे ये क्षेत्र अत्यधिक सुलभ हो गए हैं। अब ऐसी सुविधाएं हो गई हैं, जब हमारी फौज को तुरंत मदद मिल सकती है। फौज तुरंत एक्शन ले सकती है। रही बात चीन के दावे की तो यह हमारे लिए कोई नई बात नहीं है और हम इस तरह के दावों की परवाह नहीं करते। हम इसे गंभीरता से नहीं लेते।

### अरुणाचल बेहद सुरक्षित

सीएम खांडू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश बेहद सुरक्षित है, और हमारी सीमा चीन से नहीं, बल्कि तिब्बत से लगती है। यह 1962 वाला दौर नहीं है। उस दौर के इंफ्रास्ट्रक्चर की तुलना आज के इंफ्रास्ट्रक्चर से करना सरासर गलत है। यह 2026 का युग है- नए भारत और विकसित भारत का युग। आजकल, हमारे सभी सीमा इलाकों में कश्मीर क्षेत्र से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक, मैं विशेष रूप से सभी उत्तरी सीमाओं की बात कर रहा हूं, जबरदस्त काम हुआ है।

### *अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग*

*पेमा खांडू न कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। बता दें, बीजिंग अरुणाचल प्रदेश को जांगनान यानी दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है और दावा करता है कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से तिब्बत से जुड़ा रहा है। अप्रैल 2026 में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के भीतर स्थित कई पहाड़ों, दर्रों, नदियों और बस्तियों को नए चीनी नाम दिए।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109